RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 231
नई दिल्ली, मंगलवार, 27 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




मादक पदार्थों को जड़ से खत्म करेगी सरकार

राष्ट्रीय-11

# बाढ़-भूस्खलन से पहाड़ों में फंसे सैकड़ों पर्यटक

● देशभर में छाया मानसून, गर्मी से मिली राहत लेकिन बिजली गिरने से राजस्थान में चार मौतें, हिमाचल व कश्मीर में प्रमुख सड़कें अवरुद्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



हिमाचल प्रदेश के मंडी में भूस्खलन के चलते सड़कों पर लगा जाम और फंसे पर्यटक

**देशभर** में मानसून छा गया है। उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम तक खूब वर्षा हो रही है। इस दौरान राजस्थान में बिजली गिरने की घटनाओं में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बाढ़ और भूस्खलन के कारण पर्यटकों समेत सैकड़ों यात्री जहां-तहां फंस गए हैं। अत्यधिक वर्षा से हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है। इससे पर्यटकों सहित सैकड़ों यात्री फंस गए हैं। राज्य में कुल 301 सड़कें बंद हैं और 140 बिजली ट्रांसफार्मर ठप हो गए हैं। खोतिनाला के पास अचानक बाढ़ आने से अनेक यात्री रविवार शाम से फंसे हुए हैं। वैकल्पिक मंडी-कुल्लू मार्ग, जो पहले भूस्खलन के कारण अवरुद्ध था, लगभग 20 घंटों के बाद छोटे वाहनों के लिए खोला गया है। फंसे हुए यात्रियों को सड़क पूरी तरह खुलने तक मंडी की ओर न जाने की सलाह दी गई है। राज्य के लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि मौसम की स्थिति के आधार पर 301 अवरुद्ध सड़कों में से 180 को सोमवार शाम तक, 15 को मंगलवार तक और शेष सड़कों को 30 जून तक दोबारा खोल दिया जाएगा। सड़कों को साफ करने के लिए लगभग 390 अर्थ मूवर्स और भारी मशीनरी तैनात की गई है।

इसी प्रकार सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे से पिछले 24 घंटे के दौरान जम्मू में 41.2 मिलीमीटर बारिश हुई है। जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ। इससे कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से हर मौसम में जोड़ने वाले 250 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग समेत कई अन्य महत्वपूर्ण सड़कें अवरुद्ध हो गईं। हालांकि, बाद में फंसे हुए वाहनों को किसी तरह निकाला गया और एक तरफा यातायात चालू किया गया।

देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह 8.30 बजे तक पिछले 24 घंटों में औसतन 2 मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश के कारण मौसम काफी सुहाना हो गया और दिनभर बादल छाए रहे। मंगलवार के लिए अलर्ट जारी किया गया है। बीते 24 घंटों में हरियाणा के रोहतक में 96.3 मिमी बारिश हुई। वहीं नारनौल में 24 मिमी, करनाल में 22.1 मिमी, कुरुक्षेत्र में 19.5 मिमी, गुरुग्राम में 9.5 मिमी, अम्बाला में 7.4 मिलीमीटर, सिरसा में 4.9 मिलीमीटर और भिवानी में 1.7 मिलीमीटर बारिश हुई। पंजाब के अमृतसर में सबसे अधिक 113.2 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके बाद गुरदासपुर में 26.7 मिमी, फरीदकोट में 24.8 मिमी, फिरोजपुर में 16 मिमी और पठानकोट में 14.1 मिमी बारिश हुई। मानसून की पहली बारिश ने राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में बिजली गिरने से चार लोगों की जान ले ली और चार अन्य घायल हो गए। पाली जिले में बिजली गिरने से दिनेश (21) की मौत हो गई, जबकि बारां के पटपड़ी में दो चचेरे भाई हरिराम (46) और कमल (32) की जान चली गई। चित्तौड़गढ़ में 10 साल की एक बच्ची की भी मौत हो गई। (शेष पेज 9)

## देश के 80 प्रतिशत भाग में आ गया मानसून

**मौसम विभाग** के वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार के अनुसार इस समय मानसून ने देश के लगभग 80 प्रतिशत हिस्से को कवर कर लिया है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा से आगे बढ़ते हुए दक्षिण-पश्चिम मानसून अब गुजरात, पंजाब, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर तक पहुंच गया है। पिछले 62 वर्षों में पहली बार ऐसा हुआ है कि मानसून ने दिल्ली और मुंबई में एक साथ दस्तक दी है। इससे पहले 21 जून, 1961 को इन दोनों शहरों में एक साथ मानसून के बादल बरसे थे। अमूमन मुंबई में मानसून आने की तारीख 11 और दिल्ली में 27 जून है। विशेष यह कि इस साल बारिश के बादलों ने एक असामान्य मार्ग अपनाया है। इसके परिणामस्वरूप पूरे देश को कवर करने से पहले कई पश्चिमी राज्यों में वर्षा देर से हुई।

# दिल्ली में 10% तक बिजली महंगी

● डीईआरसी ने दी मंजूरी, 23 जून से नई दरें हुईं लागू, 200 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्तओं पर नहीं पड़ेगा असर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में अब बिजली महंगी हो गई है। बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) की बिजली खरीद की ऊंची लागत के आधार पर टैरिफ बढ़ाने की याचिका को स्वीकार करते हुए दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) ने 22 जून के अपने आदेश में बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल) को प्रचलित उच्च दर पर 9.42 रुपये, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) 6.39 प्रतिशत और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) को अगले नौ महीनों (जुलाई 2023 से मार्च 2024 तक) के लिए 2 प्रतिशत शुल्क वसूलने की अनुमति दी है। नई दरें 23 जून से लागू हो गई हैं। बढ़ोतरी का असर उन उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा, जिनकी बिजली खपत 200 यूनिट या उससे कम है।

बिजली दरों में बदलाव से दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, ट्रांस-यमुना क्षेत्र, पुरानी दिल्ली और नई दिल्ली में रहने वाले उपभोक्ता प्रभावित होंगे। नया शुल्क इन क्षेत्रों के लिए पहले से लागू पीपीएसी (पावर परचेज एग्रीमेंट कॉस्ट) के अतिरिक्त होगा, जो एनडीएमसी के लिए 28 प्रतिशत, बीआरपीएल के लिए 20.69 प्रतिशत और बीवाईपीएल के लिए 22.18 प्रतिशत है। उन क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं के लिए राहत होगी, जहां टीपीडीडीएल (टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लि. पहले एनडीपीएल) बिजली वितरित करती है। उनके लिए शुल्क में कोई वृद्धि नहीं होगी। टीपीडीडीएल उत्तरी और उत्तर पश्चिमी दिल्ली में बिजली वितरित करती है। बिजली मंत्री आतिशी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि डीईआरसी के ताजा आर्डर के बाद डिस्कॉम कंपनी टाटा पॉवर का पीपीएसी 1.49 प्रतिशत बढ़ा है यानी इस महीने जिनके घरों में टाटा पॉवर से बिजली आती है, उनके पिछले महीने और इस महीने के बिल में 1.2 प्रतिशत की बढोतरी होगी। वहीं बीवाईपीएल (राजधानी पॉवर) का पीपीएसी 6.39 प्रतिशत बढ़ा है। इस कारण इसके उपभोक्ताओ का जून और जुलाई का बिल 5.3 प्रतिशत बढेगा। बीवाईपीएल (यमुना पॉवर) का पीपीएसी 9.42 प्रतिशत बढ़ा है। इससे जून और जुलाई के बिल में 7.7 प्रतिशत की बढोतरी होगी।

## तीन साल से लगातार बढ़ रहीं बिजली दरें

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार मुफ्त या कम दरों पर बिजली उपलब्ध करा रही है, लेकिन पिछले तीन साल से पिछले दरवाजे से बिजली के दाम लगातार बढ़ भी रहे हैं। इस दौरान पीपीएसी को 27 से बढ़ाकर 31 प्रतिशत कर दिया गया है। इस बीच बिजली की बढ़ी हुई दरों को लेकर बिजली मंत्री आतिशी ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली विद्युत नियामक आयोग ने एक आदेश जारी कर बिजली कंपनी का पावर परचेस एग्रीमेंट कॉस्ट (पीपीएसी ) बढ़ाया है। दिल्ली वालों को पता होना चाहिए कि पीपीएसी क्या होता है और उनके बिल पर इसका क्या असर पड़ेगा। आतिशी ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के कुप्रबंधन के कारण दिल्ली को मिलने वाली बिजली महंगी हो गई है और इस वजह से उपभोक्ताओं को अधिक बिल चुकाना पड़ेगा। दिल्ली में बिजली खरीद समायोजन लागत (पीपीएसी) में आठ प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है। हर तीन महीने पर इस दर को संशोधित किया जाता है और तात्कालिक समय में बिजली उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले कोयले एवं गैस की दरों के आधार पर बिजली दरों को घटाया या बढ़ाया जाता है। दिल्ली में वर्तमान में 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलती है। इसके बाद 201 से 400 यूनिट तक की खपत करने वाले उपभोक्ताओं को बिजली के बिल पर 50 फीसदी की छूट मिलती है।

# पटना की बैठक के बाद कांग्रेस सीपीआईएम पर बरसीं ममता



● दोनों दलों को बताया भाजपा की बी टीम, बंगाल में तृणमूल को हराने के लिए साजिश रचने का लगाया आरोप

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**पटना** में विपक्षी दलों की बैठक में भाग लेने के कुछ दिनों बाद तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कांग्रेस और सीपीआई (एम) पर तीखा हमला बोला है। ममता ने दोनों दलों पर भाजपा की बी टीम होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वे उनकी पार्टी को हराने के लिए भगवा दल के साथ साजिश रच रहे हैं। आगामी पंचायत चुनावों के महत्व पर जोर देते हुए बनर्जी ने ऐलान किया कि भाजपा संसदीय चुनाव हार जाएगी। हम उसे केंद्र में हराकर एक विकासोन्मुख सरकार बनाएंगे। उन्होंने कांग्रेस और सीपीआई (एम) पर विरोधाभासी कार्य करने का आरोप लगाया और कहा कि दिल्ली में कांग्रेस और सीपीआई (एम) नरेंद्र मोदी सरकार से लड़ने के लिए हमारे साथ हाथ मिला रहे हैं, लेकिन बंगाल में हमें हराने के लिए वे सब भाजपा के साथ मिलकर साजिश रच रहे हैं। ममता ने कहा कि हम इन साजिशों को कामयाब नहीं होने देंगे। बनर्जी की विपक्षी दलों की कड़ी आलोचना ऐसे समय आई है जब राज्य में हिंसा का दौर जारी है और पिछले 16 दिनों में चुनाव संबंधी हिंसा में 10 लोगों की जान जा चुकी है। सोमवार को मुर्शिदाबाद जिले के डोमकल में वाम मोर्चा के साथ झड़प के दौरान टीएमसी के चार लोग गोली लगने से घायल हो गए हैं। (शेष पेज 9)

# भारत-अमेरिका की मित्रता विश्व में सबसे महत्वपूर्ण : बाइडन

● कहा, दोनों देशों के बीच संबंध पहले से कहीं अधिक जीवंत हैं

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति की बात से सहमति व्यक्त की

**भाषा।** वाशिंगटन





**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि अमेरिका और भारत की दोस्ती दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण है और द्विपक्षीय संबंध पहले से कहीं अधिक जीवंत हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के दौरान अमेरिका और भारत के अपनी रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी को और बढ़ाने के लिए कई प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर करने के बाद बाइडन ने यह बयान दिया। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर 21 से 24 जून तक अमेरिका की राजकीय यात्रा पर थे। यात्रा में उन्होंने राष्ट्रपति बाइडन के साथ कई मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। वह दो बार कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने वाले पहले भारतीय नेता हैं।

बाइडन दंपति ने उनके लिए राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी की, जिसमें प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रमुखों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ), उद्यमियों और अधिकारियों सहित करीब 500 लोगों ने शिरकत की थी। बाइडन ने रविवार को ट्वीट किया, अमेरिका और भारत के बीच की दोस्ती दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक है। यह पहले से कहीं अधिक मजबूत, गहरी और जीवंत है। प्रधानमंत्री मोदी ने बाइडन के ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा, राष्ट्रपति जो बाइडन, मैं आपकी बात से पूरी तरह से सहमत हूं। हमारे देशों की दोस्ती वैश्विक हित में है। इससे हमारी धरती और बेहतर तथा अधिक टिकाऊ बनेगी। मेरी हाल की यात्रा में जिन मुद्दों पर चर्चा की गई है, उससे हमारे संबंध और मजबूत होंगे।

व्हाइट हाउस ने अपने साप्ताहिक ईमेल में कहा, प्रधानमंत्री मोदी की राजकीय यात्रा ने अमेरिका और भारत के बीच गहरी तथा करीबी साझेदारी की पुष्टि की। इसमें स्वतंत्र, मुक्त, समृद्ध और सुरक्षित हिंद-प्रशांत की साझा प्रतिबद्धता को दोहराया गया और रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा तथा अंतरिक्ष सहित उनकी रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी को बढ़ाने के साझा प्रयासों पर भी चर्चा की गई। व्हाइट हाउस के अनुसार, दोनों नेताओं ने अमेरिका और भारत के शैक्षिक आदान-प्रदान, लोगों से लोगों के बीच संबंधों के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन से लेकर कार्यबल विकास और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसी आम चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने के तरीकों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका ने रक्षा, अंतरिक्ष और व्यापार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए कई प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए। दूसरी ओर चीन ने सोमवार को कहा कि देशों के बीच सहयोग से न तो क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता को कमजोर किया जाना चाहिए, और न ही किसी तीसरे पक्ष को निशाना बनाया जाना चाहिए। चीन की यह प्रतिक्रिया भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में हुए विभिन्न रक्षा और वाणिज्यिक समझौतों के परिप्रेक्ष्य में आई है।

# तेलंगाना में बीआरएस के कई नेता कांग्रेस में शामिल

**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्व सांसद** पी श्रीनिवास रेड्डी और तेलंगाना सरकार के पूर्व मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव समेत प्रदेश के 35 नेताओं ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात कर पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। इन नेताओं ने सोमवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में खरगे और राहुल गांधी से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पार्टी के तेलंगाना प्रभारी माणिकराव ठाकरे और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी मौजूद थे। ये नेता अगले महीने तेलंगाना में औपचारिक रूप से शामिल होंगे। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने इन नेताओं की मौजूदगी में संवाददाताओं से कहा, पूरे देश में बदलाव की हवा महसूस हो रही है।

यह बदलाव की हवा भारत जोड़ो यात्रा से शुरू हुई, जिसका असर आपने कर्नाटक में देखा।आज तेलंगाना के कई महत्वपूर्ण नेता कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहे हैं और इन सभी ने पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर लंबी वार्ता की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने संवाददाताओं से कहा, ए सभी नेता यहां खरगे जी और राहुल जी से मिले हैं। हम लोग बीआरएस को हराने के लिए मिलकर काम करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया, तेलंगाना में भाजपा और बीआरएस के बीच गठबंधन है, जो फेविकोल के जोड़ की तरह है। इन नेताओं में श्रीनिवास रेड्डी और कृष्ण राव प्रमुख हैं। रेड्डी खम्मम से लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। कृष्ण राव तेलंगाना की के. चंद्रशेखर राव सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री रह चुके हैं। इन दोनों नेताओं को कुछ महीने पहले पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में भारत राष्ट्र समिति से निलंबित कर दिया गया था।

## क्विक न्यूज

### चार्जशीट की कॉपी के लिए कोर्ट पहुंचीं महिला पहलवान

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली महिला पहलवानों ने उनके खिलाफ दायर आरोपपत्र की प्रति मांगने के लिए सोमवार को दिल्ली की एक अदालत का रुख किया। पुलिस ने भाजपा सांसद सिंह के खिलाफ 15 जून को भादंवि की धारा 354, 354 ए, 354-डी और 506 के तहत आरोपपत्र दाखिल किया था। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने शिकायतकर्ताओं के वकील को अदालत की प्रतिलिपि इकाई में प्रमाणित प्रति के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया। एसीएमएम कल आरोपपत्र पर विचार करने वाले हैं। आरोप पत्र में डब्ल्यूएफआई के निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर का भी नाम भादंवि धारा 109 (किसी भी अपराध के लिए उकसाना, यदि उकसाया गया कार्य परिणामस्वरूप किया गया हो, और जहां इसके लिए कोई स्पष्ट प्रावधान नही किया गया है)। धारा 354, 354-ए और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत अपराध के लिए नामित किया गया है।

## विशेष सहायता योजना के तहत 16 राज्यों को 56,415 करोड़ रुपए की राशि जारी

**भाषा।** नई दिल्ली

**वित्त मंत्रालय** ने बजट में घोषित विशेष सहायता योजना के तहत चालू वित्त वर्ष में 16 राज्यों के लिए 56,415 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में राज्यों के स्तर पर पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने के लिए पूंजीगत निवेश को लेकर राज्यों को विशेष सहायता योजना की घोषणा की गई थी। इस योजना के तहत राज्यों को वित्त वर्ष 2023-24 में 1.3 लाख करोड़ रुपए तक की राशि 50 साल के ब्याज-मुक्त ऋण के रूप में दी जा रही है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि व्यय विभाग ने चालू वित्त वर्ष में इस योजना के तहत 16 राज्यों को 56,415 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, जल आपूर्ति, बिजली, सड़क, पुल और रेलवे सहित विभिन्न क्षेत्रों में पूंजी निवेश परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। (शेष पेज 9)

# बौद्ध सर्किट की तरह बनेगा अशोक सर्किट

● सरकार कर रही विचार, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा ● पर्यटन पर नीति आयोग की रिपोर्ट में देशभर में बिखरे शिलालेखों वाले स्थानों को किया गया चिन्हित

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली



**भारत** के पर्यटन मानचित्र पर विशेष स्थान रखने वाले अशोक की चट्टान और स्तंभ शिलालेखों को विश्व पटल पर और बेहतर तरीके से दर्शाने के लिए केंद्र सरकार सक्रिय रूप से काम कर रही है। इसके लिए बौद्ध सर्किट की तर्ज पर एक एकीकृत अशोक सर्किट बनाने पर विचार चल रहा है। इस पहल का उद्देश्य इन शिलालेखों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को प्रदर्शित करना है। नीति आयोग की पर्यटन पर एक हालिया रिपोर्ट में कई ऐसे स्थानों को चिन्हित किया है जहां ये शिलालेख बिखरे हुए हैं। इनमें गुजरात में गिरनार, महाराष्ट्र में सोपारा, कर्नाटक में सन्नती, आंध्र प्रदेश में येरागुडी और ओडिशा में धौली एवं जौगड़ा शामिल हैं। दिल्ली, मेरठ, टोपरा, वैशाली, रामपुरवा और बिहार के लौरिया-नंदनगढ़ में भी प्रसिद्ध अशोक स्तंभ शिलालेख देखे जा सकते हैं।

गौतम बुद्ध ने लगभग 2,500 साल पहले भारत में बौद्ध धर्म की स्थापना की थी। इसलिए इसे बुद्ध की भूमि भी कहा जाता है। मौर्य राजाओं, गुप्त शासकों और सातवाहन शासकों के शासनकाल के दौरान पूरे भारत में शानदार बौद्ध स्तूप, विहार, चैत्य, स्तंभ और शिलालेखों की एक श्रृंखला बनाई गई थी। आज दुनियाभर में बौद्ध धर्म को मानने वालों की संख्या लगभग 500 मिलियन है और यह विश्व का चौथा सबसे बड़ा धर्म माना जाता है। अशोक के शिलालेखों को प्रदर्शित करने वाला एकीकृत सर्किट तैयार कर भारत अपनी समृद्ध बौद्ध विरासत को दुनिया के सामने रखकर अपनी गहन सांस्कृतिक टेपेस्ट्री से पर्यटकों को लुभाना चाहता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के एक पुरातत्वविद् ने 'बुद्ध की भूमि में आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना' शीर्षक वाली रिपोर्ट में किए गए प्रस्ताव का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी साइट पड़ोसी देशों के बौद्ध भिक्षुओं सहित पर्यटकों को बहुत आकर्षित करेगी। यही कारण है कि हमने दक्षिण दिल्ली में कैलाश हिल्स के पास स्थित अशोक शिलालेख स्थल को सजाने-संवारने का फैसला किया है। सर्वेक्षण के अनुसार, यह शिलालेख 273-236 ईसा पूर्व का है, जिसे 1966 में खोजा गया था।

यह तीन शिलालेखों में से एक है, जिसमें मौर्य सम्राट अशोक द्वारा निर्मित भगवान बुद्ध की शिक्षाएं शामिल हैं। फिरोज शाह कोटला में स्थापित दिल्ली टोपरा स्तंभ, और हिंदू राव अस्पताल के पास कमला नेहरू रिज में अशोक स्तंभ अन्य शिलालेख हैं। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के एक अधिकारी ने इस बात पर सहमति जताई कि ऐसे स्थल न केवल ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के हैं, बल्कि इनमें पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं। इस बीच, पुरातत्वविद् ने बताया कि अशोक के शिलालेख स्तंभों, शिलाखंडों और गुफाओं की दीवारों पर तीस से अधिक शिलालेखों का एक संग्रह है, जिसका श्रेय 268 ईसा पूर्व से 232 ईसा पूर्व तक शासन करने वाले मौर्य साम्राज्य के सम्राट अशोक को जाता है। ओडिशा के गंजम जिले में 260 ईसा पूर्व के ऐतिहासिक स्मारक अशोक का शिलालेख है, जिस पर मौर्य शासनकर्ताओं के लिए सम्राट के निर्देश अंकित हैं। इनमें मौर्य राजा की प्रसिद्ध घोषणा- 'सभी लोग मेरे बच्चे हैं', भी हैं। इन शिलालेखों का संरक्षण किया जाना बाकी है। शिलालेखों में अशोक का प्रसिद्ध सिद्धांत कि 'प्रेम से मिली विजय तलवार से मिलने वाली विजय से अधिक महत्वपूर्ण है' भी शामिल है। यह शिलालेख रुशिकुल्या नदी के तट के पास एक पुराने किले में चट्टान पर तीन अलग-अलग तालिकाओं पर उकेरा गया है। वर्तमान में, देश भर में पवित्र बौद्ध स्थलों के एकीकृत विकास को बढ़ावा देने के लिए बौद्ध सर्किट कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके लिए आंध्र प्रदेश, गुजरात, मप्र, उप्र, ओडिशा और बिहार में बौद्ध सर्किट की पहचान की गई है।

# जेवर से चोला तक बनेंगे दो एक्सप्रेसवे, रेललाइन

## यमुना प्राधिकरण बोर्ड बैठक में लिए फैसले, लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग स्थापित होंगे

● प्राधिकरण में जोड़े गए 55 गांवों की जमीन पर विकास योजना उतारने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर एयरपोर्ट से चोला तक दो नये एक्सप्रेसवे बनाए जाएंगे। दोनों एक्सप्रेसवे के बीच करीब ढाई किमी की दूरी रहेगी। ये एक्सप्रेसवे 75 मीटर चौड़े होंगे। इनके बीच में लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग के सेक्टर विकसित किए जाएंगे। साथ ही जेवर एयरपोर्ट से चोला तक रेलमार्ग भी बनाया जाएगा। चोला रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाने की योजना है। इससे यह इलाका दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग से जुड़ जाएगा।

यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक सोमवार को चेयरमैन नरेंद्र भूषण की अध्यक्षता में हुई। इसमें नये एक्सप्रेसवे और रेलमार्ग के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई। जेवर एयरपोर्ट को बेहतर कनेक्टिविटी देने के साथ ही बुलंदशहर के यमुना प्राधिकरण में जोड़े गए 55 गांवों की जमीन पर विकास योजना उतारने के लिए यह प्रस्ताव तैयार किया गया।

प्राधिकरण के मास्टर प्लान-2041 में ये गांव जोड़ दिए गए। संशोधित मास्टर प्लान बोर्ड बैठक में रखा गया। इसमें ही यह नया प्रस्ताव भी शामिल है।

यमुना प्राधिकरण जेवर से चोला तक रेललाइन का प्रस्ताव रखा। चोला रेलवे स्टेशन दिल्ली.हावड़ा रेलमार्ग पर है। यह रेललाइन प्रस्तावित आर्बिट रेल के साथ.साथ बिछाई जाएगी। यह करीब 20 किलोमीटर का कॉरिडोर होगा। इसके बनने से यह इलाका दिल्ली.हावड़ा रेलमार्ग और डीएफसीसी से जुड़ जाएगा। इससे इस इलाके लॉजिस्टिक एवं वेयर हाउसिंग उद्योग को फायदा मिलेगा। बोर्ड ने इस पर मुहर लगा दी है। यह प्रस्ताव रेल मंत्रालय को पहले भेजा जा चुका है। चोला रेलवे स्टेशन छोटा है। इसे भी बड़ा जंक्शन करने का प्रस्ताव है। ताकि दिल्ली से जेवर तक शताब्दी, वंदे भारत जैसी सुपरफास्ट ट्रेनें चलाई जा सकें। बुलंदशहर के शामिल किए गए 55 गांवों की जमीन का विकास योजनाएं बनाने के लिए दो नये एक्सप्रेसवे के बनाने की सैद्धांतिक सहमति हो चुकी है। एक एक्सप्रेसवे के प्रस्तावित रेलमार्ग के किनारे.किनारे जाएगा। यह करीब 20 किमी होगा।

जबकि दूसरा एक्सप्रेसवे भी जेवर से चोला तक बनेगा। यह करीब 16 किमी होगा। दोनों के बीच की दूरी करीब ढाई किमी होगी। यमुना प्राधिकरण की योजना है कि दोनों एक्सप्रेसवे के बीच में जो जमीन है, उसमें लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग के सेक्टर विकसित किए जाएं। यह इलाका सड़क, हवाई और रेलमार्ग से जुड़ जाएगा। जो इस उद्योग के लिए संजीवनी है। इसके अलावा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में जो जमीन बची है, उस पर अतिक्रमण रोकने के लिए योजना बनाई जाएगी।



नोएडा में सोमवार को चेयरमैन नरेंद्र भूषण की अध्यक्षता में हुई यमुना प्राधिकरण बोर्ड की बैठक कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में अधिकारी भी मौजूद थे।

### एक मुश्त समाधान पॉलिसी योजना फिर लाएंगे : प्राधिकरण

**नोएडा।** प्राधिकरण द्वारा एक मुश्त समाधान पॉलिसी योजना पुनः लाये जाने के सम्बन्ध में प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में डिफाल्टर की संख्या एवं डिफाल्ट धनराषि को कम करने के लिए प्राधिकरण द्वारा आवंटियों की मांग पर चौथी बार पुनः ओटीएस योजना लायी गयी है।

प्राधिकरण में वर्तमान में समस्त योजनाओं में अभी भी लगभग 9812 डिफाल्ट आवंटी अवशेष है जिन पर लगभग 4439 करोड़ से अधिक की डिफाल्ट धनराशि है। प्राधिकरण की ओटीएस योजना एक अगस्त से एक माह के लिए लायी जाएगी। जिसमें डिफाल्ट राशि व किस्तों के प्रीमियम को मिलाकर कनमे बनाया जाएगा।

## यमुना सिटी में शामिल होगी टप्पल की 1720 एकड़ जमीन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● बोर्ड ने शासन से पूरे क्षेत्र के किसानों को एक समान मुआवजा देने के प्रस्ताव को दी मंजूरी

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने कई बड़े फैसले लिये हैं। इन फैसलों के तहत टप्पल बाजना अर्बन सेंटर की महायोजना के लिए टप्पल की 1720 एकड़ जमीन के अधिग्रहण का फैसला भी शामिल है। प्रस्तावों में सबसे अहम प्रस्ताव यह है कि अलीगढ़ जिले की टप्पल गांव की 1720 एकड़ जमीन अधिग्रहित करके यमुना सिटी में मिलाई जाएगी।

बोर्ड की बैठक में इस बात पर विस्तार से चर्चा हुई कि क्षेत्र के किसान पूरे क्षेत्र में एक समान मुआवजे की मांग कर रहे हैं। इस प्रस्ताव पर विस्तार से विचार.विमर्श करके बोर्ड ने पूरे क्षेत्र का मुआवजा एक समान करने का प्रस्ताव शासन को भेजने के लिए पास कर दिया। संभावना जताई जा रही है कि शासन से जल्द ही हरी झंडी मिलने के बाद पूरे यमुना सिटी में किसानों का मुआवजा एक समान हो जाएगा। मुआवजे की यह राशि 3100 रू0 प्रति वर्ग मीटर के साथ-साथ 7 प्रतिशत आबादी भूखंड व वार्षिक वृद्धि के रूप में होगी।

यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण द्वारा ग्राम रूस्तमपुर, पचोकरा तथा मोहम्मद गुर्जर, अच्छेजा बुजुर्ग, औरंगपुर, अच्छेजापुर, भटटा, अटटा गुजरान, डूंगरपुर, रीलका, खेरली भाव, धनौरी, मंजूखेड़ा, गुनपुरा, फतेहपुर अटटा, दकनौर, जगनपुर अफजलपुर, मिर्जापुर में सुनियोजित विकास के लिए अधिग्रहित भूमि के सापेक्ष प्रस्तुत आबादी संबंधी आपत्तियों के निस्तारण को लिए ग्रामीण आबादी स्थल में लीजबैक की कार्रवाई की गई थी। 17 गांवों में लीजबैक के कुल 205 प्रकरणों को बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया गया। बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव का पुन परीक्षण कर आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

64.07 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा रिट बंच याचिका संख्या 26767/2010 कमल शर्मा व अन्य बनाम उप्र राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक 26.05.2023 के द्वारा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के ग्राम उस्मानपुर, धनौरी, कादरपुर, रूस्तमपुर, डूंगरपुर रीलखा, रामपुर बांगर, पचोकरा व अच्छेजा बुजुर्ग में योजित 80 प्रतिशत से अधिक रिट याचिकायें निरस्त कर दी गई हैं।

उपरोक्त ग्रामों में 80 फीसदी से अधिक रिट याचिकायें वापिस होने के कारण शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुरूप अतिरिक्त प्रतिकर वितरित की कार्यवाही प्रारम्भ की जा रही है।

यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण द्वारा ग्राम फलेंदा बांगर में पूर्व से संचालित गौशाला परिसर में निराश्रित/बेसहारा गौवंश की संख्या में अप्रत्याक्षित वृद्धि के दृष्टिगत परिसर में अतिरिक्त 06 शैड, 02 नग भूसा स्टोर, 01 खल-चोकर स्टोर तथा पहुंच मार्ग का प्राविधान का निर्णय लिया गया है जिस पर 720 लाख रुपये का व्यय अनुमानित है।

उल्लेखनीय है कि गौशाला में रक्षित गौवंश की संख्या 300 के सापेक्ष 575 होने की वजह से यह व्यवस्था की जा रही है। प्राधिकरण क्षेत्र में नियोजित विभिन्न आवासीय, औद्योगिक, संस्थागत आदि सेक्टरों में निर्माण एवं विकास कार्य और जेवर एयरपोर्ट क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस विभाग को प्राधिकरण द्वारा 03 इनोवा तथा 03 बुलेरो वाहन उपलब्ध कराये गये हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 47 दिन बाद भी नहीं चल रहा कारोबारी का पता

**गाजियाबाद।** 11 मई को रहस्यमय हालात में लापता हुए सिहानी निवासी कारोबारी अनिल त्यागी की बरामदगी घटना के 47 दिन बाद भी नहीं हो पाई है। कमिश्नरेट पुलिस कारोबारी को बरामद करना तो दूर अभी तो उसका कोई सुराग भी नहीं लगा पाई है। आज अपहृत कारोबारी अनिल त्यागी के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर न केवल एडिशनल सीपी के कार्यालय पर प्रदर्शन किया बल्कि अनिल त्यागी की जल्द बरामदगी की मांग को लेकर एक ज्ञापन अपर पुलिस आयुक्त को सौंपा।

### शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में हुई एक साथ दो चोरी

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र की डीएलएफ कॉलोनी में बीती रात चोरों ने दो चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। इस संबंध में शालीमार गार्डन थाने के एसओ रविशंकर पाण्डेय ने पूछे जाने पर पूरी जानकारी ना होने की बात कहकर चौकी प्रभारी प्रतीक कुमार से जानकारी लेने के लिये बोल दिया। वहीं जब चौकी प्रभारी प्रतीक कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जिस घर में चोरी हुई है उसके गृहस्वामी का नाम तो उन्हें याद नहीं लेकिन उक्त वारदात की तहरीर थाने को भेज दी है। वहीं एसीपी शालीमार गार्डन ज्ञानप्रकाश राय ने एक ही रात में हुई चोरी की दो.दो वारदातों के बारे में अनभिज्ञता जताते हुए बोला कि वह एसओ से बात कर रहे हैं। बता दें कि बीती रात चोरों ने जहां डीएमएफके एक मकान की छत से अंदर घुसकर वहां से हजारों की नगदी, जेवरात व कीमती सामान चुरा लिया था वहीं आज तडके ठेली पर आये दो चोरों ने नाले में लगी कई ग्रिल चुरा ली। इस घटना की फुटेज भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

### मकान का झांसा देकर महिला से हड़पे 4.5 लाख रुपये

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में निवाड़ी थाने के गांव सुहाना में एक महिला को मकान दिलाने का झांसा देकर साढ़े चार लाख रुपये हड़प लिए गए। विरोध करने पर महिला के पति और पुत्र के साथ मारपीट की गई। दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। गांव सुहाना निवासी अलका ने बताया कि उन्होंने पिछले दिनों मकान खरीदने के लिए गांव निवासी दो व्यक्तियों से संपर्क किया। आरोपियों ने एक मकान दिखाते हुए महिला से साढ़े चार लाख रुपये ले लिए। एक महीने में मकान का बैनामा करना तय हुआ।

### जीडीए में समाधान दिवस का आयोजन

**गाजियाबाद।** जीडीए में आज समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस समाधान दिवस में आवंटियों की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निस्तारण का फैसला लिया जाता है। आज करीब आधा दर्जन ही आवंटियों ने शिकायतें दर्ज कराई थी। दरअसल आवंटियों की समस्याओं को जीडीए जिस तेजी के साथ दूर कर रहा है इसके साथ साथ समस्याएं भी कम होती जा रही है। जब सबसे पहली बार आवंटियों की समस्या का समाधान करने के लिए समाधान दिवस पिछले महीने लगाया गया था तब बड़ी संख्या में आवंटी समाधान दिवस में पहुंचे थे।

### एनआईओएस की दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला

**नोएडा।** राष्ट्रीय मुक्तक विद्यालयी शिक्षा संस्थासन (एनआईओएस) कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग (कोल) के सहयोग से जेंडर ग्रीन टीचर पाठ्यक्रम के रूप में एक अनोखा प्रयोग किया है। इस पाठ्यक्रम के व्यापक प्रसार के लिए देश विदेश की शिक्षक शिक्षा संस्थाओं के विशेषज्ञों के लिए दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 27 एवं 28 जून, 2023 को अपने नोएडा स्थित कार्यालय में कर रहा है। दो दिवसीय इस अंतराष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संजय कुमार, सचिव, स्कूल शिक्षा, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार करेंगे।

## एलिवेटेड रोड पर दो कारों के स्टंट का वीडियो वायरल



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के एलिवेटेड रोड पर दो कारों में सवार युवक.युवती स्टंट कर रहे हैं। एक राहगीर ने वीडियो बनाकर ट्विटर के माध्यम से जानकारी दी है।

पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो प्राप्त हुई है जिसमें एलिवेटेड रोड पर दो कारें चल रही है। वायरल वीडियो में एक कार में एक युवक खिडकी से बाहर निकलकर करतब दिखा रहा है। वहीं दूसरी कार से एक युवक और युवती कार की खिडकी से बाहर निकलता स्टंट कर रहे हैं। दोनों कार में स्टंट कर रहे लोग खुद की वीडियो बना रहे हैं। यह वीडियो देर रात का बताया जा रहा है। दोनों कारों के पीछे चल रहे किसी वाहन चालक ने दोनों कार में स्टंट कर रहे लोगों का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है। वायरल वीडियो के आधार पर यातायात पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्दी कार चालकों खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### प्रताप विहार में स्वास्थ शिविर 200 लोगों की जांच

**गाजियाबाद।** प्रताप विहार की ईडब्ल्यूएस सोसाइटी में श्रमिकों के स्वास्थ जांच के लिए शिविर लगाया। जिसमें दो सौ लोगों ने जांच कराई और निशुल्क दवाइयां भी दी गई। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रियल एस्टेट सेक्टर के प्रमुख संगठन क्रेडाई एनसीआर ने जीडीए के सहयोग से किया गया था। शिविर ईडब्ल्यूएस हाउसिंग प्रोजेक्ट (पीएमएवाई योजना के तहत) में नेत्र जांच शिविर के साथ-साथ स्वास्थ्य जांच शिविर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

## महापौर, नगर आयुक्त एक्शन में, अफसरों के उड़े होश

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● सुनीता दयाल ने एक माह में कई जगहों पर की छापेमार कार्रवाई

महापौर सुनीता दयाल के एक्शन से नगर निगम के कई अधिकारियों की नींद उड़ी है। निगम में लंबे समय से मलाई खा रहे कई अधिकारी अब गाजियाबाद नगर निगम को छोड़ जाने की तैयारी में लगे है।

एक अधिकारी ने तो इसका सरे आम खुलासा करना भी शुरू कर दिया है। वहीं कुछ और ऐसे अधिकारी हैं जो अब मान रहे हैं कि अब उनके खेल का चेप्टर महापौर और नगर आयुक्त मिलकर दी एंड करने वाले हैं। महापौर सुनीता दयाल ने करीब एक महीने पहले ही कुर्सी संभाली है। मगर जिस तरह से वह एक्शन में है और जगह जगह छापे मार रही है इससे साबित हो गया कि महापौर को सब पता है। निगम में लंबे समय से जमे कई अफसरों को भी यह लग रहा था कि महापौर हमे बुलाकर कर पहले बारीकी की जानकारी लेंगी। ऐसी धारणा बनाने वाले नगर निगम के कई अफसर अब बगल झांक रहे है।

कई अधिकारी भी नहीं समझ पा रहे है कि महापौर को इतनी जानकारी कैसे हो गई कि वह खुलकर छापा कार्रवाई कर रही है। गत दिनों रेत मंड़ी में कूड़ा फैक्ट्री, इसके बाद मोरटा स्थित डंपिंग ग्राउंड में महापौर ने जो खेल पकड़ा निगम के हेल्थ विभाग में तेनात अफसर बेचैन है। हेल्थ विभाग के कई अफसरो को अब डर सताने लगा है।

### सिक्का सोसायटी में दूसरी मंजिल से गिरने से मौत

**नोएडा।** नोएडा कोतवाली सेक्टर.113 क्षेत्र के सेक्टर.79 स्थित एक सोसायटी की दूसरी मंजिल से एक व्यक्ति नीचे गिर गया। व्यक्ति को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सिक्का सोसायटी में रहने वाले 31 वर्षीय जुबेर आलम रात को दूसरी मंजिल से नीचे गिर गए। उनको अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

## स्थानीय निवासी के साथ मारपीट करने वाला बाउंसर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना पुलिस ने रेजिडेंट के साथ मारपीट करने के मामले में फरार चल रहे बाउंसर को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार रात को मामूली विवाद पर सिक्योरिटी गार्डों और बाउंसर ने मिलकर एक रेजिडेंट के साथ मारपीट की थी और उसे पीट.पीटकर लहूलुहान कर दिया था। इस मामले में पुलिस 5 गार्डों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

दरअसल शनिवार को रात के समय करीब 11 बजे बिसरख थाना क्षेत्र के 12 एवेन्यू गौर सिटी.2 में रेजिडेन्ट अरनव गौतम इवनिंग वॉक कर वापस आ रहे थे। रास्ते से अरनव अंदर जाने लगे तो सिक्योरिटी गार्डों द्वारा उनको उस रास्ते से जाने से मना किया। अरनव ने उस रास्ते से अंदर ने जाने का कारण पूछा जिसके बाद इन लोगों के बीच विवाद शुरू हो गया। यह मामूली विवाद बढ़ गया और गार्डों और गेट पर मौजूद बाउंसर ने अरनव के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी।

## भाजपा नेता को परिवार समेत जान से मारने की धमकी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● खनन माफिया की शिकायत करने पर मिली धमकी, केस दर्ज

यूपी में माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के बावजूद नोएडा में खनन माफिया पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं। ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां अवैध खनन का विरोध करने पर भाजपा नेता को खनन माफिया ने पूरे परिवार सहित खत्म करने की धमकी दी है।

खनन माफिया की धमकी से डरे सहमे भाजपा नेता ने थाना दादरी में खनन माफिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

भाजपा गौतमबुद्धनगर मीडिया प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कुलदीप भाटी ने बताया कि गांव बैरंगपुर उर्फ नई बस्ती निवासी विक्की उर्फ विक्रांत व उसके भाई भोलू उर्फ अवतार जनपद के बड़े खनन माफिया हैं। गत दिनों दोनों भाइयों के इशारे पर इनके गुर्गों ने उसके खेत में अवैध खनन करते हुए मिट्टी उठा ली। इस बात का पता चलने पर उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे फोन पर परिवार सहित खत्म करने की धमकी दी। भाजपा नेता का आरोप है कि विक्की उर्फ विक्रांत व उसका भाई भोलू उर्फ अवतार स्थानीय प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर दिन रात खनन का काम करते हैं। छोटे कर्मचारियों को यह अपने पैसे के दम पर मैनेज कर लेते हैं। दादरी तहसील के लगभग 20 गांव में यह खनन माफिया सक्रिय हैं और खुलेआम अवैध रूप से खनन कर रहे हैं। दोनों भाइयों की दबंगई का आलम यह है कि मिट्टी खनन कर सरकार को चूना लगा रहे हैं।

## लाखों के जेवरात और नगदी उड़ाए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के थाना सेक्टर 142 क्षेत्र के लॉजिक ब्लॉसम सोसायटी के एक घर में काम करने वाली मेड ने लाखों रुपये के जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मेड को गिरफ्तार कर चोरी किये गए जेवरात व नगदी को बरामद कर लिया है।

लाजिक्स ब्लॉसम सोसायटी निवासी शुभम श्रीवास्तव ने बताया था कि उसके घर से लाखों रुपये के जेवरात व नगदी चोरी हो गई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मेड पुष्पा रैकवार उर्फमाही कश्यप से पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से चोरी किए सोने का मंगलसूत्र, दो अंगूठी, एक जोड़ी बाली, एक जोड़ी कान की लटकन व 7430 रुपए बरामद किया।

### रिटायर्ड कर्नल के घर में चोरी

निठारी गांव में चोरों ने एक रिटायर्ड कर्नल के घर में सेंध लगाकर चोरों ने नगदी जेवरात व कीमती सामान को चोरी कर ले गए। घटना के समय परिजन बाहर गए थे। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## फेसबुक फ्रेंड ने नशीला पदार्थ पिला महिला से किया दुष्कर्म

● आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दो लाख रुपये भी हड़पे, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मोदीनगर में फेसबुक के माध्मय से युवक व महिला की दोस्ती हो गई। युवक ने महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दो लाख रुपये भी हड़प लिया। युवक महिला से और पैसे देने की मांग भी कर रहा था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

नगर की एक कॉलोनी निवासी एक महिला परिवार सहित रहती है। दो साल पहले एक महिला की मोदीनगर निवासी एक युवक से फेसबुक के माध्यम से दोस्ती हुई। पहले दोनों काफी दिन तक चैट करते रहे और धीरे धीरे मुलाकात होने लगी। महिला का आरोप है कि युवक ने सुनसान स्थान पर बुलाकर कोल्ड ड्रिंक्स में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं इस दौरान युवक ने महिला की अश्लील वीडियो भी बना ली। युवक महिला की अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार दुष्कर्म करता रहा। आरोप है कि युवक ने महिला से वीडियो वायरल ना करने के एवज में दो लाख रुपये भी ले लिए। अब युवक और पैसे की मांग कर रहा था। पैसे ना देने पर युवक महिला की वीडियो व फोटो वायारल करने की धमकी दे रहा था। पीड़िता ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

### किशोरी को अगवा कर रेप, आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने 14 वर्षीय किशोरी को अगवा कर उसके साथ कथित तौर पर बलात्कार किया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने सोमवार सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बिसरख थाने के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एक किशोरी के परिजनों ने रविवार को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 14 वर्षीय बेटी को एक अज्ञात युवक अगवा कर ले गया है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने देर रात किशोरी को बरामद कर उसे अगवा करने के आरोपी सचिन को गिरफ्तार कर लिया।

### शादी का झांसा देकर युवती से रेप, हत्या का प्रयास

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र में एक युवक ने एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ कथित तौर पर बलात्कार किया। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ईकोटेक-3 थाना प्रभारी सुनील दत्त के मुताबिक, ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक युवक ने शादी का झांसा देकर उसकी बेटी के साथ बलात्कार किया। दत्त के अनुसार, घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने आरोपी शहादत रजा खान को गिरफ्तार कर लिया है।

## शराब के ठेके की कैंटीन के कर्मचारियों ने युवक को पीटा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो, कार्रवाई के आदेश

गाजियाबाद के पॉश इलाके आरडीसी में शराब के ठेके की कैंटीन के कर्मचारियों ने एक युवक को जमकर पीटा। पिटाई का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो रविवार रात का बताया जा रहा है। 65 सेकंड के वीडियो में पांच लोग एक युवक को गाली गलौज के साथ पीटते हुए दिख रहे हैं।

इस वीडियो के जरिए ट्विटर पर गाजियाबाद कमिश्नरेट में कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। यूपी पुलिस के ट्विटर हैंडल से गाजियाबाद पुलिस को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक ठेके के बगल वाली कैंटीन में युवक अक्सर आता जाता है। रविवार रात भी युवक यहां पर आया था। पहले कहासुनी शराब के ठेके के कर्मचारियों से हुई और इसके बाद वह बिल दिए बिना जाने लगा। विरोध पर एक कर्मचारी को थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद सभी कर्मचारियों ने उसे घेरकर पीटा।

### ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

**नोएडा।** नोएडा के दादरी की एक महिला ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

### दहेज नहीं मिलने पर महिला का तोड़ा हाथ

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र के डासना की एक विवाहिता द्वारा दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर ससुराल पक्ष ने उत्पीड़न करते हुए मारपीट की और विवाहिता का हाथ तोड़ दिया और घर से निकाल दिया। पीड़िता ने आरोपितों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# बिजली दरों पर विपक्ष का सरकार पर वार

## भाजपा की विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग, कांग्रेस का आंदोलन का ऐलान

### ● बिजली की दरों में बढ़ोतरी पर भाजपा और कांग्रेस ने बोला हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा।


कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल।

बिजली की बढ़ी हुई दरों को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने केजरीवाल सरकार पर हमला बोला है। प्रदेश भाजपा अध्यच वीरेंद्र ने कहा कि डीईआरसी द्वारा पावर डिस्कॉम को पावर टैरिफ वृद्धि करने की छूट देने के चार दिन बाद भी दिल्ली सरकार की चुप्पी, सरकार एवं डिस्कॉम की मिलीभगत की ओर इशारा करती है।

भाजपा का प्रतिनिधिमंडल जल्द इस मुद्दे पर नये डीईआरसी अध्यक्ष से मिलकर फैसले को वापस लेने की मांग करेगा अन्यथा भाजपा दिल्ली वालों के हित में न्यायालय भी जाने पर विचार करेंगी है। उधर नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने इस मामले पर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है और कहा है कि इसके विरोध में भाजपा विधायक दल मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरना देंगे। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि पावर परचेज एग्रीमेंट की आड़ में केजरीवाल सरकार बिजली कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए बिजली उपभोक्ताओं पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त बोझ डालना दिल्ली वालों के साथ धोखा है। इस वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस आंदोलन करेगी।

वीरेन्द्र सचदेवा ने अरविन्द केजरीवाल सरकार पर एक दशक से पावर डिस्कॉम में अपनी सांझेदार निजी कम्पनियों के पोषण का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि दिल्ली सरकार निजी बिजली कंपनियों को बिना क्रास चैक किये सब्सिडी भुगतान से पोषित करती है। पेंशन शुल्क जैसे शुल्क उपभोक्ताओं से वसूलवा कर निजी कम्पनियों को पोषित करती रही है तो कभी पावर डिस्कॉम के आडिट की बात करने वाली एवं पावर टैरिफ ना बढ़ाने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी के शासन में डीईआरसी ने 9.5 प्रतिशत से अधिक की टैरिफ वृद्धि की छूट पावर डिस्कॉम को दे दी है और केजरीवाल सरकार ने कोई विरोध नहीं किया है।

इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल बिजली के बिलों में बढ़ोत्तरी कर बिजली कंपनियों को फायदा पहुचाने के लिए सीधा बिजली बिलों पर प्रति यूनिट की दरे बढ़ाने की जगह पावर परचेज एग्रीमेंट की आड़ में बिलों पर अतिरिक्त सरचार्ज की लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि सरकार के फैसले की निंदा करती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में केजरीवाल कहते थे कि सरकार की मर्जी के बिना डीईआरसी को बिजली दरें बढ़ाने का अधिकार नहीं, अब डीईआरसी द्वारा बिजली दरें बढ़ाने पर केजरीवाल का दोहरा मापदंड दिल्ली वालों के साथ धोखा है। अनिल ने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि केजरीवाल बिजली कंपनियों का पिछले 8 वर्षों से ऑडिट क्यों नहीं कराते हैं। एक ओर सरकार ने उपभोक्ताओं की सब्सिडी के 26000 करोड़ रुपये बिजली कंपनियों को दिए है वहीं दूसरी ओर बिजली कंपनियों ने फिक्स चार्ज के नाम पर उपभोक्ताओं से 16000 करोड़ रुपये वसूले हैं।

### मंत्री आतिशी ने केंद्र सरकार पर मढ़ा दोष



बिजली मंत्री आतिशी ने बिजली की बढ़ी हुई दरों के लिए केंद्र सरकार दोष मढ़ा। उन्होंने कहा कि, केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाये गए बिजली के दामों का नतीजा है कि आज दिल्ली वालों को बढ़े हुए पीपीएसी का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र के कुप्रबंधन के कारण पूरे देश में कोयले की कृत्रिम कमी उत्पन्न हो गई है और उनकी गलत निियओं के कारण बिजली उत्पादन कंपनियों को महंगा आयातित कोयला खरीदना पद रहा है जिससे दिल्ली सहित देशभर में बिजली के दाम बढ़ रहे है लेकिन वह मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की ओर से आश्वासन देती है जिन लोगों का बिजली का बिल जीरो आता है, बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी के बाद भी उनका बिल जीरो ही आता रहेगा। इसके बढ़े हुए बिजली बिल का वहन दिल्ली सरकार करेगी।

# दिनदहाड़े लूट पर मुख्यमंत्री ने मांगा उपराज्यपाल का इस्तीफा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


प्रगति मैदान सुरंग में गुजरात के सर्राफा कर्मचारी से लूट का सीसीटीवी फुटेज।

### ● प्रगति मैदान सुरंग में लूटपाट की घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद

प्रगति मैदान सुरंग में दो मोटरसाइकिल पर सवार चार बदमाशों ने कैब में बैठे गुजरात के सर्राफा कारोबारी के कर्मचारियों से 2 लाख रुपए लूट लिए। लूटेरों ने ओवरटेक करके कैब रुकवाई और कट्टा तानकर कैब का गेट खुलवाया और रुपयों से भरा बैग लूटकर आसानी से वहां से भाग गए। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कानून-व्यवस्था को लेकर उपराज्यपाल पर निशाना साधा है। उन्होंने इस घटना का जिक्र करते हुए एलजी का इस्तीफा मांगा है।

दिल्ली पुलिस को घटना सीसीटीवी फुटेज मिला है, जिसमें चार अज्ञात बदमाश प्रगति मैदान इलाके सुरंग के भीतर एक कार को रोकते हुए और उसमें बैठे लोगों को कट्टा दिखाकर लूटते हुए नजर आ रहे हैं। पुलिस के अनुसार कथित घटना का फुटेज डेढ़ किलोमीटर लंबी प्रगति मैदान सुरंग में लगाए गए एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। यह सुरंग नई दिल्ली को सराय काले खां और नोएडा से जोड़ती है तथा इसमें पांच अंडरपास हैं। पुलिस के मुताबिक, वह शिकायतकर्ताओं, उनके नियोक्ता और अन्य कर्मचारियों से पूछताछ भी कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वारदात के पीछे किसी अंदरूनी व्यक्ति का तो हाथ नहीं है। सीसीटीवी कैमरे में कैद 22 सेकेंड के वीडियो में दो मोटरसाइकिल पर सवार चार बदमाश एक कैब का पीछा करते और अंडरपास के भीतर उसे रोकते नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैब रुकते ही दोनों मोटरसाइकिल पर पीछे की सीट पर सवार बदमाश उतरकर अपना तमंचा निकालते हैं और फिर इनमें से एक बदमाश भागकर कैब चालक की सीट के पास, जबकि दूसरा पिछले दरवाजे की तरफ जाता है। इसके बाद, वीडियो में कैब के चारों दरवाजे खुलते नजर आते हैं। साथ ही पिछली सीट पर सवार व्यक्ति एक बदमाश को काले रंग का बैग थमाते दिखाई देता है, जिसमें कथित तौर पर डेढ़ से दो लाख रुपये थे। बैग लेने के बाद दोनों बदमाश मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग जाते हैं। इस वीडियो में चारों बदमाश हेल्मेट पहने नजर आ रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि कैब के अंदर एक डिलीवरी एजेंट और उसका सहयोगी था तथा दोनों के पास मौजूद बैग में कथित तौर पर डेढ़ से दो लाख रुपए नकद थे। उन्होंने बताया कि दोनों यह बैग किसी को देने के लिए कैब से गुरुग्राम जा रहे थे।

पुलिस उपायुक्त प्रणव तयाल ने कहा, चांदनी चौक स्थित ओमिया इंटरप्राइजेज में डिलीवरी एजेंट के रूप में काम करने वाले शिकायतकर्ता ने शनिवार को तिलक मार्ग पुलिस थाने में लिखित शिकायत दी कि वह अपने सहयोगी के साथ नकदी से भरा एक बैग देने के लिए गुरुग्राम जा रहा था। शिकायत के हवाले से बताया, शिकायतकर्ता और उसके सहयोगी ने लाल किला से कैब ली और गुरुग्राम जाते समय रिंग रोग पर जब वे सुरंग के अंदर घुसे, तो दो मोटरसाइकिल पर सवार चार बदमाशों ने उन्हें रोका और बंदूक दिखा कर उनसे डेढ़ से दो लाख रुपए से भरा बैग लूट ले गए। मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 397 (हत्या या गंभीर चोट पहुंचाने के प्रयास के साथ लूट या डकैती) और 34 (साझा इरादा) के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इस बीच सीएम केजरीवाल ने सोमवार को ट्विट कर घटना का वीडियो साझा करते हुए अपनी इस मांग को दोहराया कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी स्थानीय सरकार को सौंप दी जानी चाहिए। उपराज्यपाल को इस्तीफा देना चाहिए। किसी ऐसे व्यक्ति को उपराज्यपाल बनाया जाए, जो दिल्ली के लोगों को सुरक्षा उपलब्ध करा सके।

# महिला आयोग ने एसएचओ को किया तलब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### ● डीसीडब्ल्यू ने 28 जून को कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने को कहा

दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस से एक पेइंग गेस्ट (पीजी) में रहने वाली महिला द्वारा दायर कथित यौन उत्पीड़न की शिकायत के संबंध में कार्रवाई रिपोर्ट 28 जून को आयोग के समक्ष पेश करने को कहा है।

डीसीडब्ल्यू को शिकायत मिली थी कि 12 जून की आधी रात के आसपास जब उत्तरी दिल्ली में पीजी में रहने वाली महिला अपनी मित्रों के साथ बालकनी में खड़ी थी तो आवास के बाहर एक युवक ने उन्हें घूरते हुए अश्लील हरकत किया था।

इस संबंध में 19 जून को दिल्ली पुलिस को एक नोटिस भेजकर मामले में कार्रवाई मांगी गई थी। हालांकि दिल्ली पुलिस जवाब दाखिल करने में विफल रही।

अब डीसीडब्ल्यू ने दिल्ली पुलिस को समन जारी कर मामले में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। उसने दिल्ली पुलिस से प्राथमिकी की प्रति और मामले में की गई गिरफ्तारियों का विवरण उपलब्ध कराने को कहा है। आयोग ने दिल्ली पुलिस से निर्धारित समय के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रदान करने में विफल रहने के कारण भी बताने को कहा है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने इसे बेहद गंभीर मामला करार दिया।

# पुलिस ने करंट से महिला मौत के मामले में रेलवे से मांगी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन परिसर का निरीक्षण करने को कहा है जहां एक महिला शिक्षक की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई थी।

इस मामले में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने संभागीय रेलवे प्रबंधक को भी पत्र लिखकर पूछा है कि रख-रखाव की जिम्मेदारी किसकी है ताकि उचित कार्रवाई की जा सके।

दिल्ली पुलिस प्रवक्ता सुमन नलवा ने कहा मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। भारतीय केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण को पत्र लिखकर निरीक्षण करने और पुलिस को इस बारे में राय देने को कहा गया है कि घटना कैसे घटी। घटना रविवार सुबह नई दिल्ली स्टेशन के गेट नंबर एक के पास घटी।

# दिल्ली शिकायत निवारण नियमों के सौदे को एलजी ने दी मंजूरी

### ● सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को टीपीडीएस और एफपीएस से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए खाद्य आयोग का गठन करने का दिया था निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल ने वर्ष 2013 से लंबित पड़े टीपीडीएस और एफपीएस से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए दिल्ली शिकायत निवारण नियमों के मसौदे को मंजूरी दे दी है। उन्होंने इसमें दिल्ली सरकार की तरफ से हुई देरी को संवेदनहीन बताया है।

राजनिवास के एक अधिकारी ने कहा कि केंद्र से मिली चेतावनी के तहत अगर दिल्ली सरकार 30 जून तक इससे संबंधित नियम नहीं बना लेती है तो केंद्र से मिलने वाली सहायता को रोका जा सकता है। राजधानी में अब तक न तो कानूनी रूप से अनिवार्य राज्य खाद्य आयोग का गठन किया गया है और न ही शिकायत निवारण नियम बनाए गए हैं। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को वर्ष 2017 के अंत तक इससे संबंधित नियम बनाने और खाद्य आयोग का गठन करने का निर्देश दिए थे।

उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून 2013 (एनएफएसए) के लागू होने के 10 वर्ष बाद भी दिल्ली सरकार ने न तो राज्य खाद्य आयोग का गठन किया है और न ही इसके लिए जरूरी शिकायत निवारण तंत्र ही तैयार किया है। एनएफएसए के अंतर्गत इन दोनों का मकसद लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त किर्यान्वयन के महत्वपूर्ण पहलुओं को लागू करना है। ये काम वर्ष 2014 में ही किया जाना था। इसके बावजूद आम आदमी पार्टी की सरकार इससे संबंधित फाईल को लेकर पिछले 6 वर्षों से बैठी थी। केंद्र सरकार से मिली अंतिम चेतावनी, जिसमें कहा गया है कि यदि 30 जून 2023 तक इस तंत्र और आयोग का गठन नहीं किया जाता है तो दिल्ली सरकार को एनएफएसए के तहत मिलने वाली केंद्रीय सहायता रोक दी जाएगी। तब जागर केजरीवाल सरकार जागी है और इस संबंध में कदम आगे बढ़ाया है। दिल्ली सरकार ने इस आशय की फाइल 6 साल की देरी के बाद उपराज्यपाल के पास भेजी है।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के दिल्ली शिकायत निवारण नियम, 2017 का मसौदा, जिसमें आम जनता और हितधारकों से सुझाव आंमत्रित किए गए थे। राज्य सरकार को उपराज्यपाल के समक्ष दोबारा पेश करने में 6 वर्ष लग गए। उपराज्यपाल ने इसे मंजूर करते हुए देरी होने पर केजरीवाल सरकार की कड़ी आलोचना की है।

# राजधानी में 16 हजार किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट

### ● अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ निरोधक दिवस पर एलजी ने की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ निरोधक दिवस पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में सोमवार को लगभग 16 हजार किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट किए गए।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने जीटी करनाल रोड पर स्थित आर.यू. नगर औद्योगिक क्षेत्र में बायोटिक वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड में कार्यक्रम की शुरुआत की, जहां अपराध शाखा और विशेष प्रकोष्ठ द्वारा जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## नालों से गाद निकालने का काम पूरा हुआ : प्रशासन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नालों से गाद हटाने का काम करीब-करीब पूरा हो चुका है तथा जलभराव के अन्य संभावित स्थलों की सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

प्रशासन इस काम को जल्दी-जल्दी पूरा कर रहा है क्योंकि मानसून इस बार निर्धारित समय से दो दिन हले ही रविवार को दिल्ली पहुंच गया। राष्ट्रीय राजधानी में छोटी सड़कों से लगे नालों का रखरखाव एमसीडी करती है जबकि चौड़ी सड़कों के नालों की देखभाल पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जाता है।

# आईजीआई पर यात्री आसानी से जमा करा सकेंगे सामान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली हवाई अड्डे का संचालन कर रही डायल ने टर्मिनल-3 पर सेल्फ बैगेज ड्रॉप (एसबीडी) की सुविधा शुरू की है, जिससे यात्रियों को हवाई अड्डे पर सामान जमा कराने में कम समय लगेगा।

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) के मुताबिक एसबीडी से समान जमा कराने की प्रकिया आसान होगी और यात्रियों के इंतजार करने का औसत समय घट कर 15 से 20 मिनट रह जाएगा जिससे हवाई अड्डे पर उनका अनुभव और बेहतर होगा। इस सुविधा से प्रति मिनट तीन यात्रियों का समान जमा किया जा सकेगा।

डायल ने बताया कि फिलहाल घरेलू यात्री इस सुविधा का इस्तेमाल कर सकेंगे और आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद इसे अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए भी शुरू किया जाएगा। कंपनी ने बताया कि 12 स्वचालित और दो हाइब्रिड सहित कुल 14 एसबीडी मशीन लगाई गई है। मौजूदा समय में इंडिगो के यात्री इस सुविधा का इस्तेमाल कर सकेंगे।

## अपहरण-हत्या के दोषी की सजा उम्रकैद में तब्दील

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने फिरौती के लिए 12 साल के बच्चे का अपहरण करने और फिर उसकी हत्या करने के दोषी व्यक्ति को सुनाई गई फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया है जिसके तहत उसे बिना किसी छूट के 20 साल तक जेल में रहना होगा।

हाईकोर्ट ने कहा कि यह नहीं साबित किया जा सकता कि हत्या पूर्व नियोजित थी या समाज की सामूहिक चेतना को झकझोरने के लिहाज से यह काफी पैशाचिक कृत्य था।

उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि यह मामला दुर्लभतम मामलों की श्रेणी में नहीं आता और कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है जहां दोषी में सुधार होने की संभावना नहीं होती।

# निजी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को केंद्र की उपलब्धियां बताएंगे पुरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को दिल्ली के 25 प्रमुख पब्लिक स्कूलों के प्रधानाचार्यों से मुलाकात की और उनके साथ नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों को साझा किया। भाजपा नेता नीलकांत बख्शी ने कहा कि इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में पुरी ने स्कूल के प्रधानाचार्यों और उनके जीवनसाथियों को मोदी सरकार की नौ साल की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम के बाद एक ट्वीट में कहा, मैंने अपने संपर्क से समर्थन अभियान के तहत, नौ साल की सेवा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में परिवर्तनकारी बदलाव पर चर्चा के लिए दिल्ली के कई स्कूलों के प्रधानाचार्यों से मुलाकात की। पेशेवर एक ऐसी पीढ़ी तैयार कर रहे हैं जो भारत के अमृतकाल की नियति को आकार देगी।

भाजपा देशभर में जनसंपर्क अभियान चला रही है, जो एक महीने तक चलेगा। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय मंत्री समाज के विभिन्न वर्गों के साथ बातचीत कर उन्हें केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

# बादलों और ठंडी हवाओं से मौसम सुहाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### ● मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया, बादल छाए रहने तथा मध्यम बारिश का पूर्वानुमान अनुमान व्यक्त किया है

राष्ट्रीय राजधानी में बादलों के छाए रहने और ठंडी हवाओं के चलने से मौसम सुहाना रहा। शहर के कुछ हिस्सों में बारिश हुई, जिससे पारा नियंत्रित रहा।

मौसम कार्यालय ने कहा कि दिल्ली पूरे दिन में बादल छाए रहे और सफदरजंग वेधशाला में अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत से चार डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है। आर्द्रता का स्तर 98 प्रतिशत से 69 प्रतिशत के बीच रहा।

सफदरजंग वेधशाला में सोमवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच बारिश दर्ज नहीं की गई। हालांकि, इस अवधि के दौरान पालम वेधशाला में 1.4 मिलीमीटर, आयानगर में 0.6 मिलीमीटर, सीडीओ गाजियाबाद में 0.5 मिलीमीटर और नजफगढ़ में 2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मौसम कार्यालय ने मंगलवार के लिए पीला अलर्ट जारी किया है और सामान्य तौर पर आसमान में बादल छाए रहने तथा मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान व्यक्त किया है। वहीं, अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 34 डिग्री सेल्सियस और 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना व्यक्त की है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) मौसम की चेतावनी के लिए चार रंगों के कोड का उपयोग करता है, जिसमें हरा (कोई कार्वाई आवश्यक नहीं), पीला (देखें और तत्पर रहें), नारंगी (तैयार रहें) और लाल (कार्वाई करें) शामिल हैं।

# पांच वर्षों में कर देंगे एमसीडी के स्कूलों का कायाकल्प : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली






मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शिक्षा मंत्री आतिशी के साथ लिबासपुर गांव में आधुनिक सुविधाओं से लैस नई स्कूल बिल्डिंग का उद्घाटन किया। फोटो : रंजन डिमरी

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने सरकारी स्कूलों में सुधार करके शहर की शिक्षा प्रणाली में अमीर और गरीब के बीच के अंतर को पाट दिया है। उन्होंने अगले पांच से सात वर्षों में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सभी स्कूलों के पुनर्विकास का वादा किया। वह लिबासपुर गांव में सर्वोदय सह-शिक्षा विद्यालय का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे।

अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि इस विद्यालय की कक्षाएं, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और सभागार दिल्ली के निजी स्कूलों के मुकाबले काफी अच्छे हैं। पहले दिल्ली में सरकारी स्कूलों की हालत बहुत खराब हुआ करती थी। कक्षाएं तंबू के अंदर संचालित की जाती थीं, स्कूलों की छतें टूटी हुई थीं। वहां शौचालय या पीने के पानी तक की कोई व्यवस्था नहीं थी। गरीब परिवार अपने बच्चों को ऐसे स्कूलों में भेजने के लिए मजबूर थे, लेकिन आप सरकार ने दिल्ली की शिक्षा प्रणाली में अमीर और गरीब के बीच के अंतर को पाट दिया। आप सरकार एमसीडी द्वारा संचालित स्कूलों में सुधार पर ध्यान केंद्रित कर रही है। एमसीडी स्कूलों के कायाकल्प पर ध्यान देना शुरू कर दिया है और इसमें कम से से पांच से सात साल का समय लगेगा। ऐसे भी लोग हैं, जिन्होंने अच्छी शिक्षा प्राप्त की, लेकिन उन्हें नौकरी नहीं मिली, हम इस मुद्दे पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम युवाओं के लिए रोजगार सृजन को प्राथमिकता देंगे।

### युवाओं के लिए चल रहे रोजगारपरक कार्यक्रम

केजरीवाल ने जॉब को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि बच्चे पढ़-लिख तो जाते हैं लेकिन डिग्री लेकर बेरोजगार घूम रहे हैं। उनके पास नौकरी नहीं है। ऐसी डिग्री का क्या फायदा है जब नौकरी ही नहीं है। अधिक से अधिक रोजगार पैदा करने के लिए सरकार लगी हुई है। वह कोशिश कर रहे हैं। कई सारे रोजगार परक प्रोग्राम चला रहे हैं। 12वीं के बाद जो बच्चे कॉलेज में जाना चाहें, उनको कॉलेज में दाखिला मिलना चाहिए, लेकिन जो बच्चा गरीबी की वजह से 12वीं के बाद आगे की पढ़ाई न कर पाए तो उसको रोजगार मिलना चाहिए।

## जनता की समस्याओं का समाधान करें भाजपा पार्षद : सचदेवा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा ने अपने सभी पार्षदों से आम लोगों की समस्याओं का समाधान करने को कहा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने नगर निगम दल के नेता एवं उप नेता की नियुक्ति के बाद यह आह्वान किया।

दिल्ली नगर निगम
अधिशासी अभियंता (परि.)-II/मध्य क्षेत्र का कार्यालय
सेवा नगर फ्लाईओवर के नीचे, नई दिल्ली-3
निविदा आमंत्रण सूचना हेतु प्रेस सूचना
ऑनलाइन टेंडरिंग समय सारणी के लिए कृपया https://etenders.gov.in/eprocure/app देखें। एनआईटी सं. ईई-प्रोजेक्ट-II/सीएनजेड/टीसी/2023-24/1 दिनांक 21.06.2023
कार्य का नाम: एसडीएमसी प्राथमिक विद्यालय लाल कुआं चुंगी नं. 2, वार्ड नं. 94-एस, सीएनजेड, नया वार्ड नं. 179 में प्रत्येक तल पर बालिकाओं के लिए 30 नं. कक्षाओं, 2 स्टोर रूम, 2 कम्प्यूटर रूम, 2 कार्यालय कक्ष, 2 पुस्तकालय कक्ष, एक हॉल (3 कमरों के समकक्ष), 2 साइंस रूम एवं एक शौचालय, बालकों के लिए एक शौचालय ब्लॉक और सीडब्ल्यूएसएन बच्चों के लिए एक शौचालय का निर्माण (जोखिम एवं लागत आधार पर शेष कार्य)।
अनुमानित राशि: रु. 7,33,07,895/- पार्ट 'ए' हेतु, निविदा राशि: रु. 5,43,30,316/- पार्ट 'ए' हेतु एवं पार्ट 'बी' मद दर, धरोहर राशि: रु. 14,66,200/-, समापन अवधि: 12 महीने, निविदा मूल्य: रु. 1,770/-, लेखा शीर्ष: XL-VII-Edu.
नियमों एवं शर्तों सहित बोली दस्तावेज वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दस्तावेज डाउनलोड/खरीदने की अंतिम तिथि 04.07.2023 को दोपहर 03.00 बजे तक है। बोली का बंद होना: 04.07.2023 को दोपहर 03.00 बजे। वित्तीय बोली का खुलना: 04.07.2023 को दोपहर 03.05 बजे। उपरोक्त निविदा के संदर्भ में पुनरीक्षण, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, समय विस्तार आदि, यदि होगा, के सभी विवरण दि.न.नि. वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app पर अपलोड किये जायेंगे। बोलीदाता इन निविदाओं के संबंध में स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें।
आरओ नं. 24/डीपीआई/दि.न.नि./2023-24 अधिशासी अभियंता (परि.)-II/मध्य क्षेत्र

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 27 जून, 2023



## पटना बैठक

### विपक्ष के प्रयास

**विपक्ष** ने पटना में बैठक कर मोदी सरकार को सत्ता से हटाने के अपने प्रयास शुरू किए हैं। नीतीश कुमार की पहल पर हाल में पटना में 17 विपक्षी दलों की बैठक हुई जिसमें साझा सरोकारों को सामने लाकर एक सामूहिक रणनीति बनाने के प्रयास हुए। यह अगले आमचुनाव से पहले हुई एक महत्वपूर्ण घटना है। एकता के इस प्रयास से यह संदेश गया है कि विपक्ष अपने मतभेदों को अलग रख कर परिवर्तन तथा मोदी सरकार का प्रभुत्व समाप्त करने के लिए संघर्ष कर रहा है। विपक्षी एकता का अपना महत्व है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका सत्तारूढ़ पार्टी जितनी ही महत्वपूर्ण होती है क्योंकि वह सरकार पर नजर रख कर उसकी जवाबदेही सुनिश्चित करती है तथा इस प्रकार लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करती है। लेकिन पिछले वर्षों में विपक्ष के अनेक नेताओं को आयकर, प्रवर्तन निदेशालय-ईडी व केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई के छापों का सामना करना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने भ्रष्टाचार व खासकर उच्च पदों पर रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ अभूतपूर्व अभियान छेड़ा है। पिछले नौ साल से जारी इस अभियान से अनेक विपक्षी नेताओं की छवि मिट्टी में मिल गई है। वे केवल यह कह कर अपनी इज्जत नहीं बचा सकते हैं कि यह कार्रवाई 'राजनीतिक बदले' की भावना से हो रही है। विपक्षी नेताओं को केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी का भय सता रहा है। ममता बनर्जी ने कहा कि यदि 2024 में भाजपा जीत गई तो देश में आगे चुनाव नहीं होगा।



पटना में एकत्र हुए विपक्षी नेताओं का विश्वास है कि मोदी सरकार की नीतियां देश की प्रगति व बेहतरी के लिए हानिकारक हैं। उनको लगता है कि जनता में कथित असंतोष का लाभ उठा कर वे मतदाताओं को अपने पक्ष में लामबंद कर सकते हैं। उनको उम्मीद है कि यदि सभी सीटों पर सीधा मुकाबला हो तो वे 350 सीटें प्राप्त कर भाजपा को अल्पमत में ला सकते हैं। लेकिन फिलहाल इसकी संभावना नहीं लगती है। विपक्षी दलों के बीच भारी टकराव है और वे अपने मजबूत क्षेत्रों में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। विपक्षी एकता की दरार उस समय स्पष्ट हो गई जब आप ने यह कहते हुए बैठक का लगभग बहिष्कार कर दिया कि कांग्रेस पहले 'अध्यादेश' पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी तथा विपक्षी भाजपा, माकपा व कांग्रेस के साथ भयानक टकराव की स्थिति है। मीडिया के अनुसार, ममता बनर्जी की नाराजी को देखते हुए माकपा नेता सीताराम येचुरी के बोलने का क्रम बदला गया, लेकिन इसके बावजूद वे बैठक से चली गईं। पीडीपी की महबूबा मुफ्ती ने अनुच्छेद 370 का समर्थन करने के लिए 'आप' की खिंचाई कर डाली। पटना में विपक्षी कतारों के बीच मतभेद के साथ ही इस स्थिति को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि मोदी सरकार ने पिछले नौ साल में देश में चहुंमुखी विकास की दिशा में अभूतपूर्व काम किया है। मोदी सरकार ने विभिन्न योजनाओं के 'लाभार्थियों' का एक विशाल वोटबैंक खड़ा किया है जिसमें जाति या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। इसके उलट पश्चिम बंगाल समेत कई गैर-भाजपा सरकारों ने केन्द्रीय योजनाओं का लाभ आम जनता तक इस आशंका से नहीं पहुंचने दिया है कि इससे भाजपा को लाभ मिलेगा। मोदी सरकार ने देश को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है तथा एक औसत भारतीय के मन में पहले के किसी अन्य समय की तुलना में अधिक आत्मविश्वास व उम्मीद पैदा हुई है। ऐसे में देखना होगा कि अगले आम चुनाव तक विपक्षी एकता क्या स्वरूप लेती है और उसका भारतीय राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ता है।

# नशीले पदार्थों का बढ़ता उपयोग

**नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ एक समग्र दृष्टिकोण जरूरी है जिसमें नशाखोरों का सामाजिक बहिष्करण के बजाय उनका पुनर्वास महत्वपूर्ण है।**



**बंडारू दत्तात्रेय**
(लेखक, हरियाणा के राज्यपाल हैं)



दुनिया भर में नशीले पदार्थों का दुरुपयोग चिन्ताजनक रूप से बढ़ता जा रहा है। इस वर्ष के 'वर्ड ड्रग डे' की थीम उपयुक्त रूप से 'पीपुल्स फर्स्ट: स्टाप स्टिग्मा एंड डिस्क्रिमिनेशन, स्ट्रेंग्थेन प्रिवेंशन' है। इसका अर्थ है कि जनता को प्राथमिकता देते हुए नशाखोरों के खिलाफ पूर्वाग्रह व पक्षपात के बजाय इस विभीषिका रोकने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। यह कटु यथार्थ है कि नशीले पदार्थों के दुरुपयोग या 'ड्रग एब्यूज़' के पीड़ितों को परिवार व समाज में अलगाव तथा निन्दा का शिकार होना पड़ता है। इससे उनको भारी मानसिक व शारीरिक परेशानी झेलनी पड़ती है जो उनके लिए आघात है। उनको आवश्यकतानुसार सहायता भी नहीं मिल पाती है। इससे उनका तथा उनके परिवारों का जीवन और दयनीय व कठिन हो जाता है।

इसलिए ड्रग्स संबंधित नीतियों में जन-केन्द्रित दृष्टिकोण की जरूरत है जिसमें मानवाधिकारों तथा संवेदना पर ध्यान दिया जाए। ड्रग एब्यूज़ के पीड़ितों को सामाजिक व भावनात्मक सहायता के साथ ही औषधियों के दुरुपयोग के बढ़ते व्यवहार तथा अवैध ट्रैफिकिंग पर लगाम लगाना बहुत कठिन काम है, पर यह असंभव नहीं है। इसके लिए सामूहिक प्रयासों और समग्र दृष्टिकोण की जरूरत है जिसमें देश को दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त करने का लक्ष्य सामने रखा जाना चाहिए। इस वर्ष वर्ड ड्रग डे का आह्वान 'ड्रग्स का प्रयोग करने वालों व उनके परिवारों के खिलाफ नकारात्मक पूर्वाग्रह व भेदभाव को समाप्त कर जागरूकता पैदा करना तथा उन लोगों में एड्स व हेपेटाइटिस महामारियों के खिलाफ जागरूकता पैदा करना है जो ड्रग्स का प्रयोग कर इनको बढ़ावा देते हैं।

इसमें एचआईवी व हेपेटाइटिस रोकथाम कार्यक्रमों के साथ प्रमाण-आधारित जानकारी को बढ़ावा देना, ड्रग्स का प्रयोग करने वाले सभी लोगों के लिए स्वैच्छिक सेवाओं की उपलब्धता तथा ड्रग यूज़ की विकृतियों, उनकी उपलब्ध चिकित्सा व शीघ्र हस्तक्षेप एवं सहायता की पैरोकारी करना शामिल है। इसके अलावा ड्रग संबंधी अपराधों के लिए जेल की सजा के बजाय समुदाय-आधारित इलाज व सेवाओं के विकल्प पेश करना, सम्मानपूर्ण व पूर्वाग्रह-विहीन भाषा के प्रयोग से भेदभाव व पूर्वाग्रह पर लगाम लगाना तथा युवाओं व समुदायों का सशक्तीकरण शामिल है ताकि उनके माध्यम से ड्रग यूज़ व नशाखोरी पर नियंत्रण लगाया जा सके।'

अक्सर हम पढ़ते और सुनते हैं कि अच्छे-खासे, विशिष्ट व मध्यवर्गीय परिवारों के लोग पबों में प्रतिबंधित वस्तुओं का प्रयोग करने लगते हैं। इनको लाइसेंस देने की प्रक्रिया कठोर होनी चाहिए तथा ऐसे उद्यमों का लाइसेंस जब्त करने की प्रक्रिया तेज होनी चाहिए। इसके साथ ही ड्रग एब्यूज़ की विभीषिका रोकने में मेरे विचार से समाज की भूमिका महत्वपूर्ण है। समाज को ड्रग सप्लायरों व उसके प्रयोगकर्ताओं का बहिष्कार करना चाहिए। एक ऐसी सामाजिक स्थिति तैयार करनी चाहिए जहां ड्रग एब्यूज़ के पीड़ित का समुचित पुनर्वास किया जाए तथा उसके पीछे ड्रग्स सप्लाई करने वालों का सामाजिक बहिष्कार किया जाए। माता-पिता की कौंसिलिंग की जानी चाहिए कि वे अपने बच्चों से कैसा व्यवहार करें और उनको नशीले पदार्थों की विभीषिका से दूर रखें। नशीले पदार्थों के खिलाफ संघर्ष में मजबूत पारिवारिक मूल्य हमारे लिए एक संपत्ति की तरह हैं। प्राचीन भारतीय मूल्यों में बच्चों के चरित्र निर्माण पर काफी जोर दिया जाता था। बचपन में हमारे शिक्षक हमेशा याद कराते थे, 'यदि स्वास्थ्य खो गया तो कुछ खो गया, लेकिन यदि चरित्र खो गया तो सबकुछ खो गया।' हमारे पूर्वज बच्चों में चरित्र निर्माण पर बहुत जोर देते थे। गुरुकुल की अवधारणा की जड़ें ऐसा मूल्य-आधारित समाज बनाने के विचार में निहित थीं जो ड्रग एब्यूज़ जैसी सामाजिक बुराइयों से प्रभावी रूप से निपट सकता था। घर, स्कूल व पूजास्थल मूल्य आधारित समाज व्यवस्था बनाने के तीन प्रमुख तत्व हैं।

हमें सामाजिक बुराइयों से निपटने के प्राचीन तरीकों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इसके साथ ही वर्तमान समय में जारी परीक्षित तरीकों व व्यवस्थाओं पर भी गौर करना चाहिए ताकि हमें भारी नुकसान पहुंचाने वाली किसी बुराई को फैलने से पहले ही रोका जा सके। यह देख कर खुशी होती है कि ड्रग एब्यूज़ जैसी चुनौती का सामना करने तथा इसके पीड़ितों के पुनर्वास के लिए काफी कुछ किया जा रहा है। लेकिन लापरवाही तथा प्रयासों को धीमा रखने का कोई अवसर नहीं है। ड्रग्स समस्या के हर आयाम से प्रभावी रूप से निपटने के लिए आवश्यक संसाधनों तथा उनके प्रभावी उपयोग पर ध्यान देने की जरूरत है।

सभी हितधारकों को एकसाथ ला कर जनता को ड्रग एब्यूज़ की विभीषिका से बचाने के साथ अवैध ड्रग सप्लाई श्रृंखलाओं की कमर तोड़ना जरूरी है। नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को ड्रग सप्लायरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। समान रूप से पुलिस बलों समेत केन्द्र तथा राज्य सरकारों की एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए ताकि खासकर बड़े शहरों व सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रग स्मगलिंग रोकने के लिए प्रभावी खुफिया व्यवस्था विकसित हो सके।

ड्रग एब्यूज़ की समस्या के बढ़ते आयाम को देखते हुए हमें एक समग्र दृष्टिकोण पर काम करना चाहिए जिसमें सभी हितधारकों के लिए एक भूमिका निर्धारित हो। एम्स के नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर-एनडीडीटीसी, गाजियाबाद के माध्यम से मंत्रालय द्वारा भारत में नशीले पदार्थों के उपयोग पर कराए गए राष्ट्रीय सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार, 2018 में 10-17 साल के शराब, भांग, अफीम, सीडेटिव, इन्हेलेंट, कोकीन, एम्फीटामीन किस्म के स्टीमुलेंट-एटीएस व हैल्यूसिनोजेन बच्चों की संख्या 6.06 प्रतिशत थी, जबकि 18 से 75 वर्ष आयु के लगभग 24.71 प्रतिशत वयस्क ड्रग एब्यूज़ का शिकार थे। खुशी की बात है कि केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण मंत्रालय एक योजना, नेशनल एक्शन फार ड्रग डिमांड रिडक्शन-एनएपीडीडीआर चला रहा है। इसके अंतर्गत राज्य सरकारों तथा संघशासित प्रशासनों को वित्तीय सहायता दी जाती है। इसका उद्देश्य नशाखोरों में निरोधक शिक्षा व जागरूकता कार्यक्रम, क्षमता निर्माण, कौशल विकास तथा व्यावसायिक शिक्षा के साथ ही उनको आजीविका सहायता देना है। 2021-22 में एनएपीडीडीआर का लाभ 2,85,559 लोगों को मिला। बहुसंख्य लाभार्थियों में आंध्र प्रदेश से 15,295, दिल्ली से 17,019, हरियाणा से 6,940, हिमाचल प्रदेश से 12,619, मध्य प्रदेश से 48,929, पंजाब से 9,555, राजस्थान से 22,103, तेलंगाना से 6,620, उत्तर प्रदेश से 16,503 तथा पश्चिम बंगाल से 7,633 शामिल हैं।

इसी प्रकार अगस्त, 2020 में नशा मुक्त भारत अभियान-एनएमबीए शुरू किया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न हितधारकों, जैसे महिलाओं, बच्चों, शिक्षा संस्थानों, सिविल सोसाइटी संगठनों, आदि की सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से नशीले पदार्थों के उपयोग को प्रभावित कर सकते हैं। अब तक जमीनी स्तर पर की गई विभिन्न कार्रवाइयों के माध्यम से 12 करोड़ से अधिक लोगों से संपर्क किया गया है। चार हजार से अधिक युवा मंडल, नेहरू युवा केन्द्र-एनवाईके तथा एनएसएस स्वयंसेवकों, युवा क्लबों, आदि को एनएमबीए से जोड़ा गया है।

आंगनबाड़ी केन्द्रों, आशा वर्करों, एएनएम, महिला मंडलों तथा महिला एसएचजी के माध्यम से 2.05 करोड़ से अधिक महिलाओं की सहभागिता भी इस कार्यक्रम में हुई। 1.19 लाख से अधिक शिक्षा संस्थानों ने छात्रों व युवाओं के साथ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनको देश भर में एनएमबीए के साथ जोड़ा है। हालांकि, ड्रग एब्यूज़ रोकने के लिए बहुत कुछ किया जा रहा है, पर हमें एक समग्र डिजिटल विषयवस्तु की जरूरत है जिससे जनता में ड्रग एब्यूज़ के हानिकारक प्रभावों की जानकारी दी जा सके। हमें पाठ्यपुस्तकों में इससे संबंधित अध्यायों तथा फिल्मों में स्थान की जरूरत है ताकि जनता को नशीले पदार्थों के शिकंजे में फंसने से रोका जा सके। समग्र दृष्टिकोण का विचार केवल ड्रग एब्यूज़ पर नियंत्रण के लिए नहीं, बल्कि पीड़ितों के पुनर्वास के लिए भी आवश्यक है।

उनको सामाजिक रूप से अलग-थलग करने के बजाय हमें उन तक संवेदनशीलता के साथ पहुंचने और उनकी सहायता करने की आवश्यकता है ताकि वे अपनी गलतियां समझ कर सामान्य जीवन में लौट सकें। समय आ गया है कि हम सभी इस अवसर पर उठ खड़े हों तथा नशीले पदार्थों की विभीषिका से मुक्त होकर एक स्वस्थ, समृद्ध व शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण कर सकें।

# एक साथ चल सकते हैं उत्सव और शोक

> उत्सव और शोक दो विलक्षण भावनाएं और कुछ नहीं बल्कि आर्ट ऑफ लिविंग के एक सूत्र या ज्ञान बिंदु का प्रतिबिंब हैं।

**रवि वल्लूरी**
(लेखक, रेलवे से संबद्ध हैं)



वाराणसी का मणिकर्णिका घाट दो रूह कंपा देने वाले कामों के लिए मशहूर है। घाट के एक छोर पर भक्तों द्वारा भगवान शिव की पूजा की जाती है और दूसरे छोर पर मृतकों को अग्नि दी जाती है। एक बार यह सोचकर आश्चर्य होता है कि क्या उत्सव और शोक एक साथ हो सकते हैं। खैर, ये दो विलक्षण भावनाएं और कुछ नहीं बल्कि आर्ट ऑफ लिविंग के एक सूत्र या ज्ञान बिंदु का प्रतिबिंब हैं। सीधे शब्दों में कहें तो इसका मतलब है कि विपरीत मूल्य पूरक हैं।

एक पाठ्यक्रम के दौरान, एक भक्त को गुरुदेव श्री श्री रविशंकर से पूछना था कि कैसे विपरीत मूल्य विरोधाभासी होने के बजाय पूरक होते हैं।

आध्यात्मिक गुरु ने अपने रहस्यमय तरीके से उत्तर दिया जिससे हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। क्या आप फ़िल्में देखते हैं? अब मान लीजिए कि आप किसी निर्देशक से बात करते हैं और निर्देशक से कहते हैं, आप अपनी फिल्म में खलनायक क्यों चाहते हैं? आप ये सब रोमांच क्यों चाहते हैं? तुम्हें तो सब कुछ बहुत सहज कर देना चाहिए था। वह क्या कहेगा? एक लड़का था और एक लड़की थी, वे एक-दूसरे से मिले और उन्होंने शादी कर ली। उन्हें बच्चे हो गए और बस, फिल्म ख़त्म हो गई। इसमें कोई रोमांच नहीं है, लड़की खो नहीं गई या कोई ड्रामा नहीं है, कोई आँसू नहीं है, कोई गुस्सा नहीं है और इनमें से कोई भी बड़ा मुद्दा नहीं है। क्या कोई वह फिल्म देखेगा? यहां तक कि एक प्रेम कहानी भी नहीं देखी जाएगी, है ना? तो, क्या आपके प्रश्न का उत्तर मिल गया है? विपरीत मूल्य पूरक हैं।

मानव जीवन और राष्ट्रों का इतिहास उलटफेर और सिनोडिक वक्रों से भरा



पड़ा है। जीवन में कोई सीधी रेखा नहीं है. भारत का विभाजन दो देशों में हुआ; भारत और पाकिस्तान. देश पश्चिमी और पूर्वी पाकिस्तान के बीच फंसा हुआ था।

यहां तक कि जब भारत विदेशी दासता से मुक्त हुआ तब भी बड़े पैमाने पर प्रवासन हुआ और लाखों मुसलमानों और हिंदुओं ने अपनी नई मातृभूमि की ओर पैदल यात्रा की। उत्सव के साथ-साथ रोना-धोना भी मनाया गया क्योंकि लापरवाह धार्मिकता और प्रतिशोध ने विवेक और तर्क की आवाज को दबा दिया। विडंबना यह है कि जश्न एक बार फिर मातम में बदल गया।

धार्मिक आधार पर इस विभाजन की योजना मानचित्रकार सिरिल रैडक्लिफ के दुष्ट दिमाग द्वारा बनाई और क्रियान्वित की गई थी, जो कभी भारत नहीं आए थे, और पूर्व और पश्चिम बंगाल की मिश्रित संस्कृति को समझे बिना।

बारीकी से जांच करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि 1940 के दशक में और विशेष रूप से दुखद विभाजन के दौरान बंगाल में जो कुछ हुआ, उसके बीज ब्रिटिश और लॉर्ड कर्जन की मैकियावेलियन विचारधारा द्वारा बोए गए थे और जल्द ही उनका जश्न आम तौर पर भारतीयों और बंगालियों के शोक में बदल गया। विशिष्ट।

इस बीच, आज़ादी के बाद के इतिहास में, पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान के प्रांतों के बीच स्पष्ट तनाव था। पाकिस्तानी जनरलों को यह जानकर बहुत डर लगा कि किसी देश पर कैंची चलाने और धर्म के आधार पर गठन से अपेक्षित लाभ नहीं मिला क्योंकि इकाई में सांस्कृतिक एकरूपता का अभाव था।

अवामी लीग के प्रमुख नेता मुजीबुर रहमान ने व्यापक समर्थन के साथ अविभाजित पाकिस्तान में चुनाव जीता था, लेकिन पंजाबी पाकिस्तानी जनरल सत्ता छोड़ने के लिए अनिच्छुक थे। उनका जश्न मातम में बदल गया क्योंकि भारत ने पूर्वी पाकिस्तान में मुक्ति वाहिनी को खड़ा करने और सहायता करने में मदद की, जिसने पश्चिमी पाकिस्तान के नेताओं द्वारा सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की।

26 मार्च 1971 का युगांतकारी दिन बांग्लादेश का आधिकारिक स्वतंत्रता दिवस माना जाता है। पाकिस्तान के टुकड़े होने पर भारत में व्यापक जश्न मनाया गया। एक राज्य ने अपना स्वतंत्रता दिवस मनाया, जबकि दूसरा राज्य शोक और अंधकार में डूब गया। निश्चित रूप से, तथ्य कल्पना से अधिक अजीब है।

## आप की बात

### भारत-अमेरिका संबंध

**मोदी** की हालिया अमेरिका यात्रा पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी रहीं। यह दौरा दोनों देशों के संबंधों में नए आयाम गढ़ने वाला रहा। एक समय भारत के लिए रूस सबसे महत्वपूर्ण साथी के रूप में सामने आया था। संदेह नहीं कि रूस ने कुछ अहम मौकों पर भारत का साथ दिया था। लेकिन अब परिस्थितियां बदल रही हैं। नए परिदृश्य में अमेरिका ने स्वयं ही भारत के साथ संबंधों को गंभीरता से स्वीकार किया है। आज अमेरिका ज्यादा प्रासंगिक सहयोगी के रूप में सामने आ रहा है। सीमा पर चीन की हरकतों व हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति स्थापना के मामले में भी अमेरिका अधिक गंभीर है। भारत भविष्य के विकास की जो गाथा लिखना चाहता है उसमें प्रौद्योगिकी की बड़ी भूमिका होगी। अमेरिका तकनीक साझा करने का इच्छुक भी है। जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत व सम्मान अमेरिका में हुआ है, इससे पहले शायद ही कभी ऐसी तस्वीर दिखाई दी हो। दोनों देशों के रक्षा, तकनीक व ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं। यह समझौते नए दौर में दोनों देशों के मजबूत संबंधों की इबारत लिखने वाले सिद्ध हो सकते हैं। मोदी का जोरदार स्वागत वैश्विक मंच पर भारतवंशियों की मजबूत होती स्थिति का भी प्रमाण है।

- **सदन जी,** पटना

### एनजीटी के नियम

**एनजीटी** द्वारा हमारे निजी वाहनों को 10 साल एवं 15 साल के उपयोग के बाद कण्डम करने के हम सभी पर जो नियम लगाए जा रहे हैं वे आम जनता को परेशानी में डालने वाले हैं। यह नियम केवल व्यवसायिक वाहनों के लिए तो ठीक हैं परन्तु निजी वाहनों के लिए बिल्कुल भी लागू नहीं होने चाहिये। हम सभी जानते हैं कि निजी वाहन, विशेष कर मध्यमवर्गीय व निम्न मध्यम वर्ग के लोगों के चौपहिया वाहन इतने समय में कुछ ज्यादा नही चल पाते हैं। अति आवश्यक होने पर ही ये सडक पर निकलते हैं। सभी मध्यमवर्गीय परिवार की सुविधा के लिए ही वाहन खरीदते हैं ताकि बसों एवं ट्रेनों की भीड़ से बचा जा सके एवं इनकी मैनटेन्स का भी सभी बहुत ज्यादा ध्यान रखते हैं। अत: पन्द्रह वर्ष की इतनी कम अवधि में वाहन को कन्डम घोषित करना हमारे उपर घोर अन्याय है। बडी मुश्किल से एक-एक पैसा जोड़कर हम अपनी फैमिली के लिए यह सुविधा कर पाते हैं। यह कहना भी उचित नहीं है कि ऐसे निजी वाहन ज्यादा प्रदूषण फैलाते हैं क्योंकि वाहन स्वामी को पेट्रोल खर्च की भी चिन्ता होती है। ऐसे में एनजीटी को निजी वाहनों के संबंध में अलग नीति बनानी चाहिए।

- **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### असमय मृत्यु

**नई दिल्ली** रेलवे स्टेशन पर युवा शिक्षिका साक्षी आहूजा की पार्किंग में करंट लगने के कारण असमय एवम दर्दनाक मृत्य एक हृदय विदारक घटना है। देश की राजधानी में यदि जलभराव की समस्या है, पानी में करंट की समस्या है, सीवर की समस्या है, सफाई की समस्या है, कानून व्यवस्था की समस्या हैं, अतिक्रमण की समस्या है, सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या है एवम कुत्तों की काटने की समस्या है तो इस सभी व्यवस्थाओं पर एक बड़े सर्वे और अध्ययन की जरूरत है। लगता है कि दिल्ली बेकाबू, बेरहम व बेपरवाह शहर होता जा रहा है। दिल्ली के राज्यपाल एवम मुख्यमंत्री के द्वारा संवाद व समन्वय स्थापित कर सभी संबंधित विभागों को बड़ी जिम्मेदारी देनी होगी। आखिर कब तक दर्दनाक हादसे सामने आते रहेंगे। इस घटनाक्रम में रेलवे विभाग पूरी तरह जिम्मेदार है। आखिर पार्किंग को ठेके पर दिया गया होगा और उसके रखरखाव की जिम्मेदारी भी होगी। इसलिए प्रकरण की जांच हेतु एक उच्चस्तरीय जांच बैठाई जाये। दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके देश के लिए यह स्थिति सुखद नहीं है।

- **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### कांग्रेस का हाल

**कांग्रेस** एवं आप पार्टी में आज दिल्ली में गठबंधन संभव है या नहीं। एक समय आप ने शीला दीक्षित की कांग्रेस सरकार को हराकर ही अपनी सत्ता की शुरुआत की थी। कांग्रेस इस बात को भूली नहीं है। आप व कांग्रेस के बीच टकराव के कई मुद्दे हैं। ऑर्डिनेंस, जांच एजेंसियों की कार्यवाही, सियासी तकरार एवं अनेक मामलों पर मतभेद। कांग्रेस देश की एक राष्ट्रीय पार्टी है और दिल्ली की सत्ता पाने के लिए भी संघर्ष कर रही है। हालांकि, आप भी अब राष्ट्रीय पार्टी बन गई है, पर कांग्रेस का देश में अपना एक अलग ही महत्व है। अनेक क्षेत्रीय पार्टियां भी कांग्रेस से ही निकलकर बनी है। यही कारण है कि आप पार्टी कांग्रेस से घबरा रही है। यही हाल कई राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियों का है। कांग्रेस जहां संप्रग की दस साल चली सरकार की तरह केन्द्र में रह कर शासन करना चाहती है, वहीं अनेक क्षेत्रीय नेता चाहते हैं कि कांग्रेस उनका समर्थन करे। कांग्रेस कभी 400 सीट से कम पर चुनाव नहीं लड़ी, पर ममता बनर्जी के फार्मूले से उसे 300 से भी कम सीटें मिलेंगी। देखना है कि कांग्रेस का क्या हाल होगा।

-**मनमोहन राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# विंध्य व बुंदेलखंड में अगस्त तक पहुंचाएं हर घर नल से जल

## 1 करोड़ 30 लाख से अधिक परिवारों को मिलने लगा शुद्ध पेयजल

- हर घर नल से जल वाला पहला जिला बनने की ओर अग्रसर महोबा
- सीएम का निर्देश, हर दिन लगाएं 50 हजार नल कनेक्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के हर नागरिक को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में जल जीवन मिशन और नमामि गंगे परियोजना की प्रगति की समीक्षा की और हर घर तक नल से जल पहुंचाने के प्रयासों को तेज करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

'हर घर नल-हर घर जल' के संकल्प के साथ प्रदेश के 2.65 करोड़ ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का महाभियान चल रहा है। जल जीवन मिशन के प्रारंभ से पूर्व मात्र 5.16 लाख परिवारों को ही नल से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता थी। लगातार प्रयासों से आज 1 करोड़ 30 लाख से अधिक परिवारों के लिए शुद्ध पेयजल का सपना साकार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अकेले 59.38 लाख कनेक्शन वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगाए गए हैं। शेष घरों को भी पाइप्ड पेयजल की सुविधा मिले, ऐसे में इस कार्य को समयबद्धता के साथ चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाए।

योगी ने कहा कि जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री की प्राथमिकता में है। भारत सरकार द्वारा इसके क्रियान्वयन की सतत समीक्षा की जा रही है। यह सुखद है कि जून 2023 के सर्वेक्षण में अचीवर श्रेणी के सभी तीन जिले (गौतमबुद्ध नगर, जालौन और शाहजहांपुर) उत्तर प्रदेश के हैं। परफॉर्मर श्रेणी में मैनपुरी और औरैया को शीर्ष दो स्थान मिले हैज जबकि एस्पिरेन्ट्स श्रेणी में आजमगढ़ शीर्ष पर है। ऐसे ही प्रयास सभी जिलों में किए जाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि अप्रैल 2022 में प्रदेश में 22714 नल कनेक्शन हर महीने लगाए जा रहे थे, जो आज मई 2023 में 12.96 लाख कनेक्शन हर महीने तक पहुंच गए हैं। वर्तमान में 43 हजार नल कनेक्शन हर दिन लगाए जा रहे हैं, इसे 50 हजार दैनिक तक विस्तार दिए जाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन की पूर्णता के लिए मार्च 2024 तक का लक्ष्य रखा है। प्रत्येक दशा में इस अवधि तक हर घर नल से जल की सुविधा उपलब्ध हो जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन जैसे आम आदमी के जीवन को सरल बनाने वाली राष्ट्रीय योजनाओं की सफलता उत्तर प्रदेश के प्रदर्शन पर निर्भर करती है। उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य है, तो हमारी जिम्मेदारी भी बड़ी है। जल जीवन मिशन के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं है। आवश्यकतानुसार मैनपॉवर बढ़ाया जाए। हर गांव में प्रशिक्षित प्लम्बर की तैनाती कर दी जाए। इसमें अनावश्यक देरी न हो।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में शुद्ध पेयजल एक सपना था। आज यह सपना साकार हो रहा है। यह दोनों ही क्षेत्र शीर्ष प्राथमिकता में है। सतत प्रयासों से महोबा, प्रदेश का पहला ऐसा जिला बनने जा रहा है, जहां हर घर नल से जल की सुविधा होगी। झांसी, ललितपुर, हमीरपुर, जालौन, बांदा, चित्रकूट, मीरजापुर, सोनभद्र सहित पूरे विंध्य-बुंदेलखंड में आगामी 2 माह में हर घर नल से जल का लक्ष्य पूरा कर लिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 98445 गांवों में से 91919 गांवों में काम जारी है। सभी गांवों में समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराएं। जिन 6800 गांवों के लिए डीपीआर तैयार है, उनकी एसएलएसएससी की स्वीकृति की प्रक्रिया प्रत्येक दशा में यथाशीघ्र पूरी कर ली जाए। गांवों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। यह देश के लिए जल संचय का एक अच्छा मॉडल बन सकता है।

सीएम ने कहा कि विंध्य-बुन्देलखण्ड में पाइप्ड पेयजल के लिए बिजली कनेक्शन में अनावश्यक देरी न की जाए। नमामि गंगे विभाग और ऊर्जा विभाग परस्पर समन्वय के साथ इस काम को समय से पूरा कराएं। बुंदेलखंड में जलापूर्ति में जलाशयों की बड़ी भूमिका है। इनमें सिल्ट की समस्या है। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा जलाशयों को डी.सिल्ट करने की कार्यवाही की जाए। जल जीवन मिशन से 100: संतृप्त गांवों का पारदर्शिता के साथ सत्यापन होना चाहिए।

## राज्यसभा सांसद हरद्वार दुबे का निधन, सीएम ने जताया शोक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद हरद्वार दुबे का सोमवार को दिल्ली में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया। सीएम योगी ने ट्वीट कर कहा कि माननीय राज्यसभा सांसद व उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री हरद्वार दुबे का निधन अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्रीराम दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान व शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहने की शक्ति दें। ऊं शांति!

गौरतलब है कि हरद्वार दुबे संघ के पुराने कार्यकर्ता का भी दायित्व संभाल चुके हैं। वे भारतीय जनता पार्टी से दो बार विधायक चुने गए थे। श्री दुबे कल्याण सिंह शासन में वित्त राज्यमंत्री भी रह चुके हैं। 2020 में वे उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद चुने गए थे। इसके अलावा हरद्वार दुबे भारतीय जनता पार्टी संगठन में भी कई पदों पर रह चुके थे।

# बैंकर्स समिति की बैठक में 3.75 लाख करोड़ के ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित

- वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक ऋण योजना की पुस्तिका का किया विमोचन किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वित्तमंत्री** सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की मार्च 2023 त्रैमास की बैठक महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ सभागार बड़ौदा हाउस विभूति खण्ड गोमतीनगर में आयोजित की गई। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने प्रदेश के विकास में समस्त बैंको द्वारा दिये जा रहे योगदान की सराहना की। बैठक के दौरान उन्होनें वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु वार्षिक ऋण योजना की पुस्तिका का विमोचन किया। वर्ष 2023-24 हेतु वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत 3.75 लाख करोड़ रुपए के ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने वार्षिक ऋण योजना 2022-23 के अंतर्गत शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल किये जाने पर बैंकों की सराहना की तथा चालू वितीय वर्ष में भी सभी बैंकों को आवंटित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया।

वित्त मंत्री ने कहा कि किसान, केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, स्वयं सहायता समूहों, एफपीओ, एआईएफ एवं समाज के कमजोर तबकों को व्यापक स्तर पर विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करने के लिए प्रदेश के समस्त बैंकों से आह्वाहन किया, जिससे प्रदेश के ऋण जमा अनुपात में और अधिक वृद्धि हो सकेगी। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं तथा बैंकर्स को सभी सम्भव सहयोग करने एवं अपने अधीनस्थ सभी बैंक शाखों की यथोचित समीक्षा करने व प्रदेश में अधिक से अधिक ऋण प्रवाह बढ़ाये जाने के लिए आवाहन किया। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सभी बैंकों की जमा राशि मार्च 2022 के सापेक्ष 13.96 लाख करोड़ रूपए के स्तर से बढ़कर मार्च 2023 में रू 15.58 लाख करोड़ को पार कर गयी है जो 11.60 प्रतिशत की उत्कृष्ट वृद्धि को दर्शाता है। इसी प्रकार विगत वर्ष मार्च 2022 के अग्रिम रू 7.31 लाख करोड़ में भी रु 1.19 लाख करोड़ से अधिक की वृद्धि दर्ज करते हुए मार्च 2023 में कुल अग्रिम 8.50 रुपए लाख करोड़ रुपए के स्तर तक पहुँच गया है। बैंक ऑफबड़ौदा के कार्यपालक अधिकारी अजय के खुराना ने घरेलू आर्थिक परिदृश्य के विषय पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न मापदंडों पर बैंकों द्वारा अर्जित प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान बेहतर प्रगति करने के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स से आह्वाह्न किया। हमारा प्रदेश प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत 8.68 करोड़ खाते खोलते हुए प्रथम स्थान पर है। जनसुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत 6.36 करोड़ से अधिक नामांकन करते हुए हमारा प्रदेश प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में प्रथम एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में द्वितीय स्थान पर है। उन्होंने बताया कि वार्षिक ऋण योजना 2022-23 के अंतर्गत आवंटित लक्ष्य 294988 करोड़ रूपए के सापेक्ष 300430 करोड़ रूपए (102 प्रतिशत) की उपलब्धि हासिल की गयी है। प्रदेश ने प्रथम बार वार्षिक ऋण योजनांतर्गत लक्ष्य शत प्रतिशत प्राप्त किया है। बैठक में मार्च 2023 की समाप्त तिमाही हेतु प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र और सरकार प्रायोजित योजनाओं के विभिन्न मापदंडों के अंतर्गत बैंकों की प्रगति की समीक्षा की गई। अपने स्वागत संबोधन में राजेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक और संयोजक, एसएलबीसी ने विभिन्न मापदंडों के अंतर्गत दर्ज प्रगति प्रस्तुत की तथा गत तिमाही के दौरान सम्पन्न विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। बैठक में अजय के. खुराना, कार्यपालक निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा, शिव सिंह यादव, महानिदेशक संस्थागत वित्त एवं बाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय राजेश कुमार सिंह, महाप्रबन्धक एवं संयोजक, एसएलबीसी, प्रांजल यादव, सचिव, एमएसएमइ विभाग राज शेखर, सचिव कृषि विभाग श्रद्धा ठाकुर, महाप्रबंधक भारतीय रिज़र्व बैंक लखनऊ एसके दोरा, मुख्या महाप्रबंधक, नाबार्ड, राज्य व केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और बैंकों व वित्तीय संस्थाओं के कार्यपालकों द्वारा भाग लिया गया।

# विश्व के प्रभावशाली देश भी आज भारत के साथ दिखाई देते हैं खड़े: भूपेन्द्र सिंह

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राजधानी में घर-घर संपर्क कर साझा की सरकार की उपलब्धियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सोमवार को घर-घर संपर्क व संपर्क से समर्थन अभियान के तहत राजधानी लखनऊ में मोदी सरकार की उपलब्धियां जनता के बीच साझा की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार के गरीब कल्याण को समर्पित 9 वर्षों की उपलब्धियों के साथ कैंट मण्डल के मोती लाल नेहरू वार्ड के बूथ संख्या 24 व 25 में सम्पर्क से समर्थन अभियान के तहत विशिष्ठ जनों से सम्पर्क तथा घर-घर संपर्क अभियान के तहत घर-घर जा कर जनसम्पर्क किया। जन सम्पर्क के दौरान 9090902024 पर मिस्ड कॉल कराकर नागरिकों को भाजपा के साथ जोड़ा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने जन सम्पर्क करते हुए कहा कि प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 9 वर्षों में देश की तस्वीर बदली है। आज पूरा देश ही नहीं विश्व के प्रभावशाली देश भी भारत के साथ खड़े दिखाई देते है। केन्द्र की भाजपा सरकार के 9 वर्षों का कार्यकाल गरीब.कल्याण और भारत के नवनिर्माण को समर्पित रहा है। आज पूरा विश्व कह रहा है कि 21वीं सदी भारत की सदी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने परिवारवादए जातिवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म कर विकासवाद की राजनीति को स्थापित किया है। आज का भारत अपनी विरासत और संस्कृति को संजोते हुए विकास के नित नए आयामों को छूने वाला है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल बेमिसाल हैं। नौ साल में देश प्रदेश बदल रहा है। मोदी सरकार के कार्यों को हम जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। सरकार की साफ नीयत और ईमानदार सोच के चलते आज हितग्राहियों को हर योजना का पूर्ण हितलाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब के जीवन की खुशहाली, देश की आर्थिक व सामरिक सम्पन्नता, विश्व मंच पर भारत की मजबूती तथा भारतीय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का मूलमंत्र ही मोदी सरकार के संकल्प में समाहित है। इसके उपरांत प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने 'संपर्क से समर्थन' अभियान के तहत पूर्व उपनिदेशक चकबंदी व अध्यक्ष अमीर नगर एसोसिएशन बीडी कुलश्रेष्ठ के मोती नगर स्थित आवास, प्रबंधक गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज इंद्रमोहन सिंह के अमीर नगर स्थित आवास पहुंचे। इसके पश्चात यहियागंज गुरुद्वारा के अध्यक्ष गुरमीत सिंह के मोती नगर स्थित आवास पहुंचकर वहां उपस्थित चंदन नगर गुरुद्वारे के सतवीर सिंह आनंद व मनमोहन सिंह, सदर गुरुद्वारे के हरपाल सिंह जग्गी तेजपाल सिंह और कृष्णा नगर गुरुद्वारे के अध्यक्ष अवतार सिंह से भेंट की तथा नाका गुरुद्वारे के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा के नाका हिंडोला स्थित आवास पर पहुंचकर सम्पर्क से समर्थन अभियान के तहत सम्पर्क करते हुए मोदी सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर लिखित पुस्तक भेंट की।

# महाकुंभ से पहले प्रयागराज एयरपोर्ट का होगा कायाकल्प

- 175 करोड़ की लागत से एयरपोर्ट का होगा पुनर्विकास
- टर्मिनल व अन्य क्षमताओं के विस्तारीकरण की योजना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कुम्भ** नगरी प्रयागराज को देश के अलग-अलग शहरों से वायु मार्ग से जोड़ने के लिए योगी सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों से महाकुंभ से पहले प्रयागराज एयरपोर्ट का कायाकल्प होने जा रहा है। एयर कनेक्टिविटी से लेकर टर्मिनल के विस्तार और फ्लाइट्स की संख्या में प्रयागराज एयरपोर्ट ने कई शहरों के एयरपोर्ट को पीछे छोड़ दिया है। प्रयागराज में 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में दूसरे देशों से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सहूलियत को देखते हुए प्रयागराज एयरपोर्ट का कायाकल्प किया जा रहा है। एयरपोर्ट के निदेशक आरआर पांडेय के मुताबिक़ महाकुम्भ को देखते हुए एयरपोर्ट का 175 करोड़ की लागत से पुनर्विकास किये जाने की सरकार की योजना है। इसके लिए कार्य शुरू हो चुका है। अगले महीने इसकी टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो जायेगी। पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज विमान के दरवाजे को हवाई अड्डे के टर्मिनल से जोड़ता है। एयरपोर्ट में उड़ानों की आवाजाही का विस्तार होने के साथ पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज की संख्या भी बढ़ाना आवश्यक हो जाता है। प्रयागराज एयरपोर्ट के उप महाप्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह बताते हैं कि प्रयागराज एयरपोर्ट से मौजूदा समय में एयरोब्रिज की संख्या 2 है। महाकुम्भ के पहले इनकी संख्या बढ़कर 6 हो जाएगी। प्रयागराज एयरपोर्ट के इस विस्तारीकरण के बाद 6 एयरोब्रिज वाला यह यूपी का पहला एयरपोर्ट बन जाएगा। कुम्भ नगरी प्रयागराज का देश के विभिन्न शहरों में एयर कनेक्टिविटी का निरन्तर विस्तार हुआ है। लखनऊ और वाराणसी के बाद अब प्रयागराज एयरपोर्ट उड़ानों और यात्रियों की आवाजाही के मामले में तीसरे नंबर पर पहुच गया है। प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक आरआर पांडेय बताते हैं कि वर्तमान में इस एयरपोर्ट से 12 शहरों के लिए 24 घरेलू उड़ानें संचालित है। विस्तारीकरण की योजना के बाद महाकुम्भ तक इनकी संख्या भी 12 से बढ़कर 16 से अधिक हो जायेगी। यहाँ से प्रतिदिन हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या भी बढ़ रही हैं।

पिछले वर्ष प्रयागराज एयरपोर्ट से 548310 ने हवाई सफर तय किया था। इस तरह हर साल एक लाख से अधिक यात्रियों की संख्या में इजाफा हो रहा है । हर महीने, हर साल यात्रियों की संख्या में इजाफा करने के मामले में प्रयागराज एयरपोर्ट ने

# लखनऊ-हरदोई के मध्य शीघ्र स्थापित होगा टेक्सटाइल्स पार्क

- ओडीओपी उत्पादों की मार्केटिंग के लिए वाराणसी, लखनऊ और आगरा में बनेंगे यूनिटी माल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने कहा कि वस्त्रोद्योग से जुड़े उद्यमियों एवं कारीगरों की सुविधा के लिए शीघ्र ही हरदोई-लखनऊ के मध्य टेक्सटाइल्स पार्क के विकास का कार्य शुरू किया जायेगा। यह एक बड़ी परियोजना है, जिसके शिलान्यास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया जायेगा। यह जानकारी उद्यम मंत्री राकेश सचान ने सोमवार को गोमतीनगर स्थित एक होटल में एसोचैम द्वारा आयोजित दो दिवसीय एमएसएमई सम्मेलन में उद्यमियों को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक जिला एक उत्पादक (ओडीओपी) योजना को प्रारंभ किया और प्रधानमंत्री ने इस योजना को विश्व में फैलाया, उन्होंने कहा कि ओडीओपी कारीगरों, हस्तशिल्पियों के उत्पादों की मार्केटिंग के लिए वाराणसी, लखनऊ और आगरा में यूनिटी माल बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि छोटे उद्यमों के सामने पैकेजिंग की बड़ी समस्या है। अच्छी पैकिंग से उत्पादों के अच्छे दाम मिलते है। इसलिए लखनउ में एक पैकेजिंग संस्थान बनाये जाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में प्रदेश से एक लाख 74 हजार करोड़ रुपये मूल्य के उत्पादों का निर्यात हुआ हैए इसमें 80 प्रतिशत हिस्सेदारी ओडीओपी इकाइयों की रही है। राकेश सचान ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कार्यरत 90 लाख से अधिक एमएसएमई में से केवल 14 लाख छोटे उद्यमों का ही पंजीकरण है। राज्य में ज्यादा से ज्यादा एमएसएमई पंजीकरण हेतु आगे आयें इसके लिये उन्हें प्रोत्साहन दिया जा रहा है। राज्य सरकार एमएसएमई को पांच लाख रूपये तक का दुर्घटना बीमा दे रही है, इसके बाद से जून के महीने में ही अब तक 1.35 लाख नये एमएसएमई का पंजीकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि पंजीकृत उद्यमों को बैंकों और संस्थानों से वित्तीय सुविधा मिलने में आसानी होगा। उन्होंने कहा कि छोटे उद्यमियों को बैंकों से कर्ज मिलने में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। राज्य सरकार ने दो करोड़ रूपये तक कर्ज लेने वालों को सुविधा देते हुए उसकी गारंटी देने का फैसला किया है। इससे छोटे उद्यमों को कर्ज मिलने में और आसानी होगी। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शिवसुब्रमणियम रमण, एसोचौम की डब्ल्यूटीओ ट्रेड और इन्वेस्टमेंट की नेशनल काउंसिल के अध्यक्ष सुहैल नैथाणी, एसोचौम की बिजनेस फेसिलिटेशन एण्ड ग्लोबल कंपटीटिवनेस के सह अध्यक्ष रामचंद्रन वेंकटरमन, एनपीसीआई के अभिषेक कुंमार स्वर्णकार, एसोचौम की उत्तर प्रदेश विकास परिषद के सह अध्यक्ष अनुपम मित्तल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# भाजपा लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं को समाजवादी पार्टी के विरूद्ध भाजपा द्वारा किए जा रहे षड्यंत्रों से सचेत किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का चरित्र सत्ता का दुरुपयोग करने का है। लोगों में भ्रम पैदा करने में भाजपा और आरएसएस माहिर है। समाजवादी पार्टी के नेतृत्व को बदनाम करने में भाजपा कोई कसर नहीं छोडती है। इसलिए एकजुटता के साथ भाजपाई साजिशों का मुकाबला करने के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सतर्क एवं तैयार रहना होगा। सपा मुखिया अखिलेश ने यह बात सोमवार को सपा मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कही। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जान बूझकर लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रही है। वह पीडी, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों को संवैधानिक व्यवस्था से बाहर कर रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में आकण्ठ डूबी हुई है। भाजपा समाज में नफरत फैलाने की रणनीति को आगे बढ़ा रही है। भाजपा जातीय जनगणना की विरोधी है। भाजपा सामाजिक न्याय के भी विरुद्ध है। इसीलिए वह समाज को बांटने का काम कर रही है। किसान, गरीब, उसकी प्राथमिकता में नहीं है। नौजवानों का भविष्य अंधेरे में है। महिलाएं-बेटियां रोज अपमानित और दुष्कर्म की शिकार हो रही है। भाजपा सरकार को इनकी चिंता नहीं। अखिलेश यादव ने कहा कि 2024 का चुनाव आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है। भाजपा आने वाली पीढ़ी का भविष्य बिगाड़ने की कोशिश में है। देश के सामने बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार जैसी बड़ी समस्याएं है।

भाजपा इनसे ध्यान भटका कर इस बड़ी लड़ाई को कमजोर करना चाहती है। समाजवादी पार्टी भाजपा के मुकाबले के लिए तैयार है। समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा पर लोगों का भरोसा है। समाजवादी सरकार में हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों को बस जन.जन तक पहुंचाना है। लोक कल्याणकारी राज की स्थापना के लिए भारतीय संविधान को बचाना जरूरी है।

# काशी को 2024 के अंत तक मिलेगी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात

- बीसीसीआई संचालित प्रदेश का इकलौता स्टेडियम होगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अगले** साल के अंत तक काशी को मिल सकती है अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम की सौगात। ऐसा हुआ तो इसका निर्माण रिकॉर्ड समय में होगा। सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह उत्तर प्रदेश का पहला क्रिकेट स्टेडियम होगा जिसका संचालन बीसीसीआई करेगा। लांग टर्म लीज तहत वह हर साल इसके एवज में एक तय रकम भी सरकार को देगा।

करीब 31 एकड़ के विस्तृत परिसर पर में बन रहे इस स्टेडियम के निर्माण में करीब 350 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसकी सिटिंग कैपिसिटी (बैठने की या दर्शक क्षमता) 30 हजार होगी। काशी का यह स्टेडियम पूर्वांचल ही नहीं सटे हुए बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ियों के हुनर को निखारने का बेहतरीन केंद्र बनेगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में वर्ल्ड क्लास क्रिकेट स्टेडियम का प्रस्ताव पहले से था। समस्या जमीन की थी। पूरी प्रक्रिया में सितंबर 2022 से तेजी आयी। जमीन की खरीद के लिए 120 करोड़ रुपये का बजट कैबिनेट से मंजूर होने के बाद करीब 31 काश्तकारों से जमीन खरीदी गयी।

खास बात यह रही कि यह पूरी प्रक्रिया विवादरहित रही। सरकार की ओर से जमीन उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) को सौंपी जा चुकी है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में देश की सबसे नामचीन संस्थाओं में से एक लार्सन एंड टुब्रो (एलएनटी) को इसकी कार्यदायी संस्था बनाया गया है। डिजाइन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। डिजाइनध् नक्शे पर अंतिम निर्णय होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।



**यूपी** में क्रिकेट की प्रतिभाओं की भरमार है। सुरेश रैना, चाइनामैन कहे जाने वाले कुलदीप यादव, लेग स्पिनर पीयूष चावला, फास्ट बॉलर प्रवीण कुमार, बल्लेबाज के साथ कमाल के फील्डर रहे मोहम्मद कैफ जैसे नाम चीन खिलाड़ी उत्तर प्रदेश से ही रहे हैं। आईपीएल और अन्य लीगों में भी प्रदेश के कई खिलाड़ी बेहतर कर रहे हैं। काशी का स्टेडियम इनके साथ अन्य प्रतिभावान युवा क्रिकेटरों की प्रतिभा निखारने का जरिया बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि आबादी के अनुरूप उत्तर प्रदेश खेलों में भी सिरमौर बने। यह प्रयास उसी मंशा की एक कड़ी है।

**डॉ. नवनीत सहगल**
**अपर मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण**



**मोदी** और योगी की इस सौगात से बेहद खुश हूं' मैं उत्तर प्रदेश से हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के रूप में जो सौगात देने जा रहे हैं, उस पर एक क्रिकेटर होने के नाते मेरी खुशी और बढ़ जाती है। देवाधिदेव महादेव की काशी की अपनी अहमियत है। दुनिया के प्राचीनत, नगरों में शुमार काशी को तीनों लोकों में न्यारी कहा जाता। हर कोई एकबार देश की इस सांस्कृतिक नगरी काशी में आना चाहता है। ऐसे में देश-दुनिया का हर खिलाड़ी काशी में खेलने को लेकर रोमांचित होगा। यह पूर्वांचल ही नहीं सटे हुए मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड एवं छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ियों के हुनर को निखारने के बेहतरीन केंद्र बनेगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोच, जिम, क्लब और पिचें इनका जरिया बनेंगी। एक बार जब यहां रणजी, आईपीएलए टी-20 और टेस्ट मैचेज शुरू हो जाएंगे तो यह स्टेडियम हॉस्पिटैलिटी, टूरिज्म एवं इससे जुड़े सेक्टर के लिए भी बूस्टर साबित होगा।

**सुरेश रैना**
**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर**

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 27 जून 2023



# स्वास्थ्य टीम को गांव में मिले चिकन पॉक्स के 16 मरीज, दवाएं बांटी गईं



**लखीमपुर खीरी।** रमियाबेहड़ के गांव बैरिया में संक्रामक रोगों के फैलने की सूचना पर सीएमओ द्वारा एक टीम भेजकर जांच कराई गई। जिसमें 16 मरीज चिकन पॉक्स से पीड़ित पाए गए। कमाल अहमद की मृत्यु को लेकर टीम द्वारा जो जानकारी इकट्ठा की गई जिसमें पता चलता है कि कमाल का इलाज गांव के ही झोलाछाप डॉक्टर से कराया गया, हालत बिगड़ने पर उसे झोलाछाप डॉक्टर द्वारा रेफर कर दिया गया। जहां रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि सीएचसी रमियाबेहड़ के गांव बैरिया में संक्रामक रोगों के फैलने की सूचना मिली। साथ ही वहां के निवासी कमाल अहमद ;35द्ध पुत्र इकबाल मृत्यु चिकन पॉक्स से होने की सूचना मिली। जिस पर उनके द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सक डॉण् अनिल वर्माए मेडिकल ऑफिसर डॉ एस चंद्राए फार्मासिस्ट वेद प्रकाश और वार्ड बॉय अखिलेश सहित एएनएम शीला मौर्य व आशा ननकई देवी सहित 6 सदस्य टीम को गांव में जांच के लिए भेजा गया। जहां पर टीम द्वारा करीब 27 लोगों की जांच की गई। जिसमें 16 मरीज चिकन पॉक्स के मिले, जिन्हें दवाइयां दी गईं। वहीं मृतक कमाल अहमद के घर पर टीम ने जाकर जानकारी की तो घरवालों ने बताया कि मृतक कमाल अहमद को 7 दिन पहले से बुखार आया था। उसके अगले दिन पूरे शरीर पर बड़े.बड़े दाने पड़ गए थे। जिसका इलाज घरवालों द्वारा झोलाछाप चिकित्सक से कराया गया। हालत बिगड़ने पर झोलाछाप चिकित्सक ने लखीमपुर रेफर कर दिया। जहां से रास्ते में लाते समय उसकी मौत हो गई। वही जांच टीम को कमाल अहमद के घर में चिकन पॉक्स का कोई मरीज नहीं मिला है। उपरोक्त जानकारी के अनुसार कमाल अहमद की मौत दवाओं के दुष्परिणाम या सेप्टीसीमिया से होना प्रतीत होता है। साथ ही उन्होंने यह भी अपील की कि सदैव योग्य और प्रशिक्षित चिकित्सक से ही इलाज करवाएं।

# पशु बने परेशानी का सबब आए दिन हो रहे सड़क हादसे

**संवाददाता।** मोहम्मदी.खीरी

**कस्वे** की सड़कों पर बेसहारा पशुओ की संख्या लगातार बढ़ रही है।जिससे यह मुख्य मार्गो पर हादसों का सबब बन रहे हैं।गौ आश्रय केंद्रों में गौ वंशो के संरक्षण की योजना परवान नहीं चढ़ पा रहीं है। कस्बा मोहम्मदी व कस्वे से सटे दिलावरपुर, बवौरी, गगरेनी, घमौला, बिचपरी सहित आस.पास के ग्रामीण क्षेत्रों में ये बेसहारा पशु झुंड बनाकर घूम रहे हैं। बताते चले इन दिनों सम्पूर्ण कस्वा इन बेसहारा पशुओ की चहल कदमी से परेशान है। जिसमे सबसे ज्यादा दिक्कत किसानों व राहगीरों को हो रहीं है। संबधित विभाग जिस पर शायद ही कोई ध्यान दे रहा हो। हालांकि पालिका प्रशासन का काजी हाउस में अस्थायी गौ आश्रय केंद्र का उद्घटान हो गौ वंशो को रखा जाना था।लेकिन इस गौ आश्रय केंद्र में अब तक कितने गौ वंश रहे ये सिर्फ कागज ही बता सकते है ।

कस्वे के चारो ओर इन बेसहारा पशुओ का झुंड ज्यादातर समय घूमता रहता है। एक तरफ जहां अचानक वाहनों के सामने पशु आ जाने से हादसे का खतरा बना रहता है तो वही यातायात भी प्रभावित होता है। यही हालात कस्बा क्षेत्र के बाजार खुर्द, बाजार गंजएबबौरी सहित जगहों पर इन पशुओ का झुंड बना रहता है। लोगों के मुताबिक इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी के चलते किसान खेत की सिंचाई कर रहे हैं, जिससे इन पशुओ को बैठने को सूखा स्थान न मिलने से ये पशु कस्बा क्षेत्र की ओर बढ़ रहे हैं। मोहल्ले में व सड़क किनारे फल.सब्जी, छिलके व बचा हुआ खाना इत्यादि से पेट भरने को मजबूर है।

## दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग वितरण

**मितौली.खीरी।** दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग तथा सहायक उपकरण दिए जाने हेतु मितौली ब्लाक सभागार में चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में कई विशेषज्ञ डॉक्टरो ने परीक्षण किया। मितौली ब्लॉक सभागार में दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग लखीमपुर द्वारा सोमवार को दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग तथा सहायक उपकरण दिए जाने हेतु चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए कई विशेषज्ञ डाक्टरो द्वारा लोगो का परीक्षण किया गया। इस दौरान शिविर में 46 दिव्यांगजनो में रजिस्ट्रेशन कराया। शिविर में नाकएकान व गला रोग विशेषज्ञ डॉ रामकिशनए आँख रोग विशेषज्ञ डॉ पूनमए आर्थोपेडिक सर्जन डॉ हरिराम ने सही शिविर में आए दिव्यांगजनो का परीक्षण किया। शिविर का संचालन सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण विशाल जैसकर एशिवम पटेल दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग आदि लोग मौजूद रहे।

# महिला की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी पति हुआ गिरफ्तार

**संवाददाता।** लखीमपुर.खीरी

**4 दिन** पहले पत्नी की पति द्वारा की गई। हत्या का खुलासा सदर पुलिस द्वारा किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचकोड़वा मे सावित्री नाम की महिला की 3 दिन पहले मृत्यु हो गयी थी। जिसके सम्बन्ध मे पूर्व मे थाना कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट की रिपोर्ट में गहरे चोट के निशान मिले। जाँच से पाया गया कि पिछले कई दिनो से पति व पत्नी का विवाद चल रहा था। दिनाँक 23.06.2023 की रात्रि 10 बजे मृतका सावित्री के पति सन्दीप कुमार द्वारा मारपीट कर छत से फैंककर हत्या कर देने का पता चला। जिसके सम्बन्ध में मृतका के भाई रिंकू पुत्र रामसनेही नि0 मोहम्मदपुर कैमहरा थाना कोतवाली सदर जिला खीरी की तहरीर पर 25.06.2023 को थाना कोतवाली सदर पर धारा 302 का मुकदमा दर्ज किया गया। चन्द्र शेखर सिंह सदर कोतवाल लखीमपुर ने बताया कि मृतका के पति संदीप से पूछ तांछ की गई। पूंछ तांछ में सन्दीप ने बताया कि उसने पत्नी को छत से जीने पर ढकैल दिया थाए घटना को छुपाने के लिए जीने से गिरने की बात ससुराल वालो को बताई गई। पीएम रिपोर्ट एवं जांच में पत्नी का हत्यारा पति निकला है। आरोपी पति संदीप को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी पति ने अपना नाम सन्दीप कुमार पुत्र रामसिंह उर्फ छंगा नि0 पचकोड़वा थाना कोतवाली सदर बताया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शामिल सदर कोतवाल चन्द्रशेखर सिंह, उ0नि0 कमलेश कुमार राजभर, उ0नि0 दिनेश कुमार शुक्ल, हे0का0 अविनाश सिंह सहित आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## गांव में बिजली विभाग के राजस्व वसूली कैंप का निरीक्षण

**मितौली.खीरी।** रामनगर गांव में बिजली विभाग के राजस्व वसूली कैंप का प्रबंध निदेशक लखनऊ ने औचक निरीक्षण किया। साथ ही बकाया होने पर काटे गए कनेक्शन को भी चेक किया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के द्वारा विधुत वितरण खंड द्वितीय लखीमपुर के अन्तर्गत विधुत उपकेंद्र मितौली के गांव रामनगर में बिजली विभाग के राजस्व वसूली कैंप का प्रबंध निदेशक लखनऊ भवानी सिंह खरगौत ने औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही प्रबंधक निदेशक के द्वारा बकाये पर कटे हुए गांव के 6 कनेक्शनों को भी चेक किया गया। इसके अलावा राजस्व वसूली, नेवर पेड एवं लाइन हानियों के बारे में जानकारी ली गई। राजस्व वसूली बढ़ाने एवं लाइन हानियों को कम करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। शैलेंद्र सिंह अधिशाषी अभियंता लखीमपुर, एसडीओ एजाज अहमद, जेई देवतादीन सहित अन्य स्टॉप मौजद रहा।

# महाविद्यालय के छात्र सात जुलाई तक करें आवेदन

**लखीमपुर.खीरी।** महाविद्यालय में अध्ययनरत लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र को छात्राओं सूचित किया जाता है कि सम सेमेस्टर जून.2023 स्नातक (बीए, बीएससी, बी.काम) चतुर्थ सेमेस्टर व परास्नातक (एमए, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान व एमण्काम.वाणिज्य एवं एम.एससी वनस्पति विज्ञान) तथा बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर के नियमित परीक्षाओं के ऑनलाइन परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भर सकते है। प्रो0 हेमन्त पाल प्राचार्य युवराज दत्त महाविद्यालय लखीमपुर ने बताया कि आवेदन भरने की अन्तिम तिथि 07 जुलाई 2023 है। अत: चतुर्थ सेमेस्टर के समस्त छात्र छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरकर निर्धारित शुल्क सहित 07 जुलाई तक महाविद्यालय लखीमपुर के कार्यालय में जमा कर दें।

## बकरीद के त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**लखीमपुर खीरी।** 29 जून को ईद उल अजहा बकरीद का त्यौहार मनाया जायेगा। जुलाई के प्रथम सप्ताह से श्रावण मास की कावड़ यात्रा निकाली जानी है। बकरीद वह श्रावण मास का त्यौहार आपस में सादगी से मनाए जाने को लेकर कोतवाली लखीमपुर में पुलिस क्षेत्राधिकारी संदीप सिंह यादव की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। आगामी 29 जून को मनाए जाने वाले बकरीद के त्यौहार पर मुस्लिम भाइयों ने चर्चा करते हुए बताया कि नगर पालिका द्वारा मोहल्लों में सफाई कराई जाए। मस्जिद के आसपस चुना डलवा दिया जाए। बकरीद का त्यौहार कुर्बानी का त्यौहार मनाया जाता है। जुलाई माह में शुरू हो रहे। श्रवण मास कावड़ यात्रा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आपस में हिंदू मुस्लिम भाई सौहार्द के साथ त्यौहार को मनाएंगे। नगर पालिका से अपील है कि बकरीद के दिन साफसफाई पानी की सप्लाई समय से होती रहे।

# ऐप्जा जिला कार्यकारणी के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर चीफ कोआर्डिनेटर अनुराग सारथी ने तैयार की रूपरेखा



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सेवा सुरक्षा बन्धुत्व की अलख जगाने वाले आल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के चीफ कोडिनेटर अनुराग सारथी ने गोला गोकर्णनाथए मैलानीए पलिया और निघासन का तूफानी दौरा करते हुए स्थानीय पत्रकारों के साथ बैठक की। सभी बैठकों का संचालन जिला उपाध्यक्ष ऐप्जा संदीप शुक्ला ने किया।

ऐप्जा चीफकोआर्डिनेटर अनुराग सारथी ने गोलाए मैलानी, पलिया और निघासन में बैठकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी 11 जुलाई को ऐप्जा की नवीन जिला, तहसील व ब्लॉक कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह जिला मुख्यालय लखीमपुर खीरी स्थित विलोबी मेमोरियल हॉल में आयोजित होना है। जिसमें जिले के सभी ऐप्जा पदाधिकारियों व सदस्यों का उपस्थित रहना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता ऐप्जा चेयरमैन रवींद्र मिश्रा करेंगे और मुख्य अतिथि के रूप में केंद्र व प्रदेश सरकार के कई मंत्री भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का माल्यार्पण कर उन्हें नवीन जिम्मेदारी की शुभकामनाएं देते हुए संगठन द्वारा अधिकृत रूप से जारी किए गए पहचान पत्र भी वितरित किए गए। इस दौरान गोला, मैलानी, पलिया व निघासन के तमाम ऐप्जा जिला, तहसील व ब्लॉक कार्यकारिणी से जुड़े स्थानीय पत्रकार मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### खुद को पुलिस वाला बताकर घर में घुसकर तमंचे- छुरी के बल पर कर डाली लाखों की लूट

**बरेली ।** थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के ग्राम अग्रास की रहने वाली नसरीन पत्नी सहदाब फतेहगंज पश्चिमी अपने भाई के घर गई थी । बहा पर बीती रात कुछ चोरों ने खुद को पुलिस बताकर बड़ी घटना को अंजाम दे डाला, पीड़ित परिवार का कहना है। हमारी रिश्तेदारी में शादी थी। उसमें शामिल होने के लिए 1 दिन पहले हम लोग फतेहगंज पश्चिमी अपने भाई के घर आए थे। अचानक रात में घर में कुछ लोग घुस आये जो खुद को पुलिस वाला बता रहे थे उसी बीच चोरो ने पीड़ित परिवार के लोगों पर तमंचे और छुरी के बल पर सोने चांदी के जेवर लूट लिए, जिसमे टीका सोने का , हार सोने का , एक जोड़ी बुंदे एक सोने , एक अंगूठी, हार का सेट सोने का, कड़े , एक जोड़ी बन्दे , एक भगपत्ति , एक टीप , एक जोड़ी होस्ट , एक पेंडल यह सभी जेवर लूट कर ले गए ।घटना के बाद से पीड़ित परिवार में भय बना हुआ है। पीड़ित पक्ष ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में घटना कि जानकारी देते हुए , समान को बरामद कर अज्ञात चोरो के खिलाफकानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### चोरी की दो बाइक बरामद दो गिरफ्तार

बरेली। चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ मौजूद दो ऑटो लिफ्टर को पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा।आंवला थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा निवासी निवासी मूवीन पुत्र यासमीन नवासी और इसी थाना क्षेत्र के गौसिया चौक गंज के रहने वाले दानिश पुत्र फहीम को पुलिस ने आज बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र में बीसलपुर मार्ग पर स्थित सरदार पटेल कन्या इंटर कॉलेज के पास डॉ आर के मिश्रा के बंद पड़े पुराने क्लीनिक के पास से गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि दो ऑटो लिफ्टर चोरी की मोटरसाइकिल के साथ डॉ आर के मिश्रा की क्लीनिक के पास मौजूद है तब पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की उन्होंने पूछताछ मे बताया कि उन्होंने मोटरसाइकिल को चोरी करने के बाद एक जगह पर छिपा दी थी और आज उन को बेचने की कोशिश कर रहे थे पुलिस ने दोनों को जेल भेजा ।

### ऑफरोडिंग के शौकीनों के लिए अनूठा और रोमांचक अनुभव

आजमगढ़। राजेन्द्र टोयोटा ने हिलिक्स ऑफरोड इवेंट का सफलता पूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम 24 और 25 जून को आजमगढ़ मे आयोजित किया गया जिसमे हिलिक्स कार की असीमित संभावनाओं और क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया और यह सभी प्रतिभागियों के लिए एक अद्भुत अनुभव था।इस कार्यक्रम को ऑफरोडिंग के शौकीनों को एक अनूठा और रोमांचक अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। इस ईवेंट मे टोयोटा टीम ने ऑफरोड ड्राइव का अनुभव प्रदान करने के लिया कई प्रकार के ट्रैक का निर्माण किया था।

### बड़ी मात्रा में नकली हार्पिक बरामद एक गिरफ्तार

बरेली । नकली टॉयलेट क्लीनर हार्पिक बना कर बेचने वाले एक अभियुक्त को पुलिस ने आज कंपनी के रीजनल मैनेजर की शिकायत के बाद गिरफ्तार कर लिया रीजनल मैनेजर ने कई दुकानों पर बिक रही हार्पिक की बोतलें भी पकड़ी ।बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला सैलानी निवासी वासिफरजा पुत्र आसिफरजा को पुलिस ने आज नकली टॉयलेट क्लीनर हार्पिक बनाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार मुंबई से आए कंपनी के रीजनल मैनेजर संजीव कुमार ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि वासिफरजा उनकी कंपनी के नकली उत्पाद बनाकर बेच रहा है शिकायत मिलने के बाद रीजनल मैनेजर ने पुलिस की मदद से वासिफरजा को हिरासत में लेकर पूछताछ की उसकी निशानदेही पर कई दुकानों में बेची जा रही नकली हार्दिक की 1080 बोतले बरामद की और वासिफरजा को गिरफ्तार कर लिया ।

### बहन की हत्या के बाद किया अंतिम संस्कार बहन ने लगाया आरोप

बरेली। थाना इज्जतनगर तुलाशेरपुर बीडीए कॉलोनी निवासी रेखा पत्नी झँकारी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी बहन राजकुमारी थाना भमोरा के ग्राम रम्पुरा निवासी सुभाष उर्फशुभना यादव के साथ रह रही थी जानकारी मिली है कि आरोपी प्रार्थनी की बहन से गलत कार्य करवाता था। महिला ने बताया कि लगभग डेढ़ माह पहले उसे पता चला कि राजकुमारी को मारकर सुभाष ने अंतिम संस्कार कर दिया है। महिला ने बताया कि सूचना मिलते ही वह आरोपी के घर पहुंची जहां ताला लगा हुआ था महिला ने बताया कि वह काफी बार थाने के चक्कर काट चुकी है परंतु मामला दर्ज नहीं किया जा रहा। महिला ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है महिला ने बताया कि अन्य लोग भी हत्या में शामिल है।

### मुल्लापुर में नही आ रहे सफाईकर्मी

पसगवां खीरी। ब्लाक पसगवां की ग्राम पंचायत मुल्लापुर में महीनों से नहीं आ रहे सफाई कर्मी। सफाईकर्मी के न आने पर गन्दगी का लगा अम्बार लगा हुआ है। बरसात के मौसम में विभिन्न प्रकार के रोगों के फैलने का खतरा बना रहता है। पिछली सरकारों के द्वारा नियुक्त किये गये। सफाईकर्मी केवल कागजों भर के ही रह गये है। कई सफाई कर्मी अपना कार्य नहीं कर रहे है। मुल्लापुर गाँव की सफाईकर्मी रीना देवी एक आध साल से किसी गांव में अपनी ड्यूटी नहीं कर रही है। स्कूल की दीवार की ईंटों से गांव की नाली। फर्जी जॉबकार्ड के द्वारा पैसा निकाला जा रहा है। गांव वालों ने पत्र लिखकर उच्चस्तरीयों से जांच कराने की मांग की है।

### विश्व नशा मुक्ति दिवस मनाया

लखीमपुर खीरी। विश्व नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर हेल्प फाउंडेशन सुफीपुरा बहराइच के तत्वावधान मे विकास खंड मोहम्मदी की ग्राम पंचायत गुरेलाए बहादुरनगरए पटनाए कुइयामदारपुर सहित कई ग्राम पंचायतो मे विश्व नशा मुक्ति दिवस सोमवार को मनाया। नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। नशा मुक्ति दिवस का स्लोगन गरीब जितना परेशान अपनी गरीबी से नही होताए उससे ज्यादा परेशान नशे की बुरी लत के कारण होता। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नशा न करने के लिए जागरूक किया गया । इस अवसर पर टीम लीडर अरविन्द मिश्राए ब्लाक समन्वयक विपनेश अवस्थी एअवनीश मिश्राए नीरज मिश्रा ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### इनरव्हील क्लब को डायमंड अवार्ड से किया सम्मानित

बरेली। इनरव्हील क्लब बरेली मरकरी को डायमंड अवार्ड से सम्मानित किया गया। 2022 ,23 के सत्र की समाप्ति पर डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रेनू अग्रवाल द्वारा क्लब को सम्मानित किया गया जिसमें इनरव्हील क्लब बरेली मरकरी को डायमंड अवार्ड की कैटेगरी में रखा गया क्लब के पूरे साल के कार्यों व ज्वाइंट प्रोजेक्ट्स में सम्मिलित होने को देखते हुए क्लब को डायमंड अवार्ड दिया गया जिसमें सीजीआर रचना सक्सेना को भी सम्मानित किया गया। इनरव्हील की डिस्टिक एडिटर नीलू ने सभी को 2023, 24 की पत्रिका का वितरण किया ब सभी से अगले वर्ष अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम में बरेली के विभिन्न क्लबों ने अपनी सहभागिता रखी इनरव्हील मरकरी की तरफसे प्रेसिडेंट अनीता गोयल , सीजीआर रचना सक्सेना , सेक्रेटरी नीरू सक्सेना उपस्थित रहे।

# ईद उल अजहा को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न



**ओयल.खीरी।** आगामी त्यौहार ईद उल अजहा को लेकर ओयल चौकी मैं आज पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पहुंचे थाना खीरी प्रभारी दिनेश सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहां सभी लोग अमन चैन के साथ ईद उल अजहा का त्यौहार मनाए जो कुर्बानी हो वह बंद स्थानों पर ही हो किसी भी प्रकार से प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी ना की जाए अगर ऐसा कोई करता है तो उसको कड़ी सजा दी जाएगी। कुर्बानी के लिए बकरा और भैंस की की कुर्बानी करें। कुर्बानी करते समय उसका फोटो और वीडियो ना बनाएं। इस मौके पर चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश सरोज ने भी लोगों से भी शांति के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। इस बैठक में चौकी स्टाफ सहित नगर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग व पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## मस्जिद में जानवरों के हड्डियों के गोदाम से आती है दुर्गन्ध

**संवाददाता।** बरेली

**थाना** बारादरी के रोहलीटोला के क्षेत्र वासियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए बताया कि पुलिया वाली मस्जिद एवं सरस्वती शिशु मंदिर पास में ही हैं वही एक व्यक्ति अवैध रूप से घर में ही गोदाम बनाकर भैसें की हड्डियों का कारोबार करता है जिससे मस्जिद में नमाज के लिए आने वाले नमाजियों और स्कूल में आने वाले बच्चे भयंकर बदबू से परेशान हैं व कई लोगों में बीमारी भी फैल रही है। आरोप है कि पुलिस में कई बार शिकायत करने के बाद भी राजनीतिक रसूख रखने वाले आरोपी पर कोई कार्यवाही नहीं कि जा रही है। साथ ही शिकायत करने पर आरोपी मारपीट व गाली गलौज पर आमादा हो जाता है। क्षेत्र वासियों ने अवैध गोदाम को हटवाने की माँग की है। वहीं दूसरी तरफ मलूकपुर मरिहारान मस्जिद के छेत्रवासियों ने बताया कि वहाँ सड़क पर ही खाल साफकरने का काम करते हैं जिससे बदबू फैलती है व सड़क पर खाल के बाल फैले रहते हैं जिससे जीना दूभर हो चुका है शिकायत करते हुए सड़क पर ऐसा काम होने से रोकने की मांग की है। रोहलीटोला का शिकायती पत्र देने वालो में जफर, अजहर, मजहर, अकबर, अरशद, असद, हसीब, जावेद, महमूद, शानू, परवेज, बब्लू, ताहिर, समीर, खलील, मोज्ज अली एवं मलूकपुर के शिकायत में इमरान, रिहान व अकरम आदि लोग मौजूद रहे।

# दानवीर सेठ भामाशाह जयंती पर 29 जून को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस घोषित करने की मांग

**संवाददाता।** बरेली

**भारतीय** उद्योग व्यापार मंडल महानगर बरेली ने दानवीर सेठ भामाशाह जयंती को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस और अवकाश घोषित करने की मांग करते हुए महानगर अध्यक्ष विकास अग्रवाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री को संबोधित जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन दिया। महानगर अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने मांग करते हुए कहा कि 29 जून को दानवीर सेठ भामाशाह जयंती है जिसको हम सभी व्यापारी संघठन राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में मनाते चले आ रहे हैं।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जो देश के करोड़ों उद्यमी, व्यापारीयों का विशाल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग की अध्यक्षता में हुई देशव्यापी बैठक में हम सभी लोगों ने मिलकर प्रस्ताव पारित किया है, दानवीर सेठ भामाशाह की जयंती 29 जून को जो हम सभी व्यापारी व्यापारी दिवस के रूप में आयोजित करते आ रहे हैं, इस दिवस को सरकारी तौर पर जैसे किसान दिवस बाल दिवस शिक्षक दिवस, मजदूर दिवस आदि अनेक वर्गों के सम्मान और योगदान को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए आयोजित किए जाते हैं, उसी भांति 29 जून को केंद्र एवम प्रदेश सरकारों द्वारा राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में घोषित किया जाए।

29 जून व्यापारी दिवस के अवसर पर देश की राजधानी में तथा सभी प्रदेशों की राजधानियों में तथा प्रत्येक प्रदेश के प्रत्येक जनपद में शासन प्रशासन स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करके सर्वाधिक राजस्व अदा करने वाले करदाताओं तथा अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवी, उद्यमी, व्यापारियों को सेठ भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जाए। प्रदेशों की राजधानियों एवं सभी जनपदों में दानवीर सेठ भामाशाह जी के नाम से पार्क, रोड आदि का नामकरण तथा प्रतिमा स्थापित की जाए।ज्ञापन देने वालों में हर्ष अग्रवाल , अभय कुमार अग्रवाल , विकास अग्रवाल , अमित अग्रवाल , ऋषभ अग्रवाल , अनुज गुप्ता , धीरेंद्र गंगवार , सुरेंद्र , राहुल सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## विवाह समारोह में हंगामा मारपीट पुलिस ने मामला शांत कराया

**करेली।** विवाह समारोह में चचेरे भाई को बुलाने पर दूल्हे के पिता का अपने सगे भाई से विवाद हो गया जिससे हंगामा खड़ा हो गया। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया और चेतावनी देकर छोड़ दिया। मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव तिलमास निवासी लीलाधर और उसके सगे भाई भूपराम के बीच बीती रात लीलाधर के बेटे रेसपाल के विवाह समारोह में विवाद हो गया बताया जाता है इसकी लीलाधर ने बेटे रेसपाल के विवाह समारोह में चचेरे भाई छोटेलाल को आमंत्रित किया था छोटेलाल विवाह समारोह में शामिल होने आया था छोटे लाल से लीलाधर का सगा भाई भूप राम नाराज हो गया और उसने उसे बुलाने के लिए लीलाधर से विरोध जताया तब दोनों के बीच विवाद होने लगा देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई मौके पर मौजूद लोगों ने मामले को रफा-दफा कराने की कोशिश की लेकिन इसी दौरान किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

# पत्नी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**संवाददाता।** बरेली

**पत्नी** से परेशान होकर एक युवक ने बीती रात घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा घटनास्थल पर मिले सुसाइड नोट में मृतक ने अपनी मौत के लिए पत्नी को जिम्मेदार बताया पुलिस मामले की जांच में जुट गई ।बारादरी थाना क्षेत्र में संजय नगर स्थित स्टेट बैंक कॉलोनी में रहने वाले भगवान दास के बेटे विनय और विक्की ने बीती रात घर में ही छत के पंखे से पत्नी का दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली मृतक के घर वालों ने बताया कि विनय का विवाह लगभग 10 वर्ष पूर्व गौरी से हुआ था और वह एक बेटे ओम का पिता था विनय और उसकी पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था क्योंकि पत्नी गौरी अधिकतर समय अपने मायके में रहती थी घरवालों ने बताया कि विवाह के 10 साल के अंतराल में लगभग 10 बार गौरी गोरी अपने मायके चली गई और दोनों पक्षों के समझौते के बाद ही वापस आई वह अक्सर पति और ससुर के साथ अभद्रता करती थी कल दिन में मायके में रह रही पत्नी को भुलाने के लिए विनय अपनी ससुराल गया था जहां पर साले ने उसके साथ अभद्रता की उसके बाद रात में पत्नी गौरी सिपाहियों के साथ अपनी ससुराल आई और उसने वहां पति विनय और ससुर भगवानदास के साथ जमकर अभद्रता की उसके जाने के बाद विनय अपने कमरे मे चला गया और छत के पंखे से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली आधी रात के बाद पिता भगवान दास ने उसके शव को फांसी पर लटके देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया जहां पुलिस को विनय द्वारा लिखा गया एक सुसाइड नोट मिला जिसमें उसने अपनी मौत के लिए पत्नी को जिम्मेदार बताया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

## ईद-उल-अजहा के मौके पर सुरक्षा, सफाई व बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की

**बरेली ।** इस साल ईद-उल-अजहा यानि बकरईद का त्योहार 29 जून को मनाया जाएगा। इस संबंध में ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के जिला जिला अध्यक्ष इमरान रजा बरकाती के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए मांग की बरेली सहित पूरे प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था बिजली व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने की मांग की ।पशु व्यापारियों और खरीदारों की सुरक्षा प्रदेश भर में हजारों लोग साल भर जानवर पालकर बकरईद के मौके पर बाजार में बेचने लाते हैं। इसी से उनके परिवार का पालन-पोषण होता है। इसलिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि पशुओं को बाजार तक लाने में उन्हें किसी व्यवधान या असुरक्षा का सामना न करना पड़े। इसके लिए पशु व्यापारियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। रास्ते में जगह-जगह पुलिस मुस्तैद रहे ताकि ग्रामीण क्षेत्रों से पशु बाजार तक आने में व्यापारियों को किसी प्रकार की समस्या न हो।आम लोग अपने हाथ से कुर्बानी नहीं करते इसलिए कुर्बानी करने वालों के आने-जाने में व्यवधान से बचने के लिए उचित सुरक्षा व्यवस्था की जाए।ईदगाह ,मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश जारी किए जाएं। संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। ईदगाह, मस्जिदों के आसपास सफाई का भी खास ध्यान रखा जाए। इन दिनों प्रदेश के विभिन्न जिलों में बिजली सप्लाई में बाधा आ रही है। लोग गर्मी से बेहाल हैं इसलिए बिजली की जबरदस्त कटौती बंद होनी चाहिए। ज्ञापन के दौरान मौलाना कमरूजामा हाफिज इमरान रजा, अब्दुल हलीम खान, ताज खान सहित बड़ी में आर ए सी पदाधिकारी वा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में नीट पास छात्र की मौत

**बरेली।** नीट परीक्षा पास कर चुके छात्र की बीती रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हाफिज गंज थाना क्षेत्र के गांव रिठौरा के पास बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में पीलीभीत के कोतवाली थाना क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी निवासी 21 वर्षीय नीतीश यादव पुत्र गजेंद्र बहादुर सिंह की मौत हो गई नीतीश के पिता ने बताया कि नीतीश राजस्थान के कोटा शहर स्थित एक कोचिंग में रहकर पढ़ाई कर रहा था और पिछले दिनों संपन्न हुई नीट परीक्षा उसने पास कर ली थी वह कल दिन में अपने किसी काम से स्कूटी लेकर बरेली आया था जहां से रात में जब वह घर लौट रहा था तभी रिठौरा इलाके में तेजी से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई दुर्घटना के बाद टक्कर मारने बाला वाहन फरार हो गया पुलिस ने मृतक को जिला अस्पताल भेजा और उसके पास मिले मोबाइल फोन से घरवालों को सूचना दी शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# अराजकतत्व अशांति फैलाएं तो जिला प्रशासन को सूचित करें: जिलाधिकारी



● ईदुलजुहा के मद्देनजर डीएम-एसपी ने संभ्रांतजनों के साथ की बैठक

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**जिलाधिकारी** चांदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) एवं श्रावण मास सहित अन्य त्यौहारों पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहार मनाये दूसरों की भावनाओं को भी ध्यान में रखे, आप सभी सभ्रान्त जन है आप सब की भी जिम्मेदारी बनती है कि अराजकतत्वों द्वारा अशांति फैलाने की आशंका होने पर त्वरित जिला प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी भ्रामक खबरों को प्रसारित करने के बचे और कोई भी इस प्रकार की सूचना यदि उन्हें प्राप्त होती है तो उसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दें ताकि उस सूचना की जांच करते हुये प्रभावी कार्यवाही की जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि कुर्बानी खुले स्थान पर न की जाये तथा उससे निकलने वाले अपशिष्ट को इधर-उधर न फेंककर एक ही स्थान पर एकत्रित कर दे ताकि उसका यथोचित निस्तारण हो सके। जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये विद्युत आपूर्ति बाधित न होने पाये। जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायतों को निर्देशित किया कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी। जिलाधिकारी द्वारा समस्त उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये।

# लोकतंत्र सेनानियों को चित्रकूट सांसद पटेल ने किया सम्मानित



●लोकतंत्र रक्षक सेनानियों से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए- चंद्रप्रकाश

**संवाददाता।** चित्रकूट

**भारतीय** जनता पार्टी के तत्वाधान में रविवार को लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान आपातकाल को लोकतंत्र का काला अध्याय करार देते हुए युवाओं को न्याय और सच्चाई के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। लो.नि.वि. निरीक्षण गृह में रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि अत्याचार व अन्याय पर उतारू तानाशाह सरकार का विरोध करने पर उन लोगों को आपातकाल के समय जेल भेज दिया गया था। भारतीय लोकतंत्र में आपातकाल की घटना एक काले धब्बे के समान है। उस दौर में सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों का उत्पीड़न किया जाता था। आपातकाल को लेकर तत्कालीन सरकार के खिलाफ लड़ाई देश की दूसरी आजादी की लड़ाई के समान थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने कहा कि लोकतंत्र रक्षक सेनानियों से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामप्रकाश द्विवेदी, भागीरथी गांधी, रामपाल त्रिपाठी आदि को सम्मानित किया गया।

# हर घर कनेक्शन देने से बिजली चोरी पर लगेगा अंकुश: एमडी

●कनेक्शन ऑनलाइन माध्यम से विद्युत विभाग के झटपट पोर्टल से कराये जायेंगे

●एमडी अमित किशोर ने डीएम-एसपी के साथ बैठक कर दिये निर्देश



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**दक्षिणांचल** विद्युत वितरण निगम लि. के प्रबंध निदेशक अमित किशोर, जिलाधिकारी चांदनी सिंह, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने अवर अभियंता व अधिशाषी अभियंता विद्युत के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

प्रबन्ध निदेशक ने विद्युत विभाग से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं जैसे कि विद्युत आपूर्ति में आ रही कठिनाईयों को दूर करने हेतु भारत सरकार की रिवेम्प योजना के तहत कार्यवाही करने एवं आबादी के अनुसार हर घरों में कनेक्शन न होने के कारण जीवन स्तर में सुधार करने हेतु घर-घर कनेक्शन किये जाने की कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की गयी। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं अभियंताओं को निर्देशित किया कि जनपद में आवासित परिवारों का स्वयं सहायता समूहों, विद्युत सखी, पंचायत सहायकों आदि के माध्यम से ग्राम पंचायतवार सर्वे कराया जायेगा जिससे आवासित परिवारों द्वारा किये जा रहे विद्युत उपयोग का प्रकार अथवा विद्युत उपयोग न कर रहे परिवारों का डाटा संग्रह करके जो परिवार विद्युत का उपयोग वैधानिक तरीके से नही कर रहे है उन्हें प्रेरित करके विद्युत कनेक्शन दिया जाये।

स्वयं सहायता समूहों, विद्युत सखी, पंचायत सहायकों आदि के द्वारा विद्युत कनेक्शन कराये जाने पर प्रोत्साहित राशि 100 रुपए प्रति कनेक्शन दिया जायेगा। हर घर कनेक्शन दिये जाने से न केवल विद्युत चोरी पर विराम होगा अपितु यह आवासीय परिवारों के जीवन स्तर पर सुधार लायेगा। इस सर्वे के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर दंडात्मक कार्यवाही न करते हुये विद्युत कनेक्शन प्रदान किया जायेगा तथा जिन परिवारों पर पहले से विद्युत चोरी की एफआईआर दर्ज है तथा उनके ऊपर राजस्व निर्धारित हो चुके है उन्हें भी एक मात्र घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करके विराम प्रदान कर दिया जायेगा। सभी विद्युत विभाग के अधिकारी इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुये न्यूनतम समय में कनेक्शन जारी करेंगे। उपरोक्त सभी कनेक्शन ऑनलाइन माध्यम से विद्युत विभाग के झटपट पोर्टल से कराये जायेंगे।

# जिले में गैंगेस्टरों के खिलाफ की जाएगी कठोर कार्रवाई: एसपी



**फर्रुखाबाद।** नवागंतुक पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने जनपद फतेहगढ़ आगमन कर पदभार ग्रहण किया। नवागंतुक पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पदभार ग्रहण करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी ली। जिले में चार्ज लेने के बाद मीडिया से एसपी विकास कुमार रूबरू हुए। पुलिस अधीक्षक ने मीडिया को बताया है जिले में पुलिस व्यवस्था को और मजबूत बनाने हर संभव प्रयास किया जाएगा।

जिले में गैंगस्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। पुलिस और समाज के सभी वर्गों के साथ सामंजस्य बैठा कर जिले में अपराधियों पर नकेल कसी जाएगी। शासन की जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य किया जायेगा। अपराधियों को जल्द सजा दिलाने के लिए पुलिस काम करेगी। किसी अपराध में अपनी सजा की समय अवधि जेल में बिताने के बाद व्यक्ति को समाज में अच्छा जीवन जीने का मौका दिया जाएगा। पुलिस परेशान नहीं करेगी। संगठित अपराधों को जल्द से जल्द जिले में पुलिस खत्म करेगी। जिले की ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाने के लिए जिले की पुलिस काम करेगी । पुलिस अधीक्षक ने मीडिया को बताया कि गैंगस्टर अपराध पर रोक लगाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। साइबर क्राइम पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। ट्रैफिक व्यवस्था में भी पुलिस का रोल अच्छा बनाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि किसी भी थाने या चौकी पर किसी भी समस्या को लेकर सुनवाई न होने पर तुरंत फोन कर सकते हैं।

# आखिरकार जिंदगी की जंग हार गई रेप पीड़िता

**फतेहपुर।** आखिरकार जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही रेप पीड़िता की कानपुर हैलट में इलाज के दौरान मौत हो गई। रेप का आरोपी युवती के सिर पर प्रहार कर मरा समझ छोड़कर फरार हो गया था। गंभीर हालत में उसे कानपुर में भर्ती कराया गया था। रविवार की देर रात रेप पीड़िता की मौत हो गई। बता दें कि बीते गुरुवार की रात जिले के बिंदकी कोतवाली के फरीदपुर स्थित एक मैरिज हाल में 19 वर्षीय युवती अपने परिजनों के साथ शादी समारोह में गई थी। जहां से अचानक लापता हो गई थी। खोजबीन के दौरान शुक्रवार की भोरपहर पास में ही एक निर्माणाधीन मकान में युवती बेहोशी की हालत में पड़ी मिली थी। जिसे गंभीर हालत में कानपुर हैलेट रिफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया। शहर के ज्वालागंज निवासी सिकंदर से सोनू बना युवक झांसा देकर युवती को बीते तीन सालों से प्रेमजाल में फंसाया और उससे बात करता रहा। बीते गुरुवार को फरीदपुर गांव एक शादी समारोह में युवती के आने की जानकारी पर देर रात सिकंदर वहां पहुंचा और युवती को मैरिज हाल के बाहर बुलाकर बात करने के बहाने पास के ही निर्माणाधीन मकान ले गया। वहां जबरन उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। मुख्य आरोपी सिकंदर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मामले में कुछ अन्य लोगो के शामिल होने की आशंका है जिसके सुराग में पुलिस जुटी हुई है।

# सीडीओ ने अधिकारियों को दिये आर्थिक क्रियाकलापों के शुद्ध आंकड़े देने के निर्देश



●वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के संबंध में सीडीओ अमृतपाल कौर ने ली बैठक

**संवाददाता।** चित्रकूट

**मुख्य** विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के संबंध में बैठक विकास भवन के सभागार में संपन्न हुई। जिसमें सीडीओ ने सभी विभागीय अधिकारियों को आर्थिक क्रियाकलापों को स्वयं मॉनिटर कर शुद्ध आंकड़े प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

बैठक में अर्थ एवं संख्या (प्रभाग नियोजन) विभाग द्वारा दिए गए 18 बिंदुओं की तैयार की गई प्रगति पुस्तिका को प्रस्तुत किया गया। अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि प्राप्त 18 बिंदु क्रमश: प्राथमिक सेक्टर (कृषि एवं मत्स्य ), पशुपालन, वानिकी लट्ढा बनाना), माध्यमिक सेक्टर, (विनिर्माण विद्युत गैस तथा जल पूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवाएं, निर्माण कार्य) तृतीय क्षेत्र व्यापार, मरम्मत, होटल एवं जलपान गृह, परिवहन संग्रहण तथा भंडारण एवं संचार रेलवे, अन्य साधनों द्वारा परिवहन ,संचार तथा प्रसारण सेवाएं स्थावर संपदा, व्यवसायिक सेवाएं, लोक प्रशासन व रक्षा, अन्य सेवाएं तथा पीएलएफएस से संबंधित विभागों से सूचनाएं प्राप्त की गई थी।

बैठक में बिंदुवार समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी विभागों अपने विभागीय आर्थिक क्रियाकलापों को स्वयं मॉनिटर करें एवं शुद्ध आंकड़े उपलब्ध कराएं ।

## क्विक न्यूज

### जले खड़े ट्रक से स्कूटर सवार टकराया, मौत

**घाटमपुर।** बीते रविवार की सुबह कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव जहागीराबाद के पास (चीनी मिल मोड़) हुए हादसे के बाद रविवार रात ही जले डंफर से एक स्कूटर सवार युवक पीछे से जा घुसा जिससे उसकी मौत हो हो गयी। बमाया जाता है कि कानपुर नगर के कस्बा चौबेपुर मुहल्ला शान्ति न्नर निवासी आयुष (20) पुत्र सुरेश चंद्र पाण्डेय अपने भाई अर्पित के साथ किसी काम से घाटमपुर आया था देर शांम वो वापस घर लौट रहे थे और जैसे ही चीनी मिल मोड़ पर पंहुचे कि सड़क पर जला खडे डंफर में पीछे से जा भिड़ा, हादसे में आयुष की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि भाई अर्पित घायल हो गया जिसे इलाज के लिये पतारा सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

### निर्धारित दर से कृषकों को दिया जाये उर्वरक: एडीएम

**फतेहपुर।** कृषकों को निर्धारित दर पर सुचारू रूप से उर्वरक उपलब्ध कराए जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि थोक व फुटकर विक्रेता निर्धारित दर व समय से कृषकों को उर्वरक दिया जाये। उर्वरक ई-पास मशीन के माध्यम से देने के साथ में रसीद भी दी जाये। थोक व फुटकर विक्रेता स्टॉक रजिस्टर एवं वितरण रजिस्टर एवं सभी अभिलेख अपडेट करते रहे। अपनी दुकानों पर उर्वरकों की रेट लिस्ट, स्टॉक व मोबाइल नंबर सहित दुकान पर बोर्ड लगाएं। उर्वरक विक्रेता किसानों को उर्वरक के साथ अन्य सामाग्री किसानों की सहमति पर ही दें। साथ ही इसकी अलग से रसीद भी दें। उन्होंने कहा कि उर्वरक विक्रेता उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी सही समय से दें ताकि किसानों को भटकना न पड़े।

### युवक पर जानलेवा हमला, आरोपी पुलिस हिरासत में

**रामपुरा, जालौन।** सोमवार को रामपुरा निवासी हैदर खान पुत्र नहीम खान निवासी राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर 10 रोजाना की तरह सुबह 5 बजे के लगभग जिम करने जा रहा था। घर से थोड़ी दूरी पर खड़े लक्ष्मण पुत्र जगपाल निवासी अकबरपुरा थाना माधौगढ़ अपने हाथ में हंसिया व त्रिशूल लिए खड़ा था। जिसने हैदर के ऊपर प्राणघातक हमला कर दिया। रोजाना की तरह हैदर सोमवार को घर से घूमने के लिए निकला था। घर से कुछ दूरी पर जामा मस्जिद के पास खड़े लक्ष्मण उर्फ राजकुमार पुत्र जगपाल ने हैदर को बुलाया तथा नाम पूछा जिसके बाद उक्त युवक ने हैदर के सिर ने हंसिया से बार कर दिया। जिसके बाद घायल अवस्था में हैदर ने मदद के लिए चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग हैदर को बचाने के लिए दौड़े। उक्त युवक द्वारा हैदर के सिर में वार करने पश्चात हैदर को दूरी तरह अपने मुंह से कई जगह काट लिया। मुहल्लेवासियों द्वारा उक्त युवक के चंगुल से जैसे तैसे हैदर को छुड़ाया तो उक्त युवक सभी को गालीगलौज तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घायल अवस्था मे हैदर को रामपुरा अस्पताल लाया गया।

### दो युवक गंगा में डूबे, एक की मौत, दूसरे को बचाया गया

**फर्रुखाबाद।** दो युवक गंगा में डूबे जिसमे एक की डूबने से मौत गई जबकि दूसरे को गोताखोरों ने जीवित बचा लिया।थाना मेरापुर ग्राम जरहरी निवासी कमल किशोर तिवारी पुत्र राधेश्याम तिवारी ने परिवार के तीन लोगो के सेना व पुलिस में नौकरी लग जाने पर गंगा माता को धोती की पहनावन बोली थी उनकी मांग पूरी होने पर वह अपने ग्राम के लोगो के साथ दो पिकअप में बैठकर लगभग दो दर्जन लोग पांचाल घाट गंगा माता को धोती पहरावन के लिए पहुंचे। गांव के चार लड़के गंगा में स्नान करने चले गए जिसमे दो लड़के गहरे पानी नहाते हुए चले गए जिसमे श्याम मिश्रा पुत्र स्व ओमप्रकाश और पूतन मिश्रा पुत्र मुकेश मिश्रा डूबने लगे तो लोगो ने शोर मचाया,गोताखोरों ने पूतन मिश्रा उम्र 19 वर्ष को जीवित निकाल लिया।

### अभियान चलाकर नशे से दूर रहने का किया आह्वान

**फतेहपुर।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के मौके पर जन जागरण विकास समिति की ओर से शहर की मलिन बस्तियों में व्यापक रूप से जन जागरूकता अभियान एवं संस्था कार्यालय में नुक्कड़ नाटक व गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को नशे से दूर रहकर अपने जीवन को सार्थक बनाने की अपील की गई। जागरूकता अभियान संस्था प्रबंधक विकास कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान का शुभारंभ अस्ती वार्ड से हुआ। इसके बाद राधानगर, खंभापुर, गढ़ीवा एवं रेलवे स्टेशन के समीप दलित बस्तियों में जन जागरूकता अभियान चलाया। सदस्यों ने उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए नशे की लत में पड़कर आज की युवा पीढ़ी अंधकार की ओर जा रही है। इसलिए खुद भी नशा छोड़ें और अपने बच्चों को भी नशे की लत से दूर करें। नशे से दूर रहने के लिए संकल्प लें और इसके प्रति दूसरों को भी जागरूक करें। अभियान के पश्चात कार्यालय में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

# अवैध ढंग से चल रहीं तम्बाकू मिश्रित गुटखा फैक्ट्रियां

●रोकथाम को भीम आर्मी ने सौंपा ज्ञापन

●डीएम ने जांच कराकर कार्रवाई का दिया भरोसा

**संवाददाता।** चित्रकूट

**मादक** पदार्थों के दुरुपयोग व अवैध व्यापार विरोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन इकाई चित्रकूट ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि चित्रकूट जिले में गुटखा फैक्ट्रियों व तंबाकू मिश्रित गुटखे का कारोबार भारी तादाद में किया जा रहा है। सोमवार को भीम आर्मी के जिला प्रमुख संजय राणा की अगुवाई में सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि जिला मुख्यालय कर्वी व तहसील राजापुर में अवैध ढंग से गुटखा फैक्ट्रियां चल रही है। तंबाकू मिश्रित गुटखे का निर्माण हो रहा है। तम्बाकू मिश्रित गुटखा जिला मुख्यालय समेत तहसील मुख्यालयों व जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। इसके सेवन से युवा, बूढ़े, बुजुर्ग के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। सभी मौत के आगोश में जा रहे हैं। जिला मुख्यालय कर्वी में डेविड बाबू गुप्ता गंगा जी रोड़ शंकर बाजार, लक्ष्मीचंद साहू शंकर बाजार, बनारसी दास गुप्ता तरौंहा व प्रमोद साहू सीतापुर प्रमुख हैं।

## जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में हॉकी, कुश्ती, एथलेटिक्स, कबड्डी का हुआ ट्रायल



**चित्रकूट।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, गोरखपुर, सैफई में कक्षा 6 में प्रवेश लेने वाले खिलाड़ियों का सोमवार को प्रारंभिक ट्रायल देवी प्रसाद यादव, श्रीमती सविता वर्मा, राकेश यादव, राजेश सोनकर, हॉकी, कुश्ती, एथलेटिक्स, कबड्डी खेल विशेषज्ञों द्वारा लिया गया। पहले खिलाड़ियों का फिजिकल टेस्ट 100 मीटर, 800 मीटर, शटल रन, मेडिसिन बॉल, थ्रो स्टैंडिंग, ब्रॉड जंप में उनकी क्षमता को देखा गया। इसके बाद खिलाड़ियों का स्किल लिया गया। खिलाड़ियों ने महोबा, बांदा, चित्रकूट से आकर ट्रायल में प्रतिभाग किया। ट्रायल में सहयोग प्रदान करने के लिए एथलेटिक प्रशिक्षक अंगद सिंह यादव, क्रिकेट प्रशिक्षक फिरोज, हॉकी प्रशिक्षक श्यामसुंदर यादव ने बाहर से आए खेल विशेषज्ञों को पूर्ण सहयोग प्रदान किया। इसके पूर्व क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार द्वारा समस्त खिलाड़ियों को ट्रायल के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । स्पोर्ट्स कॉलेज मे मिल रही सुविधाओं तथा वहां से प्रदेश एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के बाद प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के विषय में जानकारियां प्रदान की गई। प्रारंभिक ट्राइल में सफल अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए प्रतिभाग करेंगे। सफल अभ्यर्थियों को सूचना स्पोर्ट्स कॉलेज द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

# गुरु पूर्णिमा पर सम्मानित किए जाएंगे कला साधक



**फर्रुखाबाद।** संस्कार भारती की कार्यकारणी बैठक में आगामी गुरु पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में कला साधकों का सम्मान किए जाने की रुपरेखा तय की गई। देर शाम को नगर के महादेव प्रसाद स्ट्रीट नटराज भवन में आयोजित बैठक में संस्था के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से नाट्य, चित्रकला, साहित्य आदि के क्षेत्र में योगदान देने वाले कला साधकों का सम्मान किया जाएगा। अध्यक्ष डॉक्टर नवनीत गुप्ता ने बताया कि संस्कार भारती द्वारा हर वर्ष कला साधकों का सम्मान किया जाता है । इस बार भी विभिन्न विधाओं के कला साधकों का सम्मान किया जाएगा । जिसके लिए तैयारियां पूरी चल रही हैं। बैठक का संचालन सचिव दिलीप कश्यप ने किया।

# बीडीओ ने नबादा पहुंच महिलाओं को डिजिटल लेनदेन के लिए किया प्रेरित



**कुठौंद,** जालौन। ग्राम पंचायत नवादा में खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि की अध्यक्षता में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत पीसी सखी के माध्यम से स्वयं सहायता समूह को डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिये ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान रुचि दीक्षित, एनआरएलएम से पहुंचे ब्लॉक मिशन मैनेजर रवि कुमार यादव, मोहनलाल राजपूत, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के समक्ष आयोजित बैठक में बैंक कंपोनेंट डिजिटल लेन देन कर समूह की महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने हेतु घर घर जाकर जागरुक कर प्रेरित किया गया। बीडीओ सर्वेश कुमार रवि ने समूह की महिलाओं को छोटे-छोटे लेनदेन से लाखों रुपए का लेनदेन समूह की प्रगति को आगे का स्वाबलंबी तथा ईमानदार समूह की महिलाओं को बनने के लिए भरोसा दिया जिस पर ग्राम से आई हुई महिलाओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से खंड विकास अधिकारी का स्वागत किया। ब्लॉक मिशन मैनेजर रवि यादव ने ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बारीकी से जानकारी दी जो सभी महिलाओं के बात समझ में आई और उन्होंने संकल्प लिया कि एक दिन ग्रामीण आजीविका मिशन किंग दिखाई देंगे। अंत में बीडीओ ने समूह की महिलाओं को बैग वितरण कर उनका मान बढ़ाया।

# पेज एक का शेष

## बाढ़-भूस्खलन...

मध्य प्रदेश के लिए मौसम विभाग ने मंगलवार सुबह तक अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी और अत्यधिक भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दूसरी ओर, मुंबई में शहर और उसके उपनगरों में मध्यम से भारी बारिश के बीच घाटकोपर इलाके में एक घर ढह गया, जिससे चार लोग घायल हो गए। झारखंड के अधिकतर हिस्सों में रविवार से ही मध्यम से हल्की बारिश हो रही है। इसकी वजह से बारिश की कमी अब घटकर 64 प्रतिशत रह गई है। एक मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून ने 19 जून को झारखंड में दस्तक दी थी और उस समय बारिश की कमी 87 प्रतिशत थी, लेकिन गत दो दिन से पड़ रही बौछारों की वजह से बारिश की कमी में आठ प्रतिशत तक की भरपाई हुई है। आंकड़ों के मुताबिक झारखंड में एक जून से 26 जून के बीच 54.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। उत्तरी अंदरूनी ओडिशा और दक्षिणी झारखंड में कम दबाव वाला क्षेत्र बनने से पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों में अगले दो दिन भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा कि दक्षिण बंगाल और उप हिमालई क्षेत्र के अधिकतर भागों में रविवार को सुबह से ही बारिश हो रही है।

## पटना की...

सीपीआई (एम) ने हमले के आरोपों से इनकार किया है। मुख्यमंत्री ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर भी निशाना साधा और उन पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रति पूर्वाग्रह और सीमावर्ती क्षेत्रों में मतदाताओं को डराने-धमकाने का आरोप लगाया। कूचबिहार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि मुझे जानकारी है कि कुछ बीएसएफ अधिकारी भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य के मामलों में भाजपा नीत केंद्र सरकार के हस्तक्षेप की आलोचना करते हुए कहा कि कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है और किसी को भी इसमें हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। इस बीच, राज्य चुनाव आयोग और केंद्रीय गृह मंत्रालय के बीच तनाव बढ़ गया है, क्योंकि आयोग ने मंत्रालय को अपना तीसरा पत्र भेजकर केंद्रीय बलों की 485 कंपनियों की तैनाती का अनुरोध किया। तैनाती क्षेत्रों के बारे में पूछे जाने पर आयोग ने जवाब दिया कि बलों को तैनात करना राज्य सरकार का काम है।

## विशेष सहायता...

इन क्षेत्रों में परियोजनाओं की गति बढ़ाने के लिए जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत राज्यों का हिस्सा भी दिया गया है। वित्त मंत्रालय ने पिछले वित्त वर्ष में भी इसी तरह की एक योजना संचालित की थी। उस योजना के तहत वित्त वर्ष 2022-23 में 95,147.19 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश प्रस्तावों को मंजूरी देने के साथ राज्यों को 81,195.35 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई। राज्यों को पूंजीगत निवेश के लिए वित्तीय सहायता देने की योजना सबसे पहले कोविड-19 महामारी के दौरान वित्त वर्ष 2020-21 में चलाई गई थी।

# नाला सफाई अभियान को चेयरमैन ने दिखाई हरी झंडी



●जोरदार बारिश से पहले कार्य पूरा किए जाने के निर्देश

**फतेहपुर।** बारिश के मौसम में शहरवासियों को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी नाला-नाली सफाई अभियान की शुरूआत सोमवार से शुरू हो गई। सफाई अभियान को पालिकाध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर शुरू कराया। उन्होने निर्देशित किया कि बारिश से पहले कार्य को पूरा कर लिया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं होगी। सोमवार को गढ़ीवा प्राइमरी पाठशाला से लेकर मदारीपुर कला तक नाला सफाई अभियान का शुभारंभ किया गया। चेयरमैन राजकुमार मौर्य सहित अन्य सभासद सफाई स्थल पर पहुंचे जहां पोकलैण्ड को हरी झंडी दिखाकर कार्य शुरू कराया।

निरीक्षण करते हुए चेयरमैन श्री मौर्य ने कहा कि शहरवासियों को बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से जूझना न पड़े इसके लिए युद्ध स्तर पर नाला-नाली सफाई अभियान चलाया जाये। उन्होने कहा कि इस कार्य में हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी। शहर में जितने भी बड़े नाला व नालियां है उनको साफ करके निकली हुई सिल्ट को फिकवाने का कार्य किया जाये।

# चार घंटे के अन्दर जापान जा रहे छात्र का बनाया पासपोर्ट

**चित्रकूट।** सकूरा साइंस प्रोग्राम के तहत जापान जाने को केन्द्रीय विद्यालय चित्रकूट के चयनित छात्र का अभिसूचना शाखा ने चार घंटे के अन्दर सत्यापन पूरा कर पासपोर्ट जारी करने की कार्यवाही की है। सोमवार को कोतवाली कर्वी के सदर बाजार की श्रीमती गीता पटेल पत्नी राकेश सिंह पटेल के पुत्र रागीश पटेल केन्द्रीय विद्यालय चित्रकूट में कक्षा 12 के छात्र हैं। उनका चयन सकूरा साइंस प्रोग्राम के तहत जापान जाने को हुआ है। अभिसूचना शाखा में पासपोर्ट बनवाने को आवेदन किया था। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान अनुज मिश्रा व प्रभारी निरीक्षक अभिसूचना शाखा सूर्यकान्त अरूण राय की अगुवाई में महिला आरक्षी रचना यादव ने तत्काल चार घंटे के अन्दर सभी औपचारिकतायें पूरी कर पासपोर्ट जारी कराने में आवेदक की मदद की है। गीता पटेल ने महिला आरक्षी रचना यादव की भूरि-भूरि सराहना करते हुए सभी अभिसूचना शाखा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# धर्मान्तरण की मंशा से बनाये अवैध चर्च को ध्वस्त कराने की मांग, विहिप ने खोला मोर्चा

●एसडीएम को सौंपा सीएम को संबोधित ज्ञापन की कार्रवाई की मांग

**संवाददाता।** जालौन, उरई

**शिक्षण** संस्थान की आड़ मे धर्मांतरण करने के उद्देश्य से अवैध रूप से चर्च का निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए हिंदू संगठनों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। उन्होंने चर्च के निर्माण की जांच कराने एवं दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, बजरंग दल के नगर संयोजक मानवेंद्र सिंह, नगर उपाध्यक्ष अनुराग तिवारी, गोलू कुशवाहा, छोटे सिंह राजावत आदि ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सुरेश कुमार सौंपकर बताया कि कानपुर देहात के अकबरपुर तहसील के बनार अलीपुर (शहजादपुर) में ईसाई मिशनरी द्वारा शिक्षण संस्थान की आड़ में भवन मानचित्र स्वीकृति के बिना एवं शासन व संबंधित विभाग से अनुमति के बगैर अवैध रूप से चर्च का निर्माण कराया जा रहा है। इस अवैध चर्च निर्माण में कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माण कार्य को 2 दिसंबर 2021 से अवैध बताकर संबंधित जिले के पुलिस प्रशासन को पत्र के माध्यम से सूचित कर आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था। फिर भी चोरी छिपे इस चर्च का निर्माण होता रहा। केडीए ने अपर जिलाधिकारी कानपुर देहात को भी कार्यवाही के लिए पत्र लिखा था एवं समय समय पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों द्वारा प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया गया। इसके बाद भी जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान न देकर निर्माण कार्य होने दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अवैध चर्च से भविष्य में हिन्दू समाज की भावनाओं से खिलवाड़ होगा और और सांप्रदायिक सौहार्द भी बाधित हो सकता है।

# किरियोकोस ने प्रधानमंत्री पद की फिर शपथ ली

एपी। एथेंस



**यूनान** में वामपंथी विपक्ष के मुकाबले रिकॉर्ड अंतर से दूसरी बार चुनाव जीतकर किरियोकोस मित्सोटाकिस ने सोमवार को प्रधानमंत्री कें रूप में पद की शपथ ली। इस चुनाव ने कई नई धुर-दक्षिणपंथी पार्टियों को भी संसद में प्रवेश दिलाया।

अब तक 99.70 प्रतिशत मतों की गिनती हुई है और सुधार समर्थक किरियोकोस की न्यू डेमोक्रेसी (एनडी) पार्टी को 40.55 प्रतिशत वोट मिले हैं जो मुख्य विपक्षी दल सीरिजा को मिले 17.84 प्रतिशत मतों से दोगुना है। पिछले 50 वर्ष में जीत का यह अंतर सबसे बड़ा है। मध्य-दक्षिणपंथी नेता 55 वर्षीय किरियोकोस ने यूनान के राष्ट्रपति कतेरीना साकेलारोपोलू की ओर से औपचारिक तौर पर जनादेश सौंपे जाने के बाद प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

टेलीविजन पर प्रसारित राष्ट्रपति के साथ अपनी बैठक में किरियोकोस ने कहा, मेरा लक्ष्य संसदीय बहुमत वाली एक स्थिर सरकार सुनिश्चित करना था। दुर्भाग्य से इसके लिए दो चुनावों की आवश्यकता पड़ी। किरियोकोस ने हाशिए के दलों की चकित कर देने वाली दस्तक के बारे में भी राष्ट्रपति से बातचीत की। छोटो दलों के प्रतिनिधियों की संख्या संसद में पांच से बढ़कर आठ हो गई है। रविवार को हुए मतदान में एनडी को 300 सदस्ईय संसद में से 158 सीट पर जीत मिली, सीरिजा को 48 सीट से संतोष करना पड़ा। इस बार 53 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया पर यह मई में हुए 61 प्रतिशत मतदान से कम है। मध्य-वामपंथी पीएएसओके के 32 उम्मीदवार संसद पहुंचे, तो स्टालिनवादी वामपंथी पार्टी के 20 उम्मीदवार सांसद बने। किरियोकोस को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। उन्हें यूक्रेन में युद्ध के कारण उत्पन्न जीवन-यापन संकट के बीच आर्थिक सुधार को बनाए रखना होगा और पड़ोसी तुर्किए के साथ संबंधों में सुधार करना होगा। उन्होंने रविवार देर रात वादा किया कि वह अपने दूसरे कार्यकाल का उपयोग एक गतिशील आर्थिक विकास दर के साथ यूनान को बदलने के लिए करेंगे जिससे वेतन में वृद्धि होगी और असमानता कम होगी। एनडी ने देश के 59 चुनावी क्षेत्रों में से 58 में जीत हासिल की और पारंपरिक समाजवादी और वामपंथी गढ़ों पर कब्जा कर लिया, जिनमें से कुछ क्षेत्रों में पहली बार जीत दर्ज की। हार्वर्ड से शिक्षित किरियोकोस यूनान के सबसे प्रमुख राजनीतिक परिवारों में से एक से आते हैं। उनके दिवंगत पिता कॉन्स्टेंटाइन मित्सोटाकिस वर्ष 1990 के दशक में प्रधानमंत्री के रूप में कार्यरत थे और उनकी बहन विदेश मंत्री थीं और उनका भतीजा एथेंस का मौजूदा महापौर है।



यांगून, म्यांमार के बाहरी इलाके में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर एक विनाश समारोह के दौरान अवैध नशीले पदार्थों को जलाने से धुआं और आग की लपटें उठती हुईं।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भारी बारिश और बिजली गिरने से 20 लोगों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भारी बारिश और बिजली गिरने से जुड़ी घटनाओं में महिलाओं और बच्चों समेत 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रविवार और सोमवार को पंजाब के ज्यादातर हिस्सों में भारी मॉनसून पूर्व बारिश हुई और इसके 30 जून तक जारी रहने की संभावना है। रेस्क्यू-1122 के प्रवक्ता फारूक अहमद ने पीटीआई-भाषा से सोमवार को कहा, पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों में बिजली गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य व्यक्ति या तो जिंदा दफन हो गए या बिजली की चपेट में आ गए। उन्होंने कहा कि बिजली गिरने से नारोवाल, शेखपुरा और ननकाना साहिब शहरों में आठ लोगों की मौत हो गई।

## पाक में तीन सैन्य अधिकारी बर्खास्त

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तानी** सेना ने सोमवार को कहा कि नौ मई को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान सैन्य प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहने पर एक लेफ्टिनेंट-जनरल सहित तीन अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया और तीन मेजर जनरल तथा सात ब्रिगेडियर के खिलाफ कार्वाई की गई है। खान की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लाहौर कोर कमांडर हाउस, मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित 20 से अधिक सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी भवनों में तोड़फोड़ की थी। रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी भीड़ ने हमला किया था। सैन्य प्रवक्ता मेजर जनरल अरशद शरीफ ने बताया कि सेना ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के संबंध में दो बार जांच कराई और कार्वाई की। उन्होंने बताया, जवाबदेही प्रक्रिया पर विचार-विमर्श करने और अदालती जांच ध्यान में रखते हुए, उन लोगों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की गई जो सैन्य प्रतिष्ठानों, जिन्ना हाउस और जनरल मुख्यालय की सुरक्षा और सम्मान को बरकरार रखने में नाकाम रहे। शरीफ ने बताया कि एक लेफ्टिनेंट-जनरल सहित तीन अधिकारियों को हटा दिया गया है और तीन मेजर जनरल और सात ब्रिगेडियर सहित अन्य अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि जांच मेजर जनरल स्तर के अधिकारियों द्वारा की गई। शरीफ ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, (नौ मई की हिंसा में) शामिल सभी लोगों को संविधान और कानून के तहत दंडित किया जाएगा।

## विद्रोह के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए रूसी रक्षा मंत्री

एपी। मॉस्को

**रूस** के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु निजी सैन्य समूह वैग्नर द्वारा विद्रोह करने और उन्हें हटाने की मांग किए जाने के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए। सोमवार को जारी एक वीडियो में वह यूक्रेन में सैनिकों का निरीक्षण करते हुए नजर आए। इस वीडियो का मकसद देश में कई दशकों के इस सबसे गंभीर राजनीतिक संकट के बाद व्यवस्था बने रहने का संकेत देना है। लेकिन अब भी उनकी, बागी नेता एवगेनी प्रीगोझिन एवं निजी सेना की तकदीर के साथ ही यूक्रेन में युद्ध पर प्रभाव और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के राजनीतिक भविष्य पर अनिश्चितता बनी हुई है।

इस लड़ाई के दौरान प्रीगोझिन और रूस के सैन्य नेतृत्व के बीच उत्पन्न कटुता ने विद्रोह का रूप ले लिया और वैग्नर समूह दक्षिणी रूस के एक सैन्य मुख्यालय पर कब्जा करने पहुंच गया। ऐसा जान पड़ता है कि बिना किसी रोक-टोक के वह मॉस्को से महज कुछ सौ मील दूर तक पहुंच गया। लेकिन शनिवार को 24 घंटे के अंदर ही वह वापस लौट गया।

क्रेमलिन ने कहा कि उसने समझौता किया है जिसके तहत प्रीगोझिन बेलारूस जाएंगे तथा उन्हें एवं उनके सैनिकों को क्षमादान मिलेगा। वैसे तो प्रीगोझिन के ठिकाने के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन एक लोकप्रिय समाचार चैनल ने टेलीग्राम पर खबर दी कि उन्हें बेलारूस की राजधानी मिंस्क में एक होटल में देखा गया।

रक्षा मंत्रालय ने शोइगु का वीडियो ऐसे समय जारी किया है जब रूसी मीडिया अटकलें लगा रहा था कि वह और अन्य सैन्य नेता पुतिन का विश्वास खो चुके हैं और उन्हें उनके पद से हटाया जा सकता है। वीडियो में शोइगु को एक हेलीकॉप्टर में उड़ान भरते और फिर यूक्रेन में सेना के एक मुख्यालय में सैन्य अधिकारियों से मुलाकात करते देखा गया। सरकारी टेलीविजन समेत रूसी मीडिया ने यह वीडियो दिखाया। वैसे यह स्पष्ट नहीं है कि यह वीडियो कब बनाया गया। प्रीगोझिन के निशाने पर रहे स्टाफ प्रमुख जनरल वी गेरासिमोव भी सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं।

## न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री का विमान बहुत पुराना

**वेलिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति अत्याधुनिक विमान एयरफोर्स वन से सफर करते हैं, जो उनका चलता-फिरता कमान केंद्र होता है। इसके विपरीत न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हिप्किंस का विमान बोइंग-757 इतना पुराना है कि उसके खराब होने की आशंका हमेशा बनी रहती है, ऐसी स्थिति में उन्हें चीन यात्रा पर एक बैकअप विमान ले जाना पड़ा है। न्यूजीलैंड के अधिकारियों ने सोमवार को स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री के विमान के खराब होने की आशंका बनी रहती है और ऐसे में वह चीन में ही न फंस जाए, इसके मद्देनजर एक बैकअप विमान भी उनके साथ भेजा गया है। अधिकारियों ने इसके साथ ही रेखांकित किया कि उन्होंने विमान केवल मनीला तक भेजा है, जो वेलिंगटन से बीजिंग की दूरी का 80 प्रतिशत है। वहीं, न्यूजीलैंड में कार्यवाहक प्रधानमंत्री कार्मेल सेपुलोनी ने पूरे प्रकरण पर सफाई देते हुए कहा, अगर हमारे पास बैकअप विमान नहीं होगा और कुछ होता है तो वे न केवल चीन में फंस जाएंगे, बल्कि उनको वहां ठहराने और अंतिम समय में वापस लाने के लिए विमान की व्यवस्था करने में जो खर्च आएगा, वह बैकअप विमान से अधिक होगा।

## इजराइल ने हजारों नए घरों के निर्माण की योजना को मंजूरी दी

**यरूशलम।** इजराइल की धुर-दक्षिणपंथी सरकार ने सोमवार को अपने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में हजारों नए घर बनाने की योजना को मंजूरी दे दी। यह एक ऐसा कदम है, जिससे अमेरिका के साथ पहले से ही जारी तनावपूर्ण संबंधों के और भी बिगड़ने का खतरा है।

सार्वजनिक सूचना
जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री लाला रामचंद, उक्त संपत्ति property Freehold Residential Part of Plot Nos. 135 & 136, area measuring 100 Sq. Yards i.e. 83.61 Sq. Meters, Out of Khasra No. 638 Mi., Situated at Residential Colony Vikas Kunj, in the Village Dhroti Khurd, Pargana & Tehsil Loni, District Ghaziabad, U.P का बिक्री विलेख दिनांक 30.11.1987 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 4312 के द्वारा मालिक थे। उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल यानि पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और ओम प्रकाश गुप्ता के विधिक उत्तराधिकारी श्री राम गोपाल गुप्ता, श्री विमल कुमार गुप्ता, श्री • अशोक कुमार गुप्ता को कोई आपत्ति नही है अगर श्री जोगिंद्र उपरोक्त संपत्ति को बंधक करें। यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा हैं, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।
राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client RBL Bank Ltd. that Mrs. Sunita Gupta is the owner of Entire Second Floor, with roof rights, " the Said Floor" built on Property Bearing No. 44-A/D, area measuring 126 Sq. Yds., out of Khasra No. 648/231, Khewat No. 3, Khatoni No. 3, Situated in the area of Village Rajpur Chhaoni, abadi Known as old Gupta Colony, Delhi "the said property", by virtue of Relinquishment Deed dated 15.05.2023 Registration No. 7732, executed by (1) Mrs. Sonia Goyal, (2) Miss. Monika Gupta, (3) Miss. Bhawna Gupta, All persons including other legal heirs if any are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said floor with roof rights, of the said property and someone want to purchase the same by taking Home loan from our client, if anybody has any objection/s upon the said property/floor, and its ownership / its Title / sale and mortgage /any litigations, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com



लाहौर, पाकिस्तान की एक अदालत में पेश होने के लिए पहुंचे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अपनी पत्नी बुशरा बीबी के साथ

## सत्ता पर रूसी राष्ट्रपति की पकड़ को लेकर उपजे संदेह पर यूरोपीय संघ ने सावधान किया

एपी। ब्रसेल्स

**यूरोपीय** संघ के मंत्रियों ने सोमवार को रूस में भाड़े के सैनिकों द्वारा विफल विद्रोह को लेकर सावधानी बरतने का अनुरोध किया है। इस घटना के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सत्ता पर पकड़ को लेकर उठ रहे सवालों और संदेहों के बीच मंत्रियों ने यह अनुरोध किया है।

यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या वैगनर समूह के लड़ाके बेलारूस सीमा पर खुद को खड़ा कर सकते हैं। लक्जमबर्ग में वार्ता के दौरान यूरोपीय संघ के कुछ विदेश मंत्रियों ने वैगनर समूह के नेता एवगेनी प्रीगोझिन के नेतृत्व में हुए अल्पकालिक विद्रोह का संबंध खुद पुतिन द्वारा तैयार किए गए राक्षस से जोड़ा है।

लेकिन कई अन्य लोग इस बात से चिंतित हैं कि उनके इस कदम को रूस की मदद के रूप में देखा जा सकता है और उन्हें यह कहते हुए पीड़ा हो रही है कि विद्रोह रूस का अंदरूनी मामला है। हालांकि, कई सवाल अनुत्तरित हैं जिनमें प्रीगोझिन के सटीक ठिकाने से जुड़ा सवाल भी शामिल है। यह भी प्रश्न है कि क्या वह सैनिकों को अपने साथ ले जा सकते हैं। काफी लोग इस बात पर सहमत होते दिखे कि इस घटना को लेकर यूरोप के सुरक्षा निहितार्थ हैं और सबसे अहम चीज यूक्रेन की मदद करना है ताकि हालात का फायदा उठाया जा सके।

जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने संवाददाताओं से कहा, हम इसका सावधानीपूर्वक विश्लेषण कर रहे हैं। इसमें जोखिम भी शामिल है जिसका हम अब भी आकलन करने में समर्थ नहीं हैं। हम यरोपियों के लिए केवल एक चीज मायने रखती है और वह है यूक्रेन की मदद करना।

बैठक की अध्यक्षता करने वाले यूरोपीय संघ की विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल ने कहा कि पुतिन ने वैगनर के साथ जिस राक्षस को खड़ा किया था वह उनके ही खिलाफ साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक प्रणाली कमजोरी को दर्शाती है और सैन्य ताकत दरक रही है। बोरेल ने कहा कि यह वक्त यूक्रेन को अब तक दिए गए समर्थन से और अधिक समर्थन देने का है।

ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्री अलेक्जेंडर शालेनबर्ग ने संवाददाताओं से कहा, पुतिन उन भूतों से छुटकारा नहीं पा सकते जिन्हें उन्होंने खुद बुलाया है और वे अब उन्हें सताएंगे। उन्होंने विद्रोह को इस बात का सबूत बताया कि सत्ता ढांचे में दरारें आ गई हैं।

## ब्रिटेन में नहर में गिरने से भारतीय छात्र की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन में स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई कर रहे तमिलनाडु के एक 25 वर्षीय छात्र की बर्मिंघम नहर में गिरने के कारण मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने बृहस्पतिवार तड़के बर्मिंघम के एस्टन विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले जीवंत शिवकुमार को वोर्सेस्टर एंड बर्मिंघम नहर में गिरा हुआ पाया। इसके बाद वेस्ट मिडलैंड्स एम्बुलेंस सेवा को बुलाया गया। बाद में एक बयान में कहा गया कि काफी प्रयासों के बाद भी उस व्यक्ति को नहीं बचाया जा सका। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने सोमवार को एक बयान में कहा, उस व्यक्ति की मौत को संदिग्ध नहीं माना जा रहा है और शव को आगे की कार्वाई के लिए मुर्दाघर ले जाया जाएगा। इंडियन नेशनल स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आईएनएसए)- यूके का एस्टन यूनिवर्सिटी चैप्टर शिवकुमार के शव को कोयंबटूर में उनके परिवार तक पहुंचाने में मदद कर रहा है।

PUBLIC NOTICE
To be known to all, GAMBHIR SINGH S/o SH. GAJENDRA SINGH R/o H-44/1,NEHRU NAGAR ,PHASE-3,RAKESH MARG,GHAZIABAD, UTTAR PRADESH is the Allottee/Owner of DDA LIG FLAT NO.35, THIRD FLOOR, POCKET-3, BLOCK-D-6, SECTOR-G-8,NARELA, DELHI have applied for certified copy in DDA.The original document i.e. Demand Cum Allotment Letter & NOC for Water and Electricity Connection of the above said flat has been lost.An F.I.R./ NCR/LR NO.592154/ 2023 dated 26/06/ 2023 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch,Delhi.Any person (s)claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents,may write/ contact with above named person at above Address/Phone No. 8376884586 within 15 days from the date of publication of this notice.The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Housing)-LIG or Director(H)-LIG,Delhi Development Authority,Vikas Sadan,New Delhi-110023.

PUBLIC NOTICE
To be known to all, Saroj Devi W/o Late Sh. Parkash Chand R/o 531, Pratap Vihar-2, Kirari Suleman Nagar,Delhi-110086 Purchaser/ Owner of DDA Janta Flat NO. 477,on Ground Floor,Double Storey,Raghubir Nagar,New Delhi Have Applied For Certified Copies & conversion from leasehold to freehold in DDA. The original documentsi.e.demand/ Allotment Letter,possession Letter, NOC For Water and Electricity Connection,Site Possess ion Slip & Other Relevant Documents of the above said flat has been lost. An F.I.R./NCR/LR NO.593040 /2023 dated 26/06/2023 to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch,Delhi.Any person(s)claiming anyright,interest,having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9213857665 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right,interest,objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Housing)-Janta or Director (H)-Janta,Delhi Development Authority, Vikas Sadan, New Delhi -110023.

## अमेरिका में हवाई अड्डा के कर्मचारी को अचानक इंजन ने खींच लिया, मौत

भाषा। ह्यूस्टन (अमेरिका)

**अमेरिका** के टेक्सास में एक हवाई अड्डा के कर्मचारी को यात्री विमान के इंजन ने अचानक अपनी ओर खींच लिया जिसके चलते उसकी मौत हो गई। कर्मचारी की मौत स्थानीय समयानुसार रात करीब 10 बजकर 25 मिनट पर हुई, जब डेल्टा एयर लाइन्स का एक विमान लॉस एंजिलिस से सैन एंटोनियो (टेक्सास) पहुंचा ही था। विमान एक इंजन के साथ चल रहा था और आगमन द्वार की ओर बढ़ रहा था तभी कर्मचारी उसकी चपेट में आ गया।

राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के अनुसार, शुक्रवार को टेक्सास के सैन एंटोनियो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर विमान के इंजन ने कर्मचारी को अपनी ओर खींच लिया जिससे उसकी मौत हो गई। कर्मचारी का नाम बोर्ड ने उजागर नहीं किया। एनटीएसबी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, बोर्ड अटलांटा स्थित एयरलाइन के साथ संपर्क में है, जो घटना से जुड़ी जानकारी एकत्रित कर रही है। डेल्टा एयरलाइन ने एक बयान में कहा, इस मुश्किल समय में हमारी संवेदनाएं कर्मचारी के परिवार, दोस्तों तथा प्रियजन के साथ हैं और हम उनके साथ खड़े हैं। यूनिफी एविएशन ने कर्मचारी को काम पर रखा था। यह कंपनी विभिन्न एयरलाइन के ग्राउंड हैंडलिंग कार्यों में मदद करती है। यूनिफी एविएशन ने भी घटना पर शोक व्यक्त किया है। गौरतलब है कि इसी तरह की एक घटना पिछले साल के आखिर में अलबामा में हुई थी जब हवाई अड्डे के एक कर्मचारी को विमान के इंजन ने अपनी ओर खींच लिया था और उसकी मौत हो गई थी।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Yogesh Madan S/o Shri M.L.Madan R/o EC-268, Maya Enclave, Maya Puri, South West Delhi, Delhi-110064 have changed my name from Yogesh Chander to Yogesh Madan for all future purposes.

PD(077)A

## हिजबुल्लाह ने इजराइली ड्रोन मार गिराने का दावा किया

**बेरूत।** लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने सोमवार को सीमा के निकट दक्षिणी लेबनान के ऊपर उड़ रहे एक इजराइली ड्रोन को मार गिराया। हालांकि, संगठन ने ड्रोन के प्रकार समेत कोई अन्य ब्योरा नहीं दिया है। संगठन के दावे के मुताबिक, ड्रोन इजराइल से सटी सीमा के उत्तर में स्थित जिबकिन गांव के पास मार गिराया गया। इस दावे को लेकर इजराइल की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की गई है। यह घटना लेबनान-इजराइल सीमा पर खासकर चेबा फार्म्स नाम के विवादित क्षेत्र में हफ्तों के तनाव के बाद घटी है।

## नेपाल में पशुपतिनाथ मंदिर में सोना गायब होने की खबर से जलहरी का वजन किया गया

भाषा। काठमांडू

**नव** स्थापित आभूषण के निर्माण में अनियमितताओं के बढ़ते दावों के बीच नेपाल के शीर्ष भ्रष्टाचार निरोधक निकाय ने पशुपतिनाथ मंदिर के भीतर जलहरी में गायब सोने की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को मंदिर श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोल दिया गया। जलहरी वह नींव है जिस पर शिवलिंग स्थापित किया जाता है। काठमांडू के सबसे पुराने हिंदू मंदिर पशुपतिनाथ मंदिर के आंतरिक गर्भगृह में यह है। जलहरी से 10 किलोग्राम सोना गायब होने की रिपोर्ट की जांच करने के लिए सरकार द्वारा अधिकार का दुरूपयोग की जांच करने वाले आयोग (सीआईएए) को निर्देश दिए जाने के बाद रविवार को मंदिर भक्तों के लिए बंद कर दिया गया था।

जलहरी नामक नव स्थापित 100 किलोग्राम सोने का आभूषण पिछले साल महा शिवरात्रि उत्सव के दौरान मंदिर के अंदर शिव लिंग के चारों ओर स्थापित किया गया था।

सीआईएए की एक विशेष टीम ने सफलतापूर्वक सोने का वजन किया। तौल प्रक्रिया रविवार शाम छह बजे शुरू हुई और सोमवार तड़के दो बजे समाप्त हुई। सीआईएए के प्रवक्ता भोला दाहाल ने कहा, हम मामले की जांच कर रहे हैं और किसी निष्कर्ष पर पहुंचने में कुछ समय लगेगा। जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, हम आभूषण के बारे में कुछ नहीं कह सकते। दाहाल के मुताबिक, जांच को फिलहाल गुप्त रखा गया है। सीआईएए वजन माप रहा है और आभूषण की गुणवत्ता निर्धारित कर रहा है। पशुपति क्षेत्र विकास न्यास ने दावा किया है कि आभूषण में 103 किलो सोना और पांच किलो अन्य धातुएं हैं, जिनका कुल वजन 108 किलो है।

## ऑस्ट्रेलिया में रूसी दूतावास को हटाने के फैसले पर रोक लगाने के अनुरोध वाली याचिका खारिज

एपी। कैनबरा



**ऑस्ट्रेलिया** की सर्वोच्च अदालत ने रूस की ओर से दाखिल उस याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी कैनबरा के एक भूखंड से रूसी दूतावास को हटाने के फैसले पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जेन जैगोट ने इस याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि भूखंड के पट्टे (लीज) को समाप्त करने वाले कानून को संवैधानिक आधार पर चुनौती देने का रूस का कदम कमजोर और समझ से परे है।

गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलियाई संसद ने 15 जून को एक आपातकालीन विधेयक पारित किया था, जिसके तहत एक भूखंड पर रूस के पट्टे को सुरक्षा आधार पर समाप्त कर दिया गया था, क्योंकि इस पर निर्मित होने वाला मॉस्को का नया दूतावास (ऑस्ट्रेलियाई) संसद भवन के बहुत करीब होता। सुनवाई के दौरान रूस के वकील इलियट हाइड ने दलील दी कि अगर पट्टे की समाप्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला होने तक रूसी दूतावास को भूखंड पर कब्जा बनाए रखने की अनुमति नहीं दी गई, तो राजदूत एलेक्सी पावलोव्स्की को वहां पहले से ही मौजूद एक उच्चायोग भवन की अखंडता और सुरक्षा को लेकर भरोसा नहीं होगा। इलियट ने कहा कि उक्त भूखंड पर पिछले एक हफ्ते से एक अस्थाई कक्ष में रह रहा व्यक्ति परिसर की सुरक्षा करने वाला सुरक्षाकर्मी है। मीडिया में प्रकाशित खबरों में इस व्यक्ति को रूस का एक राजनयिक बताया गया था। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि रूसी अधिकारी जल्द उक्त भूखंड को खाली कर देंगे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि उक्त भूखंड पर रूस की उपस्थिति जारी रखने का कोई कानूनी आधार नहीं है। हम उम्मीद करते हैं कि रूसी संघ अदालत के फैसले के अनुसार काम करेगा। हालांकि, रूसी दूतावास ने इस फैसले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। इससे पहले, रूस ने कैनबरा के कूटनीतिक क्षेत्र में एक भूखंड के पट्टे को रद्द करने के ऑस्ट्रेलिया के फैसले को रूस विरोधी भावना करार दिया था। रूस इस स्थान पर अपना नया दूतावास बनाना चाहता था। ऑस्ट्रेलिया में रूस का मौजूदा दूतावास कैनबरा के उपनगर ग्रिफिथ में स्थित है और फैसले का इसके संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है।

खबरों के मुताबिक, उच्च न्यायालय के फैसले के बाद भूखंड की सुरक्षा कर रहा व्यक्ति वहां से चला गया है। खबरों के अनुसार, यह व्यक्ति राजनयिक लाइसेंस प्लेट वाली एक कार में सवार होकर अपने सामान के साथ वहां से रवाना हो गया। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय कानून के विशेषज्ञ डॉन रॉथवेल ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में मान्यता प्राप्त रूसी राजनयिकों की प्रकाशित सूची पर गौर फरमाने से पता चलता है कि देश में मॉस्को के केवल तीन पुरुष राजनयिक तैनात हैं।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given on behalf of Mrs. Hem Lata w/o Mr. SumitacquiredResidential Vacant Plot of land admeasuring 75 sq. yds. i.e. 62.70 sq. mtrs., out of Khasra No. 208, Village Sadullahapur, Pargana & Tehsil Dadri, District Gautam Budh Nagar U.P.acquired from Mr. Mahabir s/o Mr. Kheamchandby virtue of Sale Deed dated 06.05.2023, duly registered as Document No. 16439, in Addl. Book No.1, Volume No. 23478, on pages 301-326 dated 06.05.2023, SRO-Dadri, Gautam Budh Nagar, U.P. and same to be financed & mortgaged by Vastu Housing Finance Corporation Ltd.
If any Person having any type of claim/right/ title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.
Lucem Legal LLP
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP - 201301, Contact # 0120-4269379

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given on behalf of Mrs. Satyawati Yadav who is/arepurchasing the Property bearing No.1089, consisting of First Floor & Second Floor, with its roof rights, area measuring 22.5 Sq. Yds., situated at Gali Sagar Chand, Shora Kothi, Subzi Mandi, Delhi-110007; from Mrs. Veenita Rathore, who is owner of the aforesaid property by virtue of Gift Deed dated 19.01.2023, which is registered vide Document No.690, registered with the office of the Sub-Registrar-I, Kashmirigate, Delhi, on 20.01.2023; and intend to mortgage the same against the financial assistance from Shubham Housing Development Finance Company Limited. That, original 1) Sale Deed dated 12.07.2000, registered vide Document No. 3882, registered with the office of the Sub-Registrar-I, Delhi, on 12.07.2000 & 2) Sale Deed dated 14.02.2008, registered vide Document No. 946, registered with the office of the Sub-Registrar-I, Delhi, on 14.02.2008; are/is not available / misplaced. To comply the requirements of BANK / NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
Lucem Legal LLP
Plot no.136, (Basement) Uday Park, New Delhi-110049; Contact # 011-40046316

# नवीनतम हथियारों से लैस किए जा रहे सशस्त्र बल: राजनाथ

**भाषा।** जम्मू

राष्ट्रीय सुरक्षा को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि देश के सशस्त्र बलों को नवीनतम हथियारों से लैस किया जा रहा है क्योंकि देश आयातित हथियारों पर निर्भर नहीं रहना चाहता। सिंह ने साथ ही कहा कि सरकार देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यहां एक राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड है। उन्होंने कहा, सेना को नवीनतम हथियारों और आधुनिक तकनीक से लैस करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। उन्होंने देश को आश्वस्त किया कि सशस्त्र बल सीमाओं और समुद्र की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम हैं। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य अपने सशस्त्र बलों को आधुनिक सेनाओं की अग्रिम पंक्ति में लाना है।

राष्ट्रीय सुरक्षा पर रूपरेखा की विस्तार से चर्चा करते हुए सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चार निर्देशक सिद्धांतों पर काम कर रही है, जिसमें देश को अपनी सुरक्षा और संप्रभुता के खतरों से निपटने में सक्षम बनाना और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर कार्वाई करना शामिल है। मंत्री ने कहा कि प्रगति के लिए देश के भीतर सुरक्षित स्थितियां बनाना, लोगों के जीवन में सुधार लाना और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करना तथा आतंकवाद जैसी वैश्विक चुनौतियों से एकजुट होकर निपटने के लिए मित्र देशों के साथ माहौल बनाना अन्य दो सिद्धांत हैं। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में भारत के सुरक्षा परिदृश्य में मूलभूत बदलाव आया है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र किया, जिसमें सीमा बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना शामिल है। उन्होंने आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए उठाए गए कई कदमों को भी सूचीबद्ध किया जिसमें सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों की अधिसूचना और वित्तीय वर्ष 2023-24 में रक्षा पूंजी खरीद बजट का 75 प्रतिशत घरेलू उद्योग के लिए निर्धारित करना शामिल है।



राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, जम्मू कश्मीर राज्य इकाई के भाजपा अध्यक्ष रवींद्र रैना

सिंह ने कहा, भारत आयातित हथियारों पर निर्भर नहीं रहना चाहता। हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा तभी मजबूत होगी जब हम रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनेंगे। हमारा उद्देश्य मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड है। हमारे प्रयासों के परिणाम सामने आ रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत टैंक, विमान वाहक पोत, पनडुब्बियां और विभिन्न प्रकार के हथियारों का निर्माण कर रहा है और इसका रक्षा निर्यात 2014 से पहले 900 करोड़ रुपए से बढ़कर 16,000 करोड़ रुपए को पार कर गया है। उन्होंने कहा, अगले कुछ महीनों में निर्यात 20,000 करोड़ रुपए का आंकड़ा छू लेगा। सिंह ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष की नियुक्ति और सैन्य मामलों के विभाग के गठन सहित सरकार द्वारा किए गए संरचनात्मक सुधारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, सरकार लगातार आगे बढ़ रही है और थिएटर कमांड स्थापित करने के लिए काम किया जा रहा है, जो एक और क्रांतिकारी सुधार होगा।रक्षा मंत्री ने भारत के सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए अमेरिका और रूस जैसी प्रमुख विश्व शक्तियों के साथ समन्वय के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका को स्वाभाविक सहयोगी के रूप में देखा जा रहा है और उनकी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेना-से-सेना के बीच जुड़ाव, सूचना साझाकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर, अंतरिक्ष और पारस्परिक रसद सहयोग क्षेत्र में विस्तार के साथ भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग तेजी से बढ़ा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा को एक ऐतिहासिक घटना करार दिया, जिसने एक नए युग में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की शुरुआत की है। उन्होंने वैश्विक खतरों और चुनौतियों से निपटने के लिए एकीकृत और एकजुट प्रतिक्रिया का आह्वान किया। उन्होंने कहा, भारत एक प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति है। इसलिए, हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपनी सुरक्षा चिंताओं को अपने विस्तारित पड़ोस में अन्य देशों के साथ संरेखित करें।

सिंह ने भारत में एफ-414 लड़ाकू जेट इंजन के सह-उत्पादन के लिए जनरल इलेक्ट्रिक एयरोस्पेस-हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच समझौते का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, इस समझौते के तहत, हम जेट इंजन बनाने वाला चौथा देश बन जाएंगे। तेजस विमान में ए मेड इन इंडिया इंजन लगाए जाएंगे। अमेरिका से एमक्यू-9बी ड्रोन की खरीद की कीमत और अन्य शर्तों को लेकर अटकलों को खारिज करते हुए, सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ड्रोन की खरीद लागत की तुलना जनरल एटॉमिक्स द्वारा अन्य देशों को दी जाने वाली सर्वोत्तम कीमत से करेगा। उन्होंने कहा, खरीद स्थापित खरीद प्रक्रिया का पालन करते हुए ही की जाएगी।

## जम्मू और कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी: रक्षा मंत्री

**भाषा।** जम्मू

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। हालांकि, उन्होंने इस बारे में किसी विशेष समयसीमा का जिक्र नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि सरकार क्षेत्र से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (आफस्पा) को हटाने के लिए कोई विशिष्ट समयसीमा तय नहीं कर सकती। पीटीआई-भाषा के इस सवाल पर कि केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कब होगा, सिंह ने कहा, संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद हमारा उद्देश्य जम्मू-कश्मीर में यथाशीघ्र सामान्य स्थिति बहाल करना है। हम इस क्षेत्र में जल्द से जल्द लोकतांत्रिक प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि यहां के लोगों की लंबे समय से चली आ रहीं आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने के लिए कोई सटीक समयसीमा नहीं दे सकते। हालांकि, उन्होंने विश्वास जताया कि इस प्रक्रिया में अनावश्यक देरी नहीं होगी। सिंह ने कहा, मैं कोई विशिष्ट समयसीमा नहीं बता सकता, लेकिन मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि यह एक लंबी प्रक्रिया नहीं होगी। मैं विश्वास के साथ यही कह सकता हूं। जम्मू में एक सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, आज पूर्वोत्तर के बड़े हिस्से से आफस्पा हटा दिया गया है। मैं उस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं जब जम्मू-कश्मीर में स्थाई शांति स्थापित होगी और इस क्षेत्र से भी आफस्पा हटाया जा सकता है। लेकिन मैं आपको कोई समयसीमा नहीं दे सकता। हिंसा प्रभावित मणिपुर में जमीनी हालात का आकलन करने के लिए वहां सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने की विपक्ष की मांग से जुड़े सवालों पर रक्षा मंत्री ने कहा कि गृह मंत्रालय इस मामले में उचित निर्णय लेगा। चीन की ओर से पाकिस्तान को सीमा पर अवसंरचना तैयार करने के लिए मिल रही मदद से जुड़ी चिंता के संबंध में सिंह ने कहा, हम इस तरह की चुनौतियों से निपटने की क्षमता रखते हैं। हम नि:संदेह इस तरह की चुनौतियों से निपट लेंगे।

## यदि आवश्यकता पड़ी तो भारत सीमा पार आतंकी नेटवर्क को बना सकता है निशाना

**जम्मू (भाषा)।** पाकिस्तान को परोक्ष रूप से चेतावनी देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ताकतवर बनता जा रहा है और जरूरत पड़ी तो वह सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो उस पार भी जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया को पता चल गया है कि आतंकवाद के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का क्या मतलब होता है। सिंह ने कहा, पुलवामा और उरी दोनों ही दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं थीं। प्रधानमंत्री ने (सर्जिकल स्ट्राइक करने का) फैसला लेने में केवल 10 मिनट लिए, जो उनके मजबूत दृढ़संकल्प को दिखाता है। हमारे सुरक्षा बलों ने न केवल सीमा के इस ओर आतंकवादियों को ढेर किया, बल्कि उन्हें मार गिराने के लिए उस पार भी गए। जम्मू विश्वविद्यालय में एक राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि मुस्लिम देशों सहित दुनिया आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को कश्मीर का राग अलापने से कुछ हासिल नहीं होगा और इसके बजाय उसे अपने हाल पर ध्यान देना चाहिए। मंत्री ने 40 मिनट से अधिक के संबोधन में कहा कि भारत ने मोदी सरकार के तहत आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्वाई की है और 2016 में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 में बालाकोट हवाई हमले का जिक्र किया। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रहा। भारत ताकतवर बनता जा रहा है। जरूरत पड़ी तो भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो उस पार भी जा सकता है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृव में हमारी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है।

## मणिपुर में हिंसा की बदलती प्रकृति चिंता का विषय : बीरेन

**भाषा।** इंफाल

**मणिपुर के** मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्वोत्तर के इस राज्य में हिंसा की बदलती प्रकृति पर चिंता जताई है। खबरों के अनुसार, शाह इंफाल घाटी के बाहरी क्षेत्रों में हिंसा के बाद अब जिलों में नागरिकों के बीच अशांति फैलने को लेकर चिंतित हैं। रविवार देर रात नई दिल्ली से लौटने के बाद इंफाल में संवाददाताओं से बातचीत में सिंह ने कहा, बाहरी क्षेत्रों में गोलीबारी से लेकर घाटी के जिलों में नागरिक असंतोष तक, हिंसा की बदलती प्रकृति अमित शाह जी के लिए चिंता का विषय बन गई है।

सिंह ने नई दिल्ली में शाह को मणिपुर के ताजा हालात के बारे में जानकारी दी और कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार हिंसा को काफी हद तक नियंत्रित करने में सफल साबित हुई हैं। मुख्यमंत्री ने बताया, शाह ने केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री आर के रंजन सिंह और राज्य के मंत्री सुशींद्रो मेइती के घरों पर हमले, सरकारी संपत्तियों में आगजनी एवं तोड़फोड़ तथा सुरक्षा बलों की आवाजाही को बाधित किए जाने जैसे मुद्दे पर बात की। सिंह ने कहा कि उन्होंने गृह मंत्री को मणिपुर में शांति और सामान्य स्थिति की बहाली के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर एक रिपोर्ट सौंपी। मुख्यमंत्री ने कहा, वह सड़कों पर सुरक्षा बलों, पुलिस तथा एम्बलेंस का रास्ता रोके जाने और उन्हें अपना काम करने से रोके जाने को लेकर बहुत चिंतित थे, जो अराजकता का आभास करा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि गृह मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है कि केंद्र सरकार मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए हरसंभव कदम उठाएगी।

सिंह ने कहा, यह सभी हितधारकों, नागरिक निकायों, विधायकों और राजनीतिक दलों के नेताओं के लिए एक साथ बैठने तथा उन पहलुओं की पहचान करने का समय है, जिन पर सभी को काम करना चाहिए। शाह और सिंह की मुलाकात मणिपुर के हालात को लेकर नई दिल्ली में गृह मंत्री की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक के एक दिन बाद हुई। तीन घंटे तक चली इस बैठक में 18 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, पूर्वोत्तर के चार सांसदों और क्षेत्र के दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया था। गृह मंत्री ने सर्वदलीय बैठक में कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिंसा प्रभावित राज्य की स्थिति पर पहले दिन से ही नजर रख रहे हैं और समस्या का समाधान खोजने के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। इस बीच, सेना के सूत्रों ने बताया कि मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के चिंगमेइरोंग में हिंसा की ताजा घटना सामने आई है, जहां अज्ञात उपद्रवियों ने रविवार को आधी रात के बाद एक दुकान में आग लगा दी। गौरतलब है कि मणिपुर में मेइती और कुकी समुदाय के बीच हुए जातीय संघर्ष में अब तक 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## शुक्राणु की अदला-बदली में अस्पताल पर 1.5 करोड़ रुपए जुर्माना

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) ने दिल्ली के एक निजी अस्पताल और संबंधित डॉक्टरों पर प्रजनन प्रक्रिया संबंधी गड़बड़ी के लिए 1.5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। डाक्टरों ने महिला को गर्भ धारण में मदद के लिए पति के बजाय किसी और व्यक्ति के शुक्राणुओं का इस्तेमाल किया था। शीर्ष उपभोक्ता आयोग ने एआरटी क्लीनिकों के खिलाफ कड़ी टिप्पणियां कीं जो हाल के वर्षों में तेजी से बढ़े हैं और जहां बड़े पैमाने पर अनैतिक प्रक्रियाएं चल रही थीं। उसने कहा कि ऐसे क्लीनिकों की मान्यता की जांच के अलावा नवजात शिशुओं का डीएनए प्रोफाइल जारी करना अनिवार्य किए जाने की आवश्यकता है। आयोग दंपति की एक शिकायत पर सुनवाई कर रहा था, जिसके अनुसार पत्नी ने जून 2009 में एआरटी प्रक्रिया के माध्यम से जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था। शिशुओं का रक्त समूह क्योंकि माता-पिता से बच्चे तक संभावित रक्त समूहों के आनुवंशिक संचरण के अनुरूप नहीं था, ऐसे में बाद में पितृत्व परीक्षण या डीएनए प्रोफाइल किया गया जिससे पता चला कि महिला का पति उसके जुड़वां बच्चों का जैविक पिता नहीं था। दंपति ने सेवा में लापरवाही और कमी के लिए दो करोड़ रुपए के मुआवजे का दावा करते हुए आयोग का रुख किया। इसमें कहा गया कि इससे उनके लिए भावनात्मक तनाव, पारिवारिक कलह और आनुवंशिक रूप से विरासत में मिली बीमारियों का डर सहित कई मुद्दे पैदा हो गए। पीठासीन सदस्य एस.एम. कानितकर ने अपने हालिया आदेश में कहा, मेरे विचार में, मौजूदा मामला विरोधी पक्षों द्वारा अपनाई गई भ्रामक और अनुचित व्यापार प्रथाओं का है जो पेशेवर नैतिकता भूल गए हैं। इस प्रकार विपरीत पक्ष।-3 (अस्पताल, उसके निदेशक और अध्यक्ष) के अलावा विरोधी पक्ष 4-6 (तीन डॉक्टर) लापरवाही और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए उत्तरदाई हैं... मैं प्रतिवादियों के खिलाफ 1.5 करोड़ रुपए की कुल एकमुश्त देनदारी तय करता हूं। उन्होंने कहा कि रक्त समूह रिपोर्ट और डीएनए प्रोफाइल ने स्पष्ट रूप से साबित किया कि पति बच्चों का जैविक पिता नहीं था।

## फडणवीस ने उद्धव को परिवार की संपत्तियों की जानकारी सार्वजनिक करने की चुनौती दी

**भाषा।** चंद्रपुर (महाराष्ट्र)

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता उद्धव ठाकरे को अपने परिवार की संपत्तियों की जानकारी सार्वजनिक करने की चुनौती दी है। फडणवीस ने पिछले सप्ताह विपक्षी दलों की पटना में हुई बैठक को इनके अपने परिवारों और वंश को बचाने का प्रयास बताया था जिसके बाद से फडणवीस और ठाकरे एक-दूसरे पर शब्दबाण चला रहे हैं।

फडणवीस ने रविवार रात चंद्रपुर में कहा कि पिछले नौ साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए कामों ने परिवार-केंद्रित दलों को अपने राजनीतिक उत्तराधिकारियों को बचाने के लिए एक छत के नीचे आने पर मजबूर कर दिया। वह मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं तथा अन्य लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर भाजपा नेता और राज्य के मंत्री सुधीर मुनगंटीवार द्वारा लिखी पुस्तक आर्किटेक्ट ऑफ न्यू इंडिया (मराठी संस्करण) का विमोचन भी किया गया।

फडणवीस ने दावा किया, प्रधानमंत्री मोदी के काम ने परिवारवादी दलों को अपने वंश को बचाने के लिए पटना में एक छत के नीचे एकत्रित होने पर मजबूर कर दिया। बैठक का एजेंडा मोदी को सत्ता से हटाना नहीं बल्कि अपने परिवारों को बचाना था। उन्होंने पूछा कि सोनिया गांधी, शरद पवार और उद्धव ठाकरे जैसे नेता अपने बच्चों को लेकर अधिक चिंतित हैं या भारत को लेकर। उपमुख्यमंत्री ने मोदी को सूर्य के समान बताते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी पूरे देश को अपना परिवार मानते हैं। पटना में एकत्रित विपक्षी नेताओं ने केवल राहुल गांधी के लिए सुयोग्य वधू की तलाश के लिए एक प्रस्ताव पारित किया। ठाकरे पर निशाना साधते हुए फडणवीस ने कहा कि वह दूसरों के मामलों में दखल नहीं देते लेकिन अगर मैं देता हूं, तो बीच में नहीं छोड़ता। भाजपा नेता ने कहा, मैंने कहा कि पटना की बैठक परिवार-केंद्रित दलों का जमावड़ा था लेकिन आपने (ठाकरे) मेरी पत्नी पर टिप्पणी की। मैं शीशे के घर में नहीं रहता हूं। जो लोग शीशे के घरों में रहते हैं उन्हें दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंकने चाहिए। मेरी जिंदगी एक खुली किताब है। उन्होंने कहा कि वह ठाकरे को उनके परिवार की संपत्तियों की जानकारी सार्वजनिक करने की चुनौती दे रहे हैं। गौरतलब है कि ठाकरे ने गत शुक्रवार को पटना में हुई विपक्षी दलों की बैठक को इनके अपने राजनीतिक परिवारों और वंश को बचाने का प्रयास बताए जाने संबंधी महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बयान की आलोचना की थी। फडणवीस पर पलटवार करते हुए ठाकरे ने कहा था, मैं अपने परिवार को लेकर बहुत संवेदनशील हूं। इतना नीचे नहीं गिरें।

## ओडिशा में बस दुर्घटना में 12 बारातियों की मौत

**भाषा।** ब्रह्मपुर (ओडिशा)

**ओडिशा के** गंजाम जिले में दो बसों की आमने-सामने की टक्कर में बारह बारातियों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी। ब्रह्मपुर के पुलिस अधीक्षक सरवण विवेक एम. ने बताया कि हादसा रविवार देर रात यहां से करीब 35 किलोमीटर दूर ब्रह्मपुर-तप्तापानी मार्ग पर दिगपहांडी इलाके के पास तब हुआ जब बारातियों की बस ओडिशा राज्य सड़क परिवहन निगम (ओएसआरटीसी) की एक अन्य बस से टकरा गई। पुलिस के अनुसार, हादसे की चपेट में आए लोग ब्रह्मपुर में एक शादी समारोह में भाग लेने के बाद दिगपहांडी के पास खांडादेउली लौट रहे थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हादसे पर दुख व्यक्त किया और घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। राष्ट्रपति भवन ने राष्ट्रपति मुर्मू के हवाले से ट्वीट किया, ओडिशा के गंजाम में सड़क दुर्घटना में लोगों की जान जाने की खबर सुनकर काफी दुखी हूं। इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करती हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक ट्वीट में मोदी ने कहा, ओडिशा के गंजाम जिले में हुआ बस हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इसमें जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मैं शोक-संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से इस दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

## क्विक न्यूज

### आयकर विभाग ने धर्मार्थ संस्थानों के लिए खुलासा मानकों में किए बदलाव

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने आयकर छूट का दावा करने वाले धर्मार्थ संस्थानों के लिए खुलासा मानकों में बदलाव करते हुए अतिरिक्त विवरण देने को कहा है। आयकर नियमों में किए गए संशोधन एक अक्टूबर से लागू होंगे। इसके मुताबिक, धर्मार्थ संस्थानों को अब यह खुलासा करना होगा कि उनकी गतिविधियां धर्मार्थ, धार्मिक या धार्मिक-सह-धर्मार्थ किस तरह की हैं। इसके अलावा एक दिन में किसी व्यक्ति से दो लाख रुपए से अधिक दान मिलने पर दान देने वाले का नाम-पता, भुगतान की राशि और पैन की जानकारी भी धर्मार्थ संस्था को अब देनी होगी। नांगिया एंडरसन एलएलपी के साझेदार विश्वास पंजियार ने आयकर नियमों में किए गए इस संशोधन पर कहा कि सरकार ने हाल ही में कर छूट का दावा करने या आयकर अधिनियम के तहत 80जी प्रमाणपत्र पाने के लिए धर्मार्थ संस्थानों के लिए लागू पंजीकरण जरूरत को भी नया रूप दिया था। पंजियार ने कहा, "सरकार ने अब आयकर नियमों (नियम 2सी, 11एए और 17ए) में बदलाव किए हैं। संशोधित नियम एक अक्टूबर 2023 से ही लागू होंगे। इसके अलावा संबंधित फॉर्म के अंत में दिए गए अंडरटेकिंग में भी थोड़े बदलाव किए गए हैं। आयकर कानून के तहत धर्मार्थ संस्थानों, धार्मिक ट्रस्टों और चिकित्सा एवं शैक्षणिक संस्थानों की आय को कर से छूट मिली हुई है। हालांकि इस छूट के लिए इन संस्थानों को आयकर विभाग के पास पंजीकरण कराना होता है।

### एआईएमआईएम की रैली में औरंगजेब के समर्थन में नारे, पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा संबोधित एक रैली के दौरान मुगल सम्राट औरंगजेब के महिमामंडन वाले नारे लगाने के आरोप में पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो और ऑडियो क्लिप का संज्ञान लिया और रैली में मौजूद पुलिसकर्मियों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख ओवैसी ने शनिवार शाम को मलकापुर शहर में रैली को संबोधित किया था। अधिकारी ने एफआईआर के हवाले से बताया कि उनके भाषण के दौरान कुछ अज्ञात लोगों ने औरंगजेब का महिमामंडन करते हुए नारे लगाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रचारित ऑडियो और वीडियो क्लिप से इलाके में सांप्रदायिक तनाव पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक तनाव की पिछली घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, बुलढाणा पुलिस ने नारों पर गंभीरता से संज्ञान लिया और भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख ने रविवार को दावा किया कि औरंगजेब समर्थक नारों की खबरें झूठी हैं।

### भ्रामक विज्ञापनों के लिए राव आईएएस स्टडी सर्कल, सीकर्स एजुकेशन पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता संरक्षण नियामक सीसीपीए ने भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए राव आईएएस स्टडी सर्कल और सीकर्स एजुकेशन पर जुर्माना लगाया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने कहा कि उसकी कार्रवाई के बाद कोविड-19 के कारण रद्द की गई बुकिंग के लिए यात्रा, ईजमायट्रिप और हैप्पीईजीगो के लंबित रिफंड में कमी आ रही है। बयान में कहा गया कि सीसीपीए ने गुणवत्ता चिह्न के बिना ई-कॉमर्स मंच पर क्यूबा ब्रांड के तहत प्रेशर कुकर बेचने के लिए टेकशिव सिस्टम्स के खिलाफ आदेश दिया है और उस पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। प्राधिकरण ने कहा कि भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए राव आईएएस स्टडी सर्कल को एक लाख रुपए का जुर्माना देने का निर्देश दिया गया है।

## नशीले पदार्थों के प्रति किया जागरूक

**बाराबंकी।** क्यू-क्लब एवं जनस्वास्थ्य विभाग, श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय, लखनऊ आई.सी.सी.एम.आर.टी., लखनऊ एवं सिफ्सा, लखनऊ द्वारा मानव स्वास्थ्य एवं नशावृत्तिः मुद्दे एवं चुनौतियां विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की भूमिका बताते हुए डॉ. रामकोमल प्रसाद, ऐसोसिएट प्रोफेसर, आई.सी.सी.एम.आर.टी., लखनऊ ने प्रतिभागियों को बताया कि इस सेमिनार को मुख्य उद्दश्य शिक्षाविदों, शोधछात्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं में नशीले पदार्थों के अवैध इस्तेमाल के रोकथाम हेतु जागरूकता उत्पन्न करना है। सेमिनार के मुख्यअतिथि एवं वक्ता वेस्टर्न विश्वविद्यालय, लन्दन के मनोरोग विभाग के एमेरिटस प्रोफेसर डॉ. अमरेश श्रीवास्तव ने बताया कि यदि हम समाज को नशीली दवाओं की लत एवं अवैध तस्करी से बचाना चाहते हैं तो हमें साझा प्रयास करने होंगे। श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के विधि विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. महेन्द्र कुमार ने नशीली दवाओं के प्रयोग एवं अवैध तस्करी से सम्बन्धित कानूनी जानकारी प्रदान की। इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज, यूनिवर्सिटी ऑफ ससेक्स, ब्राइटन, ब्रिटिश के विजिटिंग फेलो प्रोफेसर सीएस वर्मा ने समापन भाषण देते हुए कहा कि नशीले पदार्थों के सेवन से बचकर हम खुद को चिंता, अवसाद जैसी अनेकों मानसिक बीमारियों के हानिकारक प्रभावों से बच सकते हैं। श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय की मनोविज्ञान की सहायक प्रोफेसर डॉ. मंजरी कुरील ने कहा कि समाज में यदि नशे की रोकथाम करना है तो पहले हमें किसी भी आधार पर होने वाले कलंक, भेदभाव एवं गैरबराबरी को रोकना होगा। डॉ. अनिल कुमार, डॉ. राम प्रताप यादव, डॉ. रोहित पी शाबरन, डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. देविना शर्मा एवं मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान की डीन प्रो. विजया सेठी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## मादक पदार्थों को भारत से जड़ से खत्म करेगी सरकार : अमित शाह

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार भारत से मादक पदार्थों की समस्या को जड़ से समाप्त करेगी और देश के जरिए नशीले पदार्थों की तस्करी नहीं होने दी जाएगी। नशीली दवाओं के दुरुपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस पर अपने वीडियो संदेश में शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने नार्कोटिक्स (मादक पदार्थों) के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाई है और उसके सफल परिणाम दिखने लगे हैं। उन्होंने कहा, हमारा संकल्प है कि हम भारत में मादक पदार्थों का किसी तरह का व्यापार नहीं होने देंगे और ना ही भारत के माध्यम से विश्व में कहीं नशीले पदार्थों को जाने देंगे।



शाह ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि सामूहिक प्रयास से हम सब नशे की समस्या को जड़ से मिटाने में सफल होंगे और मादक पदार्थ मुक्त भारत का हमारा लक्ष्य हासिल करेंगे। जब तक मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में जीत नहीं मिलती, हम आराम से नहीं बैठेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों के विरुद्ध इस व्यापक और समन्वित लड़ाई का ही असर है कि जहां 2006-13 में 768 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ जब्त हुए थे, वहीं 2014 से 2022 के बीच यह जब्ती लगभग 30 गुना बढ़कर 22 हज़ार करोड़ रुपए की हो गई। उन्होंने कहा कि इसी तरह नशे का व्यापार करने वाले लोगों के विरुद्ध 2006 से 2013 की अवधि की तुलना में 2014 से 2022 के बीच 181 प्रतिशत अधिक मामले दर्ज किए गए।

शाह ने कहा कि जब्त किए मादक द्रव्यों के दुबारा उपयोग को रोकने के लिए जून 2022 में उन्हें नष्ट करने का अभियान चलाया गया। अस अभियान के तहत अब तक देशभर में लगभग 6 लाख किलोग्राम जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया जा चुका है। उन्होंने कहा, यह मादक पदार्थ मुक्त भारत के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को झलकाता है। शाह ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ यह सफलता मुख्य रूप से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण सरकार के प्रयासों के तहत मिली है जिसके तहत अलग-अलग विभागों के समन्वय से नीतियां और प्रभावी बनाई जाती हैं।

# विश्वकप सेमीफाइनल की मेजबानी कर सकते हैं वानखेड़े स्टेडियम, ईडन गार्डन्स

**भाषा।** नई दिल्ली



**मुंबई** का वानखेड़े स्टेडियम और कोलकाता का ईडन गार्डन्स 2023 क्रिकेट विश्व कप के दो सेमीफाइनल की मेजबानी की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं।

इन दोनों एतिहासिक स्थलों को अगर सेमीफाइनल की मेजबानी मिलती तो एक अन्य समृद्ध विरासत वाला मैदान चेन्नई का एमए चिदंबरम स्टेडियम एकदिवसीय क्रिकेट के सबसे बड़े मुकाबलों में से एक की मेजबानी की दौड़ में पिछड़ सकता है।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने सोमवार को पीटीआई को बताया, विश्व कप सेमीफाइनल की मेजबानी के लिए दो संभावित स्थल मुंबई का वानखेड़े और कोलकाता का ईडन गार्डन्स हैं। इससे पहले चेन्नई भी दौड़ में था लेकिन ऐसा लगता है कि ईडन आगे निकल गया है। उन्होंने कहा, इसका एक कारण नवंबर में चेन्नई का मौसम भी हो सकता है जहां हमेशा बारिश की संभावना बनी रहती है।

मंगलवार को आधिकारिक घोषणा से पहले सोमवार को चर्चा और स्थलों को अंतिम रूप देने के लिए 12 मेजबान संघों को मुंबई बुलाया गया था।

अगर भारत सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो वह अपना सेमीफाइनल मुकाबला मुंबई में खेलेगा। वानखेड़े स्टेडियम ने 2011 विश्व कप के फाइनल की मेजबानी की थी जिसमें महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली भारतीय टीम ने श्रीलंका को हराकर एकदिवसीय विश्व कप खिताब के 28 साल के सूखे को खत्म किया था। ईडन गार्डन्स ने 1987 के टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खिताबी मुकाबले की मेजबानी की थी जिसे ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। इस साल के विश्व कप में 10 टीम हिस्सा लेंगी। मेजबान होने के नाते भारत को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश मिला है जबकि अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इग्लैंड, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ने 2020-23 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग के जरिए टूर्नामेंट में जगह बनाई है। दो अन्य टीम विश्व कप क्वालीफायर के जरिए टूर्नामेंट में जगह बनाएंगी जो अभी जिंबाब्वे में खेला जा रहा है।

पूर्व चैंपियन श्रीलंका और वेस्टइंडीज के अलावा क्वालीफायर में आयरलैंड, नेपाल, नीदरलैंड, ओमान, स्कॉटलैंड, यूएई, अमेरिका और मेजबान जिंबाब्वे की टीम हिस्सा ले रही हैं। विश्व कप के दौरान 10 टीम राउंड रोबिन लीग में एक दूसरे से भिड़ेंगी जिसमें 45 मुकाबले होंगे। इसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल खेला जाएगा।

# कुवैत के खिलाफ सैफ चैम्पियनशिप में भारत को मिलेगी कड़ी टक्कर

**भाषा।** बेंगलुरु



**सेमीफाइनल** में जगह पक्की कर चुकी भारतीय टीम मंगलवार को सैफ चैंपियनशिप फुटबॉल में जब कुवैत के खिलाफ मैच के लिए मैदान में उतरेगी तो उसे ग्रुप चरण में सबसे कड़ी परीक्षा देनी होगी। भारत की तरह कुवैत भी दो मैचों में दो जीत से छह अंकों के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गया है और मंगलवार को यहां के श्री कांतीर्वा स्टेडियम में होने वाले मैच से ग्रुप ए की तालिका में शीर्ष स्थान पर रहने वाले का फैसला होगा।

दिन के दूसरे मैच में पाकिस्तान और नेपाल का आमना-सामना होगा। यह दोनों टीमें अपने शुरुआती दोनों मैचों में हार के बाद पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। भारत ने पाकिस्तान को 4-0 से हरा कर अपना अभियान शुरू किया था। टीम ने इसके बाद नेपाल पर 2-0 की जीत दर्ज की।

पिछले आठ मैचों में भारतीय टीम के खिलाफ कोई गोल नहीं हुआ है और इससे टीम की मजबूत रक्षापंक्ति के बारे में पता चलता है। कुवैत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ भारत को अपने खेल का स्तर उंचा करना होगा। टीम को मिडफील्ड और अग्रिम पंक्ति के बीच बेहतर तालमेल बिठाना होगा। भारत को नेपाल की रक्षण को भेदने के लिए एक घंटे से अधिक समय तक संघर्ष करना पड़ा था और कुवैत की अधिक संगठित और अनुभवी रक्षापंक्ति उसके लिए अधिक चुनौती पेश करेगी। भारतीय टीम गोल करने के लिए अब भी काफी हद कर अपने करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री पर निर्भर है। छेत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ हैट्रिक लगाने के बाद नेपाल के खिलाफ मैच का पहला गोल दागा था। भारतीय खिलाड़ी सहल अब्दुल समद ने भी इस बात को माना था कि छेत्री के बोझ को कम करने के लिए टीम के अन्य खिलाड़ियों को आगे आना होगा। सहल ने कहा, खेल के हर पहलू में सुधार की गुंजाइश है। यह गेंद को अपने नियंत्रण में रखने के बारे मे है, जितना हो सके गेंद को अपने पास रखें और गोल करें। हमारे पास एक शानदार खिलाड़ी (छेत्री) है जो हमारे लिए गोल करता है। कोच ने हमें इस स्थिति को बदलने के लिए कहा है। सिर्फ छेत्री भाई पर निर्भर रहने के बजाय हमें गोल करने का तरीका ढूंढना होगा। दोनों देशों के मुकाबले में कुवैत का पलड़ा भारत पर भारी है। टीम दो मैचों में जीत दर्ज की है जबकि भारत एक मुकाबले को ही जीत सका है। कुवैत ने इस टूर्नामेंट में नेपाल पर 3-। और पाकिस्तान पर 4-0 की प्रभावशाली जीत दर्ज की है।

यहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में समय लगने के बावजूद वे भारत के खिलाफ भी इस लय को बनाए रखना चाहेंगे। जिससे सेमीफाइनल से पहले टीम की मानसिक स्थिति मजबूत रहे।

कुवैत के कोच रुई बेंटो ने कहा, हम कभी-कभी अच्छा खेलते हैं, लेकिन हमारी गेंद पर पकड़ बेहतर हो सकती है। हमने यहां आने से पहले अफ्रीका की टीमों के साथ कठिन मैच खेले थे। उन्होंने कहा, इस मौसम में खेलना बहुत मुश्किल है, क्योंकि उमस बहुत अधिक है। लेकिन मुझे अपने खिलाड़ियों को पिछले दो मैचों के लिए बधाई देनी होगी। दोनों टीमों के बीच 2010 के बाद यह पहला मुकाबला होगा।

मंगलवार के मैच: पाकिस्तान बनाम नेपाल: शाम 03:30 बजे

भारत बनाम कुवैत: शाम 07:30 बजे।

## सकारात्मक मानसिकता के साथ ही कुवैत का सामना करेंगे : छांगटे

**भाषा।** बेंगलुरू

**भारत** के करिश्माई विंगर लालियानजुआला छांगटे ने सोमवार को कहा कि सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश करने के बावजूद भारतीय टीम कुवैत के खिलाफ आखिरी लीग मैच में सकारात्मक मानसिकता के साथ उतरेगी। भारत और कुवैत के छह छह अंक है और दोनों सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। दोनों के बीच मंगलवार को होने वाले मैच से ग्रुप ए की शीर्ष टीम का पता चलेगा।

छांगटे ने कहा , कुवैत अच्छी टीम है लेकिन हम भी सकारात्मक मानसिकता के साथ जीत के लिए ही खेलेंगे। कोच ने कहा भी है कि निचली या उंची रैंकिंग वाली टीम मायने नहीं रखती। हमारी सोच हर मैच में समान होगी। भारत ने टूर्नामेंट में पाकिस्तान को 4. 0 और नेपाल को 2 . 0 से हराया है। छांगटे ने कहा , मैदान के भीतर और बाहर हमारा तालमेल अच्छा है। हम कई पहलुओं पर मेहनत कर रहे हैं और अभ्यास के दौरान जो सिखाया जाता है, उस पर अमल कर पा रहे हैं।

# शतरंज ने मुझे क्रिकेट में धैर्य रखना सिखाया: चहल

**भाषा।** दुबई



**भारतीय** लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने कहा कि प्रतिस्पर्धी स्तर पर शतरंज खेलने के कारण उन्हें अपने क्रिकेट करियर में चुनौतियों से निपटने के दौरान धैर्य बनाए रखने में मदद मिली है। विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके चहल यहां ग्लोबल शतरंज लीग में एसजी अल्पाइन वॉरियर्स के दूत के रूप में पहुंचे।

चहल ने सोमवार को जारी विज्ञप्ति में कहा, मुझे अपनी पहली जर्सी शतरंज में मिली थी और इस खेल ने पिछले कुछ वर्षों में मुझे धैर्य रखने के बारे में सिखाया है। इससे मुझे अपने क्रिकेट में मदद मिलती है क्योंकि कई बार ऐसा होता है जब आप अच्छी गेंदबाजी करने के बाद भी विकेट नहीं ले पाते हैं और ऐसे समय में आपको धैर्य की जरूरत होती है। उन्होंने जीसीएल के इतर कहा कि खेल में क्रिकेट से कई समानताएं हैं। उन्होंने कहा इन दोनों खेल में आपको अपनी योजना बनाने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा, शतरंज और क्रिकेट एक जैसे हैं, लेकिन क्रिकेट में आप अपनी आक्रामकता दिखा सकते हैं, लेकिन शतरंज में आप ऐसा नहीं कर सकते। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि आप शतरंज में कितने शांत हैं।

उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया, अगर मैं गेंदबाजी कर रहा हूं, तो मैं बल्लेबाज से कुछ कह सकता हूं, लेकिन शतरंज में, आपको शांत और धैर्य बनाए रखना चाहिए। यह चीज आपके लिए जीवन में भी मददगार होती है।

इस 32 साल के खिलाड़ी ने कहा कि भारतीय क्रिकेट दल के कुछ सदस्य यात्रा के दौरान शतरंज खेलना पसंद करते है।

उन्होंने हंसते हुए कहा, भारतीय क्रिकेट टीम में, कोई भी ऐसा नहीं है जो मुझे हरा सके। कभी-कभी मैं रविचंद्रन अश्विन या फिर हमारे ट्रेनर शंकर बासु के साथ खेलता हूं। हम आम तौर पर यात्रा के दौरान इस खेल का लुत्फ उठाते है।

# विश्वकप से पहले फिट होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं विलियमसन

**भाषा।** वेलिंगटन



**आईपीएल** के दौरान चोटिल हुए केन विलियमसन को उम्मीद है कि भारत में इस साल के आखिर में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले वह फिट हो जाएंगे।

न्यूजीलैंड के सीमित ओवरों के कप्तान विलियमसन को 31 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस के पहले मैच में पैर में चोट (एसीएल) लगी थी।

उन्होंने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, मैं सप्ताह दर सप्ताह अपनी स्थिति पर नजर रखे हुए हूं। मुझे इस तरह की चोट पहले कभी नहीं लगी लेकिन जिन लोगों को लगी है, उनसे बात करके पता चला है कि सफर लंबा होगा। मैं बहुत आगे की नहीं सोच रहा।

उन्होंने कहा , मैं सप्ताह दर सप्ताह समीक्षा कर रहा हूं। यह सफर उतना आसान नहीं है और कई चुनौतियां सामने आएंगी। जिम में मेहनत कर रहा हूं और वापसी के लिए लालायित हूं।

## घरेलू सत्र से पहले राजस्थान छोड़कर गुजरात के लिए खेलेंगे बिश्नोई

**नई दिल्ली।** भारत के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई आगामी घरेलू सत्र मे राजस्थान की बजाय गुजरात के लिए खेलेंगे। बिश्नोई ने इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा की। उन्होंने गुजरात क्रिकेट संघ की अभ्यास किट पहने खुद की तस्वीर भी पोस्ट की है और लिखा है , नई शुरूआत। बिश्नोई ने पिछले साल टी20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला वनडे खेला था। वह 2022 एशिया कप मे भारतीय टीम का हिस्सा थे लेकिन टी20 विश्व कप के लिए नही चुने गए। जोधपुर में जन्मे 22 वर्ष के बिश्नोई ने 10 टी20 और एक वनडे खेला है। इसके अलावा आईपीएल मे लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए 16 विकेट ले चुके है। उन्होने पिछले सत्र मे राजस्थान के लिए एक प्रथम श्रेणी मैच खेला था।

## अर्शदीप और नवदीप काउंटी चैम्पियनशिप में चमके

**लंदन।** भारतीय तेज गेदबाज अर्शदीप सिंह और नवदीप सैनी ने ब्रिटेन मे काउंटी चैम्पियनशिप मे क्रमशः केंट और वोर्सेस्टरशर के लिए शानदार प्रदर्शन किया। बाएं हाथ के तेज गेदबाज अर्शदीप ने नार्थम्पटनशर के खिलाफ काउंटी चैम्पियनशिप डिविजन एक मे दो विकेट लिए। वही सैनी ने काउंटी चैम्पियनशिप डिविजन दो मे डर्बीशर के खिलाफ पहली गेद पर ही विकेट चटकाया। अर्शदीप ने सेंरे के खिलाफ अपने पहले मैच मे चार विकेट लिए थे। आस्ट्रेलिया के तेज गेदबाज वेस एगर ने केंट के लिए 63 रन देकर पांच विकेट लिए। केंट ने नार्थम्पटनशर को 237 रन पर रोक दिया। जवाब मे केंट ने एक विकेट पर 222 रन बना लिए थे। तवांडा मुएए 123 रन बनाकर और डेनियल बेल ड्रमंड 96 के स्कोर पर क्रीज पर है। वही वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम मे चुने गए सैनी ने चार मैचो के लिए वोर्सेस्टरशर के साथ करार किया था लेकिन वह तीन मैच नही खेल सकेंगे।

## सैमसोनोवा, इरानी बैड होमबर्ग ओपन में आगे बढ़े

**बैड होमबर्ग (जर्मनी)।** दूसरी वरीयता प्राप्त ल्युडमिला सैमसोनोवा ने विक्टोरिया टोमोवा पर 6-1, 6-4 से जीत के साथ बैड होमबर्ग ओपन टेनिस के दूसरे दौर मे प्रवेश किया। सारा इरानी ने बेल्जियम की क्वालीफायर मैरीना जैनेवस्का को 6-2, 6-3 से शिकस्त देकर विबलडन के 2016 सत्र के बाद टूर-स्तर पर घसियाले कोर्ट पर पहली जीत दर्ज की। नौवी वरीयता प्राप्त अन्ना ब्लिंकोवा ने स्थानीय खिलाड़ी सबाइन लिसिकी को 3-6, 6-1, 7-5 से हराया तो वही रूस की एवगेनिया रोडिना ने अमेरिका की केटी वोलिनेट्स को 6-0, 6-4 से मात दी।

# भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच ने इस्तीफा दिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भास्कर** भट ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के हाई परफोर्मेंस निदेशक की अपनी नई भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एशियाई खेलों से कुछ महीने पहले महिला मुक्केबाजी के मुख्य कोच का पद छोड़ दिया है। सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों से दो महीने से कुछ अधिक समय पहले भास्कर ने इस्तीफा दिया है। एशियाई खेल महाद्वीप के मुक्केबाजों के लिए पहली ओलंपिक क्वालीफायर प्रतियोगिता है।

इस महीने की शुरुआत में भास्कर को साइ में हाई परफोर्मेंस निदेशक नियुक्त किया गया था। अपनी नई भूमिका के तहत वह साइ के सभी राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) में पुरुष और महिला मुक्केबाजी को देखेंगे।

एलोर्डा कप के लिए दूसरे दर्जे की भारतीय टीम के साथ कजाखस्तान में मौजूद भास्कर ने पीटीआई से कहा, जब कुछ दिन पहले मुझे मुक्केबाजी का साइ का हाई परफोर्मेंस निदेशक नियुक्त किया गया तो इसके साथ काफी जिम्मेदारियां आईं। मैं अपनी नई भूमिका से न्याय करन चाहता हूं।

उन्होंने कहा, राष्ट्रीय शिविर (एनआईएस पटियाला में) में हाई परफोर्मेंस निदेशक (बर्नार्ड डुने) और विदेशी कोच (दमित्री दमित्रुक) मौजूद थे जो लड़कियों का आकलन और मार्गदर्शन कर रहे थे इसलिए मैंने आग्रह किया कि मुझे अपनी नई भूमिका पर पूर्णकालिक तौर पर ध्यान केंद्रित करने की स्वीकृति दी जाए।

पिछले साल अक्टूबर में आयरलैंड के डुने के आने के बाद से भारतीय मुक्केबाजी में काफी बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

फरवरी में द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता सीए कुटप्पा की भारतीय पुरुष मुक्केबाजी टीम के मुख्य कोच के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए वापसी हुई। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने डुने की सलाह पर यह फैसला किया।

कुटप्पा ने नरेंद्र राणा की जगह ली जिन्हें अक्टूबर 2021 में मुख्य कोच नियुक्त किया गया था।

इसके बाद दमित्री दमित्रुक को पुरुष और महिला टीम के विदेशी कोच के रूप में लाया गया। और अब भास्कर ने महिला टीम के मुख्य कोच के रूप में अपना पद छोड़ दिया है। उन्हें नवंबर 2021 में महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। इससे पहले वह 2017 से युवा टीम के साथ थे और 2005 से 2012 तक सीनियर महिला टीम के शिविर में सहायक कोच रहे। भास्कर के मार्गदर्शन में भारतीय मुक्केबाजों ने इस्तांबुल में 2022 विश्व चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक सहित तीन पदक जीते। यहां मार्च में जब चार मुक्केबाज विश्व चैंपियन बने तो वह डुने और दमित्रुक के साथ काम कर रहे थे। अन्य बदलावों के तहत डुने ने ट्रायल को हटाकर चयन प्रक्रिया में भी बदलाव किया है।

# पीसीबी अध्यक्ष चुनाव में हो सकता है विलंब

**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया में देरी हो सकती है क्योंकि पूर्व प्रबंधन समिति के दो सदस्यों ने लाहौर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। लाहौर उच्च न्यायालय सोमवार को पीसीबी प्रबंधन समिति के पूर्व सदस्यों शकील शेख और गुल जादा द्वारा जका अशरफ को अध्यक्ष के तौर पर नियुक्त करने वाली चुनाव प्रक्रिया और नए प्रमुख का चुनाव करने वाले बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) की वैधता के खिलाफ दायर दो याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ताओं ने न्यायाधीश से अध्यक्ष के चुनाव पर रोक लगाने और बीओजी को तब तक निलंबित करने का अनुरोध किया है जब तक कि उनकी याचिकाओं पर फैसला नहीं आ जाता है। बोर्ड के एक सूत्र ने कहा, यह एक मुश्किल स्थिति है क्योंकि चुनाव आयुक्त और बोर्ड के निवर्तमान अध्यक्ष ने बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में किए गए बदलावों के बाद नए अध्यक्ष के लिए चुनाव कराने की तारीख 27 जून निर्धारित की है।

# ठाकुर ने बीएसएफ मुख्यालय पर एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान का उद्घाटन किया

**जालंधर।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को यहां बीएसएफ मुख्यालय पर हॉकी के लिए आधुनिक एस्ट्रो टर्फ का उद्घाटन किया। इस मौके पर ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत में खेलों को बढावा देने के सरकार के प्रयासों का भी उल्लेख किया। ठाकुर के हवाले से एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया , खेल सर्वांगीण विकास का जरिया है और भारत सरकार हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को जरूरी बुनियादी ढांचा और मौके देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। यह उसी सिलसिले का हिस्सा है। ठाकुर ने कहा कि नवनिर्मित स्टेडियम ने अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरे उतरने के लिए हॉकी इंडिया से सारी मंजूरी ले ली है। विज्ञप्ति के अनुसार इस टर्फ पर करीब छह करोड़ रूपए का खर्च आया है। इससे खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय अभ्यास सुविधाएं ही नहीं मिलेंगी बल्कि भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के आयोजन का भी मार्ग प्रशस्त होगा।

## ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराकर महिला एशेज टेस्ट जीता

**नॉटिंघम।** ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को यहां पांचवें और अंतिम दिन इंग्लैंड को 89 रन से हराकर एकमात्र महिला एशेज क्रिकेट टेस्ट जीता और कई प्रारूप की श्रृंखला में बढ़त बनाई।

इंग्लैंड ने 268 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 116 रन से की। टीम डेनी वाट की 54 रन की पारी के बावजूद 178 रन पर सिमट गई। ऑफ स्पिनर एश्ले गार्डनर ने पारी में 66 रन देकर आठ विकेट चटकाए। उन्होंने मैच में 12 विकेट हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया को इस जीत से चार अंक मिले। अब एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला होगी।

इंग्लैंड को अगर 2015 से पहली बार ट्रॉफी अपने पास रखी है तो एकदिवसीय और टी20 विश्व चैंपियन के खिलाफ सीमित ओवरों के छह में से पांच मुकाबले जीतने होंगे।

आस्ट्रेलिया ने एनाबेल सदरलैंड के नाबाद 137 रन की बदौलत पहली पारी में 473 रन बनाए थे।

टैमी ब्युमोंट (208) इसके बाद इंग्लैंड की ओर से दोहरा शतक जड़ने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनी जिससे टीम ने 463 रन का स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 257 रन बनाकर इंग्लैंड को 268 रन का लक्ष्य दिया।

# सरफराज ने कभी किसी के प्रति अपमानजनक व्यवहार नहीं किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरफराज** खान को भारतीय टीम से बाहर किए जाने को फिटनेस और अनुशासनात्मक मुद्दों से जोड़ा गया लेकिन मुंबई क्रिकेट के सूत्रों ने कहा कि इस तरह के दावों में कोई सच्चाई नहीं है।

बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के एक तबके में यह माना जाता है कि सरफराज को अपनी फिटनेस में सुधार करने के साथ और मैदान के अंदर और बाहर थोड़ा अधिक अनुशासित होने की जरूरत है। मुंबई क्रिकेट से जुड़े लोगों ने हालांकि मध्य क्रम के इस बल्लेबाज का बचाव किया। सरफराज ने बीते सत्र में दिल्ली के खिलाफ शतक बनाने के बाद ड्रेसिंग रूम की ओर अंगुली दिखाते हुए आक्रामक तरीके से जश्न मनाया था। उनकी इस हरकत को अच्छा नहीं माना गया था। सरफराज के इस तरीके को उस समय स्टेडियम में मौजूद रहे चयनकर्ताओं में से एक पर कटाक्ष माना गया। इस क्रिकेटर से जुड़े एक करीबी सूत्र ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से कहा, दिल्ली में रणजी मैच के दौरान सरफराज का जश्न उनके साथियों और कोच अमोल मजूमदार के लिए था। मजूमदार ने भी सरफराज की शतकीय पारी और जश्न की सराहना अपनी टोपी उतार कर की थी। उस समय स्टेडियम में चयनकर्ता चेतन शर्मा नहीं बल्कि सलिल अंकोला थे। सरफराज ने टीम को दबाव की स्थिति से बाहर निकाला और यह जश्न उसी के लिए था। सूत्र ने कहा, क्या खुल कर खुशी मनाना भी गलत है और वह भी तब जब आप अपने ड्रेसिंग रूम की ओर इशारा कर रहे हों। सरफराज के बारे में यह भी कहा जाता है कि पिछले साल मध्य प्रदेश के तत्कालीन कोच चंद्रकांत पंडित उनके रवैए से खुश नहीं थे। लेकिन सूत्र ने कहा कि पंडित ने हमेशा उनके प्रति स्नेह जताया है।

सूत्र ने कहा, चंदू सर उसे बेटे की तरह मानते हैं। वह सरफराज को तब से जानते हैं जब वह 14 साल का था। वह हमेशा सरफराज की तारीफ ही करते है। वह सरफराज पर कभी गुस्सा नहीं होंगे।

सरफराज के करीबी लोग हालांकि यह जानना चाहते है कि रनों का अंबार लगाने के बाद भी उन्हें भारतीय टीम में नजरअंदाज क्यों किया गया।

भारतीय टीम में फिटनेस मानदंड 16.5 (यो यो टेस्ट) है और उन्होंने इसे हासिल कर लिया है। जहां तक क्रिकेट फिटनेस की बात है, उन्होंने कई बार दो दिन बल्लेबाजी की है और फिर दो दिन क्षेत्ररक्षण किया है।

# हिमांशु, सिफ्ट, ईशा निशानेबाजी ट्रायल में चमके

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** सेना के हिमांशु तालान ने सोमवार को यहां पुरुष 10 मीटर राइफल राष्ट्रीय चयन ट्रायल टी6 (छठा ट्रायल) जीता।

डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में सिफ्ट कौर सामरा ने बाजी मारी जबकि ईशा सिंह महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष पर रहीं।

ग्रुप ए के राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए डॉ. कर्णी सिंह रेंज में पांचवें और छठे चरण के ट्रायल चल रहे हैं। ए ट्रायल काफी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं क्योंकि इनके बाद विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों की टीम का चयन होगा। हिमांशु ने गत एयर राइफल विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल को पछाड़ा। पाटिल ने दो दिन में दो फाइनल में जगह बनाई लेकिन क्रमशः चौथे और दूसरे स्थान पर रहे। हिमांशु ने 24 शॉट के फाइनल में 252.9 अंक जुटाए जो पाटिल से 0.9 अंक अधिक रहे। सेना के इस निशानेबाज ने 24 शॉट के फाइनल में एक बार भी नौ अंक पर निशाना नहीं लगाया। उन्होंने चार बार 10.8 अंक और पांच बार 10.7 अंक जुटाए। टी5 में दूसरे स्थान पर रहे हृदय हजारिका ने तीसरा स्थान हासिल किया।

महिला थ्री पोजीशन में पंजाब की सिफ्ट टी5 के प्रदर्शन को दोहराती हुई टी6 क्वालीफिकेशन में 592 अंक के साथ शीर्ष पर रही।

सिफ्ट ने इसके बाद 45 शॉट के फाइनल में दूसरे स्थान पर रही राजस्थान की माणिनी कौशिक को चार अंक के बड़े अंतर से पछाड़ा। अंजुम मोदगिल तीसरे स्थान पर रहीं। महिला 25 मीटर टी5 में तेलगंना की ईशा और महाराष्ट्र की अभिदन्या अशोक पाटिल ने पांच रेपिड फायर शॉट की 10 सीरीज के बाद 34 का समान स्कोर बनाया। शूट ऑफ में ईशा ने 3-। से बाजी मारी। इस स्पर्धा में मनु भाकर पांचवें और चिंकी यादव चौथे स्थान रहीं। हरियाणा की विभूति भाटिया ने तीसरा स्थान हासिल किया।

जूनियर स्पर्धाओं में पंजाक की सिमरनप्रीत कौर बरार ने महिला 25 मीटर पिस्टल, एनसीसी की साक्षी सुनील पादेकर ने महिला थ्री पोजीशन और पश्चिम बंगाल की श्रृंजाय दत्ता ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफल का खिताब जीता।

## यूरोपीय, ऑस्ट्रेलियाई क्लब पांच दिवसीय ट्रायल में भारतीय महिला फुटबॉलरों को परखेंगे

**कोलकाता।** तीन ऑस्ट्रेलियाई और दो यूरोपीय क्लब के मुख्य कोच शुक्रवार से न्यू टाउन में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में पांच दिवसीय ट्रायल के दौरान प्रतिभावान महिला फुटबॉलरों की तलाश करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया के वेस्टर्न यूनाईटेड एफसी मेलबर्न, एडीलेड यूनाईटेड एफसी, पर्थ एससी, पुर्तगाल के जेडएनके डाइनेमो जागरेब और स्पेन के मार्बेला एफसी के मुख्य कोच वुमेन इन स्पोर्ट्स एलीट फुटबॉल ट्रायल्स का आयोजन करेंगे।

# मैक्सिको ने कोनका कैफ कप के शुरुआती मुकाबले में होंडुरास को 4-0 से हराया

**एपी।** ह्यूस्टन

**लुइस** रोमो के दो गोल की मदद से मैक्सिको ने कोनकाकैफ (उत्तर, मध्य अमेरिका और कैरेबियन संघ का फुटबॉल परिसंघ) गोल्ड कप फुटबॉल के शुरुआती मुकाबले में होंडुरास को 4-0 से शिकस्त दी।

अंतरिम कोच जैमे लोजानो की देखरेख में यह टीम की पहली जीत है। रोमो ने मैच के 50वें सेकंड में गोल कर टीम का खाता खोला। यह गोल्ड कप में टीम का सबसे तेज गोल है। उन्होंने 23वें मिनट में अंतरराष्ट्रीय करियर के अपने तीसरे गोल से मैक्सिको की बढ़त को दोगुना कर दिया। ग्रुप बी के इस मैच में ऑर्बेलिन पिनेडा (52वें मिनट) और लुइस शावेज (64वें मिनट) ने टीम के लिए दो अन्य गोल किए।

ग्रुप के अन्य मैच में हैती ने आमंत्रित टीम कुवैत को 2-1 से हराया। फ्लोरिडा में खेले गए ग्रुप ए के मैच में त्रिनिदाद एवं टोबैगो ने सेंट किट्स एवं नेविस को 3-0 से हराया।